वर्ष- 13 अंक - 102
लखनऊ, शुक्रवार 12 दिसंबर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





यूपी में महिला सशक्तिकरण व स्वालम्बन की दिशा में उठाए जा रहे हैं क्रान्तिकारी कदम 03

कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों की मौखिक परीक्षाएं अब 17 दिसंबर को 10


# एसआईआर की समय सीमा बढ़कर हुई 26

## उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने आयोग को पत्र भेज कर की थी और समय सीमा बढ़ाने की मांग

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** केंद्रीय चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश में विशेष गहन नरीक्षण (एसआईआर) के लिए समय सीमा 26 दिसंबर तक बढ़ा दी है। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने आयोग को पत्र भेज कर और समय सीमा बढ़ाने की मांग थी ताकि मृतक, स्थानांतरित और अनुपस्थित मतदाताओं का पुनःसत्यापन कराया जा सके। एसआईआर की पहले यह समय सीमा आज 11 दिसंबर को खत्म हो रही थी। चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश के अलावा गुजरात, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु राज्य और केंद्र शासित अंडमान में भी एसआईआर की समय सीमा बढ़ा दी है।

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में अब तक 99.24 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन का काम हो चुका है। डिजिटाइज गणना प्रपत्रों में 18.85 प्रतिशत गणना प्रपत्र असंग्रहीत यानी मृतक, स्थाई रूप से स्थानांतरित, अनुपस्थित और दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं की श्रेणी में चिह्नित किए जा चुके हैं। अभी तक 80.29 प्रतिशत गणना प्रपत्र मतदाता व उसके परिवार के अन्य सदस्य के हस्ताक्षर से वापस मिल चुके हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आगे बताया वर्तमान में स्थिति यह है कि उत्तर प्रदेश में 18.85 प्रतिशत लगभग 2.91 करोड़ मतदाताओं के गणना प्रपत्र असंग्रहीत श्रेणी के हैं, जिसमें सर्वाधिक 8.22 प्रतिशत यानी लगभग 1.27 करोड़ स्थायी रुप से अपने निवास स्थान से स्थानांतरित मतदाता हैं। इसके अलावा 2.98 प्रतिशत यानी लगभग 45.95 लाख मृतक मतदाता, 1.5 प्रतिशत यानी लगभग 23.69 लाख ऐसे मतदाता हैं, जो पहले से ही किसी अन्य जगह भी मतदाता हैं। इसी प्रकार 0.62 प्रतिशत या 9.58 लाख ऐसे मतदाता हैं, जिन्होंने गणना प्रपत्र लेकर अभी तक वापस जमा नहीं किया। वहीं, 5.49 प्रतिशत यानी 84.73 लाख मतदाता अनुपस्थित हैं।



### सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि ऐसे मतदाता जिनका नाम वर्ष-2025 की मतदाता सूची में न होने से उनको गणना प्रपत्र नहीं प्राप्त हुए, उनसे फार्म-6 भरवाएं जाएंगे। इसी तरह 1 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे युवाओं को मतदाता बनने के लिए फार्म-6 भरवाए जाएंगे।

### असंग्रहीत मतदाताओं की सूची वेबसाइट पर उपलब्ध

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से भी अपील की है कि मृतक, स्थाई रूप से स्थानांतरित, अनुपस्थित और दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के सत्यापन में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि सभी बूथ लेवल अधिकारी बैठक कर अपने- अपने क्षेत्र के बूथ लेवल एजेंट को 12 दिसंबर तक असंग्रहीत मतदाताओं की सूची उपलब्ध कराएंगे। लोगों की सुविधा के लिए यह सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी।

### मतदाता सूची सही करें व सभी तक पहुंच करें सुनिश्चित



मुख्यमंत्री योगी ने आजमगढ़ में एसआईआर समीक्षा में संगठन को दिए निर्देश

**आज़मगढ़।** जनपद पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्धारित समय से दो घंटे देर से कलेक्ट्रेट सभागार में एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्हें जिले में मतदाता सूची के सुधार और अद्यतन कार्य की वर्तमान स्थिति बताई गई। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मृतक और डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाए जाएं, गलत प्रविष्टियाँ सुधारें और एक भी वास्तविक मतदाता छूटने न पाए बृहस्पतिवार को दोपहर लगभग 12 बजे मुख्यमंत्री पुलिस लाइन पहुंचे और 12.08 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में पहुंचे, जहां कमिश्नर विवेक, डीआईजी सुनील कुमार सिंह, डीएम रविन्द्र कुमार और एसपी डॉ. अनिल कुमार उपस्थित रहे। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों के साथ एसआईआर की प्रगति पर चर्चा हुई। सीएम ने निर्देश दिया कि बूथ स्तर पर मतदाता सूची पूरी तरह सही और अद्यतन हो। जो मतदाता बाहर रहते हैं, उनसे संपर्क कर उनका एसआईआर भरवाया जाए। उन्होंने संगठन के कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर जाकर वन-टू-वन संपर्क करने तथा जिनका नाम सूची में नहीं है, उन्हें शामिल कराने का निर्देश दिया। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए सुभासपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉ. अरविंद राजभर ने कहा कि बैठक का मुख्य विषय एसआईआर था। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्रों का डेटाबेस देखकर मृतक और संदिग्ध मतदाताओं की संख्या पर चिंता जताई। संगठन के कार्यकर्ता बूथ स्तर पर सक्रिय होकर फर्जी मतदाताओं के नाम हटाने और वास्तविक मतदाताओं को जोड़ने का कार्य करेंगे। डॉ. राजभर ने प्रदेश के युवाओं के रोजगार, महिला आरक्षण, सामाजिक न्याय समिति और रोहिणी आयोग की रिपोर्ट पर गंभीर चर्चा की आवश्यकता जताई। उन्होंने सुभासपा भाजपा के साथ अपने गठबंधन की स्थिरता को लेकर भी भरोसा व्यक्त किया। वहीं, बैठक के बाद ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि वर्तमान बिल राहत योजना से चार लाख से अधिक उपभोक्ता लाभान्वित हो चुके हैं। पुराने बकाए पर 100 प्रतिशत ब्याज माफी से ग्रामीणों को भारी राहत मिली है।

# रामगोपाल हत्याकांड के दोषी सरफराज को फांसी व नौ को उम्रकैद की सजा





**विसर्जन के दौरान हुई थी रामगोपाल की हत्या, 13 माह 28 दिन बाद आया फैसला, एक-एक लाख का लगा अर्थदंड**

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** रामगोपाल हत्याकांड मामले में दोषियों को सजा सुना दी गई है। दोषी सरफराज को फांसी की सजा सुनाई गई है। जबकि नौ दोषियों को आजीवन करावास की सजा सुनाई गई। साथ ही एक-एक लाख का जुर्माना लगाया गया है। घटना 13 अक्तूबर 2024 की है। जब दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान रामगोपाल की हत्या कर दी गई थी।

अपर सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने 13 महीने 28 दिन में फैसला दिया है। 2 दिन पहले 9 दिसंबर को अदालत ने कुल 13 अभियुक्तों में से 10 को दोषी करार दिया था जबकि तीन आरोपी खुर्शीद, शकील और अफजल बरी हुए थे। इससे पहले कड़ी सुरक्षा में जेल से सभी दोषियों को कोर्ट लाया गया। अदालत ने एक-एक दोषियों को उनके खिलाफ सजा सुनाई। इस दौरान कोर्ट में काफी गहमागहमी रही। जिले के महाराजगंज बाजार में 13 अक्टूबर 2024 को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हिंसा हुई थी। इस दौरान रामगोपाल मिश्रा को पहले गोली मारी गई फिर पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी गई थी। परिवार के लोगों और रामगोपाल की पत्नी का कहना है कि जिन तीन लोगों को कोर्ट ने बरी किया है वह भी दोषी हैं सभी आरोपियों को फांसी की सजा होनी चाहिए।

### पिता ने जताया कोर्ट का आभार पत्नी बोली- सभी को हो फांसी

रामगोपाल मिश्रा के परिवार ने फैसले के बाद न्यायपालिका का आभार व्यक्त किया। उनके पिता ने कहा हमें न्याय की उम्मीद थी और आज अदालत ने उनका मार्ग दिखाया दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

### 11 जनवरी को चार्जशीट, 12 ने दी गवाही

पुलिस ने 11 जनवरी को सभी आरोपियों के खिलाफ एडीजे की अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी। इसके बाद 18 फरवरी को आरोपी पर बहस हुई मामले से जुड़े 12 गवाहों ने न्यायालय में अपनी गवाही दी। इसके बाद 21 नवंबर 2025 को जज ने अपना निर्णय सुरक्षित कर लिया। 9 दिसंबर 2025 को अब्दुल हमीद उनके बेटे फहीम, सरफराज, तालिब के साथ इलाके के रहने वाले सैफ, जावेद, जीशान, ननकू, शोएब और मारूफ को दोषी ठहराया। वहीं तीन अन्य आरोपियों खुर्शीद, शकील और अफजल को संदेह का लाभ देते हुए दोष मुक्त कर दिया गया। शासकीय अधिवक्ता प्रमोद सिंह ने बताया की धारा 103/2 के तहत मुख्य अभियुक्त को फांसी की सजा हुई है। धारा 103/2 मॉब लिंचिंग से संबंधित धारा है। जिसमें किसी समूह द्वारा जाति धर्म व नस्ल के नाम पर हत्या करने वाले प्रत्येक व्यक्ति के दोष सिद्ध होने पर फांसी या आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | प्रति 10 ग्राम |
| --- | --- |
| 24 कैरेट | = 1,30,310/ |
| 22 कैरेट | = 1,19,450/ |
| 18 कैरेट | = 97,730/ |
| चांदी | प्रति किलो |
| | = 1,99,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### रामलिंगम हत्याकांड में दो फरार आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 2019 के चर्चित रामलिंगम हत्याकांड में सात वर्ष से फरार चल रहे दो मुख्य आरोपितों- मोहमद बुरहानुद्दीन और मोहमद नबील हसन को तमिलनाडु के वेल्लौर जिले के पलिकोंडा से गिरफ्तार किया है। साथ ही इनके तीन सहयोगियों के. मोहिदीन, मोहमद इमरान और थमीम अंसारी को भी हिरासत में ले लिया, जिन्होंने हत्या के बाद आरोपितों को छिपाने में उनकी मदद की थी। एनआईए के अनुसार, दोनों मुख्य आरोपित प्रतिबंधित संगठन पीएफआई से जुड़े थे और उन्होंने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर रामलिंगम की हत्या की साजिश रची थी। इनपुट मिलने के बाद एजेंसी ने कार्रवाई करते हुए सभी को पकड़ा।

### मोदी-ट्रंप वार्ता : स्थिरता और भारत-अमेरिका सहयोग पर जोर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज (गुरुवार को) अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका संबंधों में हो रही प्रगति की समीक्षा की और क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प ने दोहराया कि भारत और अमेरिका शांति, स्थिरता और वैश्विक समृद्धि को आगे बढ़ाने के लिए करीबी सहयोग जारी रखेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि उनकी बातचीत गर्मजोशी से भरी और रचनात्मक रही।

### पूर्व आईएसआई चीफ हमीद को 14 साल की कैद

**इस्लामाबाद।** पाक की एक सैन्य अदालत ने इंटर-सर्विसेज़ इंटेलिजेंस के पूर्व प्रमुख फैज हमीद को कई मामलों में दोषी पाये जाने के बाद गुरुवार को 14 साल की कड़ी कैद की सज़ा सुनाई। पाक सेना ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल हमीद के खिलाफ कानूनी कार्यवाही 12 अगस्त 2024 को पाकिस्तान आर्मी एक्ट के तहत शुरू हुई थी। हमीद को राजनीतिक कार्यों में शामिल होने, देश की सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने की हद तक शासकीय गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने, सरकारी संसाधनों एवं प्राधिकार का दुरुपयोग करने और व्यक्तियों को गलत नुकसान पहुंचाने के आरोप में दोषी पाया गया।

# उत्तर प्रदेश में दो वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के दायित्वों में बदलाव

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए दो वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है।

सरकार की तरफ से जारी की गई सूची के अनुसार, वरिष्ठ अधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह को मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपी ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण से हटाकर विशेष सचिव, निर्वाचन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन तथा अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं आईएएस दीपा रंजन मिशन को उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन लखनऊ को उनके वर्तमान पद के साथ-साथ यूपी ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, लखनऊ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। शासन के इस निर्णय को ग्रामीण सड़क विकास और चुनावी व्यवस्थाओं से जुड़े कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।




अखण्ड सिंह बनें अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी

### लालू-तेजस्वी-राबड़ी समेत सभी आरोपियों की वेरिफिकेशन रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश

**नई दिल्ली।** राऊज एवेन्यू कोर्ट ने जमीन के बदले नौकरी (लैंड फॉर जॉब) से जुड़े मामले में लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, मीसा भारती, हेमा यादव, तेज प्रताप यादव समेत कुल 103 लोगों के खिलाफ आरोप तय करने की सुनवाई को 15 दिसंबर तक के लिए टाल दिया है। कोर्ट ने इस मामले में सीबीआई को सभी आरोपियों की विस्तृत वेरिफिकेशन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। इससे पहले 8 दिसंबर को अदालत ने सीबीआई को दो दिन का अतिरिक्त समय दिया था ताकि एजेंसी सभी आरोपियों की वर्तमान स्थिति स्पष्ट रूप से अदालत के सामने रख सके। अदालत ने यह भी कहा था कि कई आरोपी अब जीवित नहीं हैं।

# अरुणाचल सड़क हादसे में 21 मजदूरों की मौत

**दो दिन बाद पुलिस को मिली सूचना, सड़क से फिसलकर ट्रक लगभग 800 मी. गहरी खाई में पलटा**

एजेंसी

**इटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के अंजॉओ जिले के मेतेंगलियांग गांव के पास सड़क से फिसलकर एक ट्रक लगभग 800 मीटर गहरी खाई में पलट गया, जिसके चलते से 21 मजदूरों की मौत हो गई।

इस हादसे में घायल एक व्यक्ति के जरिये दो दिन बाद पुलिस को घटना की सूचना मिली, तब रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। घटनास्थल से 17 शव बरामद किए जा चुके हैं और बाकी चार शवों को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अनुराग द्विवेदी के अनुसार यह दुर्घटना 8 दिसंबर की रात करीब 9 बजे हुई, जब असम के तिनसुकिया जिले से चागलागाम अपने कार्यस्थल की ओर जा रहे मजदूरों का एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पूरे दो दिन बाद 10 दिसंबर को जब मजदूर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंचे, तो मजदूरों के सहयोगियों ने हयूलियांग पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। इस पर हयूलियांग पुलिस ने लापता मजदूरों का पता लगाने के लिए स्थानीय सूत्रों से संपर्क किया। खोज के दौरान सीमा सड़क कार्य बल (बीआरटीएफ) शिविर से सूचना मिली कि एक घायल व्यक्ति शिविर में पहुंचा है और उसने बताया है कि जिस ट्रक में वह 21 अन्य लोगों के साथ यात्रा कर रहा था, वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। घायल व्यक्ति को बीआरटीएफ शिविर में प्राथमिक उपचार दिया गया और अब उसकी हालत ठीक है। इस बीच सेना, सीमा सड़क संगठन (बीआरओ), स्थानीय पुलिस और जिला प्रशासन की बचाव टीमों ने दुर्घटनास्थल पर खोज और बचाव कार्य आरंभ किया है। अंतिम सूचना मिलने तक 17 शव बरामद किए जा चुके हैं।



# दिल्ली में अब 11 की जगह होंगे 13 जिले, कैबिनेट से प्रस्ताव मंजूर

**लागू करने के लिए लेफ्टिनेंट गवर्नर को भेजा जाएगा प्रस्ताव**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैबिनेट ने गुरुवार को बड़ा फैसला लेते हुए मौजूदा 11 जिलों को 13 नए जिलों में बदलने का प्रस्ताव पास कर दिया है। इसे लागू करने के लिए लेफ्टिनेंट गवर्नर विनय कुमार सक्सेना को भेजा जाएगा। ये नए जिले एमसीडी के 12 जोन, न्यू दिल्ली म्युनिसिपल काउंसिल (एनडीएमसी) और दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड के साथ पूरी तरह मेल खाएंगे।

इस बदलाव से एसडीएम कार्यालयों की संख्या 33 से बढ़कर 39 हो जाएगी। हर जिले में मिनी सेक्रेटेरिएट बनेगा, जहां ज्यादातर सरकारी सेवाएं एक ही जगह मिलेंगी। सीएम रेखा गुप्ता पहले ही इसकी घोषणा कर चुकी हैं। पहले दिल्ली में 11 राजस्व जिले थे- सेंट्रल, ईस्ट, न्यू दिल्ली, नॉर्थ, नॉर्थ ईस्ट, नॉर्थ वेस्ट, शाहदरा, साउथ, साउथ ईस्ट, साउथ वेस्ट और वेस्ट। लेकिन एमसीडी के 12 जोन और एनडीएमसी-कैंटोनमेंट के अलग इलाके होने से जगहों पर भ्रम और झगड़े होते थे। 2012 में आखिरी बार साउथ-ईस्ट और शाहदरा जिले बने थे। अब नए जिलों के नाम एमसीडी जोन जैसे होंगे। सदार जोन को पुरानी दिल्ली जिला नाम दिया जाएगा।

### इंडिगो ने लंबे समय तक फंसे रहे यात्रियों के लिए की मुआवजे की घोषणा

**नई दिल्ली।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने 03, 04 और 05 दिसंबर को लंबे समय तक हवाई अड्डों पर फंसे रहे यात्रियों के लिए मुआवजा और ट्रैवल वाउचर की घोषणा की है। एयरलाइंस ने गुरुवार को जारी बयान में इस घटना पर खेद व्यक्त किया है। उसने कहा है कि सरकार के दिशा-निर्देशों के मुताबिक इन यात्रियों को पांच हजार रुपये से 10 हजार रुपये तक मुआवजा दिया जायेगा। मुआवजे की राशि इस बात पर निर्भर करेगी कि वे कितनी देर तक हवाई अड्डे पर फंसे रहे। इसके अलावा इन यात्रियों को 10-10 हजार रुपये का ट्रैवल वाउचर भी दिया जायेगा। इसका इस्तेमाल अगले 12 महीने तक टिकट बुक कराने के लिए किया जा सकेगा।

# लोकसभा में डिजिटल अरेस्ट की घटनाएं रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में सदस्यों ने चिंता जाहिर की है कि पुलिस की वर्दी में लुटेरे लोगों को डिजिटल अरेस्ट कर रहे हैं और इसके जरिए उनकी जीवनभर की कमाई को चंद मिनट में ही लूट रहे हैं इसलिए सरकार को इस पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में शून्यकाल में आनलाइन लूट का मुद्दा उठाया और कहा कि डिजिटल एरेस्ट कर लोगों की जीवन की पूरी कमाई कुछ ही मिनट में हड़पी जा रही है। लुटेरे पुलिस की वर्दी में ऑनलाइन होकर डिजिटल एरेस्ट कर रहे हैं। यह बहुत बड़ी चोरी है इस लूट की चपेट में असंख्य लोग आ चुके हैं। सरकार से इस दिशा में कदम उठाने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि यदि कोई बड़ी रकम किसी खाते से ट्रांसफर होती है तो उसमें से 50 फीसदी रकम को 24 घंटे के लिए जारी नहीं किया जाना चाहिए। इससे कई लोगों को लूट से बचाया जा सकता है। उनका कहना था कि इस डिजिटल एरेस्ट के जाल में ज्यादा बुजुर्ग फंस रहे हैं और उनकी पूरे जीवन की कमाई को आनलाइन लुटेरे चंद मिनट में चपट कर रहे है इसलिए सरकार को डिजिटल स्तर पर होने वाली इस लूट को बचाने के प्रयास करने चाहिए। कांग्रेस के जय प्रकाश ने हरियाणा में धान खरीद का मामला उठाया और आरोप लगाया कि धान खरीद में घोटाला हुआ है। हरियाणा में किसानों से जो धान खरीद हुई है उसमें 2389 रुपए प्रति कुंतल की दर से दस लाख किसानों से धान खरीदा गया है। धान की किसानों से जो खरीद हुई है उसमें 400 रुपए प्रति कुंतल वापस लिए गये हैं। उन्होंने इसे घोटाला बताया।



# आईएसआईएस से जुड़े जिहादियों के ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी

एजेंसी

**कोलकाता।** आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया से जुड़े पैडघा मॉड्यूल की जांच में गुरुवार सुबह ईडी ने कोलकातामें बड़े पैमाने पर छापेमारी की। इस कार्रवाई का मकसद उन लोगों की गतिविधियों की जांच करना है, जिन पर आतंक से जुड़े कामों को बढ़ावा देने, हथियार जुटाने और पैसे का इंतजाम करने का आरोप है।

जांच एजेंसी ने सुबह से देशभर में महाराष्ट्र के ठाणे जिले के पैडघा-बोरीवली इलाके, रत्नागिरी, दिल्ली, उत्तर प्रदेश के कई शहरों के साथ ही कोलकाता स्थित घरों और दफ्तरों में तलाशी ली। मुंबई में छापों के दौरान महाराष्ट्र एटीएस ने सुरक्षा दी, जबकि कोलकाता में केंद्रीय बलों की मदद ली गई। ईडी ने यह जांच उस मामले के आधार पर शुरू की है, जिसे एनआईए ने पिछले साल दर्ज किया था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी का आरोप है कि कुछ लोग आईएसआईएस की सोच से प्रभावित होकर युवाओं को इस रास्ते पर ले जाने, उन्हें तैयार करने, हथियार और विस्फोटक जुटाने और इसके लिए पैसे इकट्ठा करने में जुटे थे। एनआईए ने अपनी चार्जशीट में 21 लोगों के नाम दिए हैं जिन पर देश में हिंसा फैलाने और लोकतांत्रिक माहौल को तहस-नहस करने की साजिश का आरोप है। जांच में यह भी सामने आया कि इन लोगों ने ठाणे के पैडघा गांव को कथित तौर पर 'अल-शाम' नाम देकर अपना अड्डा बनाया था और युवाओं को वहां आने के लिए उकसाया जाता था।

**तैयारी** | मुख्यमंत्री योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का जल्द होगा शुभारंभ

# हवाई अड्डे पर दिखेगा स्विस एफिशिएंसी व भारतीय आतिथ्य का संगम

समृद्धि न्यूज

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का जल्द ही शुभारंभ होने को है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को इस तरह डिजाइन किया जा रहा है कि यात्री यहां उतरते ही भारतीय संस्कृति और उत्तर प्रदेश की समृद्ध विरासत का अनुभव कर सकें। स्विस दक्षता और भारतीय मेहमाननवाजी का अद्भुत संयोजन यात्रियों को एक अनूठी, सहज और आरामदायक यात्रा का अनुभव देगा।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शैलेन्द्र कुमार भाटिया ने गुरुवार को बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट अपने अभिनव डिजाइन, अत्याधुनिक तकनीक और सांस्कृतिक समृद्धि के साथ न केवल यूपी बल्कि भारत की वैश्विक पहचान को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट की वास्तुकला पूरी तरह भारतीय पारंपरिक डिजाइन से प्रेरणा लेकर तैयार की गई है, ताकि यात्री यहां उतरते ही उत्तर भारत की सांस्कृतिक आत्मा को महसूस कर सकें। टर्मिनल बिल्डिंग में लैटिस स्क्रीन जैसे नक्काशीदार डिजाइन लगाए गए हैं, जो न केवल सौंदर्य बढ़ाते हैं, बल्कि प्राकृतिक रोशनी और वेंटिलेशन के प्रवाह को भी नियंत्रित करते हैं। एयरपोर्ट के सभी गेट डिजी यात्रा सुविधा से लैस होंगे, जिसमें बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन के माध्यम से यात्रियों को बिना किसी दस्तावेज दिखाए तेजी से प्रवेश और बोर्डिंग की सुविधा मिलेगी।




### एयरपोर्ट पर लगाई जा रही आधुनिक तकनीकें : शैलेन्द्र कुमार

यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शैलेन्द्र कुमार भाटिया ने गुरुवार को बताया प्रवेश द्वार पर वाराणसी और हरिद्वार के प्रसिद्ध घाटों की याद दिलाने वाली चौड़ी व आकर्षक सीढ़ियां बनाई गई हैं, जो इस क्षेत्र की आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्ता को जीवंत रूप में प्रस्तुत करती हैं। टर्मिनल के भीतर एक हवेली शैली का विस्तृत आंगन बनाया जा रहा है, जो यात्रियों को खुला, हवादार और आरामदायक माहौल प्रदान करेगा। यूपी की प्रमुख नदियों की शांति व प्रवाह को दर्शाने वाली सफेद, तरंगाकार छत पूरे टर्मिनल को आधुनिकता और प्रकृति के संयोजन का प्रतीक बनाती है। उन्होंने बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ऐसी आधुनिक तकनीकें लगाई जा रही हैं, जो यात्रा को तेज और सहज बनाएंगी। यात्री स्वयं ही सेल्फ बैग-ड्रॉप मशीनों के माध्यम से अपना सामान जमा कर सकेंगे, जिससे लंबी कतारों में लगने की जरूरत कम होगी।

# खेत तालाब निर्माण योजना से लाभान्वित हुए 90 कृषक

## 1184 कृषकों को जीवकोपार्जन साधनों के विविधीकरण योजना का मिला है लाभ





समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** भूमि संरक्षण इकाई (कृषि) द्वारा केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित पण्डित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना एवं आर.ए.डी. (रेनफेड एरिया डेवलपमेन्ट) योजना के तहत अधिक मृदा क्षरण वाले (बीहड एंव बंजर) क्षेत्रो में मेडबन्दी, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अन्तर्गत खेत तालाब का निर्माण तथा आरएडी (रेनफेड एरिया डेवलपमेन्ट) योजना के तहत चयनित कलस्टर के प्रत्येक चयनित लाभार्थियो को रू. 30 हजार तक का अनुदान जीवकोपार्जन साधनो के विविधिकरण के प्रबन्धन हेतु दिया जाता है।

यह जानकारी देते हुए जिला भूमि संरक्षण अधिकारी ने बताया कि पंण्डित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजनान्तर्गत अधिक मृदा क्षरण वाले (बीहड एंव बंजर) क्षेत्रो में मे?बन्दी (कन्टूर बांध, मार्जिनल बांध, पेरीफेरल बांध, गली प्लग एंव समतलीकरण) कराकर उक्त क्षेत्र में जल प्रवाह को कम करके मृदा क्षरण को रोका जाता है जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रहे एंव जमीन फसलोत्पादन के लिए समतल बनी रहे एंव मेडबन्दी से खेत का पानी खेत में ही जल संचय कराया जाता है। इसी प्रकार राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत खेत तालाब योजना अन्तर्गत में 22 गुणा 20 गुणा 03 मीटर में खेत तालाब का निर्माण खेत के सबसे निचले हिस्से में कराया जाता है जिससे वर्षा के समय खेत का पानी तालाब में एकत्रित होकर बिना वर्षा वाले मौसम में कृषक द्वारा विभिन्न कृषि कार्यो में भू-जल स्तर वृद्धि में उपयोग में लाया जा सके। योजना के अन्तर्गत रू. 52,500=00 का अनुदान कृषक को डीबीटी के माध्यम से कार्य पूर्ण होने के उपरान्त दिया जाता है। उक्त योजनान्तर्गत कुल 90 लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा चुका है। राष्ट्रीय कृषि विकास आरएडी (रेनफेड एरिया डेवलपमेन्ट) योजना में टिकाऊ कृषि हेतु मुख्य रूप से उन्नतशील बीज, जल उपयोग क्षमता में वृद्धि, पशुधन एंव मत्स्य विकास, उन्नत कृषि तकनीकि एंव पोषक तत्व प्रबन्धन, कृषि बीमा, ऋण उपलब्धता, विपणन व्यवस्था के साथ जीवकोपार्जन साधनो के विविधिकरण के प्रबन्धन हेतु योजना का संचालन प्रस्तावित है।

योजना अन्तर्गत चयनित कलस्टर के प्रत्येक चयनित लाभार्थियो को रू. 30 हजार तक का अनुदान जीवकोपार्जन साधनो के विविधिकरण के प्रबन्धन हेतु दिया जाता है। जिसमें पशुपालन, मधुमक्खी पालन, वर्मीकम्पोस्ट, फसलोत्पादन, बागवानी आदि कार्य सम्मिलित है। जनपद में अब तक 1184 कृषकों को योजना से लाभान्वित किया जा चुका है।

# सारथी वाहन बताएगा दो बच्चों के जन्म में अंतर के फायदे, सीएमओ ने प्रचार वाहन को दिखाई झंडी



▶ जनपद के सभी ब्लाकों में बढ़ाएगा परिवार नियोजन की जागरुकता

समृद्धि न्यूज

बहराइच। परिवार नियोजन साधनों की उपयोगिता को बढ़ाने और दो बच्चों के जन्म में अंतर रखने के फायदे बताने के लिए, सीएमओ ने प्रचार वाहन को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन जनपद के सभी ब्लाकों में जाकर विवाह की सही उम्र, बच्चों में अंतराल और गर्भनिरोधक साधनों के उपयोग को लेकर समुदाय को जागरूक करेगा।

सीएमओ डॉ संजय कुमार ने कहा, परिवार नियोजन केवल परिवार को सीमित करने का विषय नहीं है, यह मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के साथ ही सामाजिक और आर्थिक विकास से भी जुड़ा है। जब हम किशोर गर्भावस्था को रोकने और दो बच्चों के जन्म में कम से कम तीन साल का अंतर रखने जैसे उपाय अपनाएंगे, तभी हम अपने बच्चों को बेहतर भविष्य दे पाएंगे। उन्होंने कहा जनपद की कुल प्रजनन दर भी 3.6 है, जबकि प्रदेश का औसत 2.4 है। इससे स्पष्ट है कि जिले में परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाने की सख्त जरूरत है। हमारी कोशिश है कि इस कैम्पेन के माध्यम से लोगों को यह संदेश जाए कि शादी और बच्चों की योजना सोच-समझकर और सही समय पर करें। इसके लिए परिवार नियोजन के आधुनिक साधन सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध है। सीएमओ ने बताया जिले में आधुनिक गर्भनिरोधक साधनों का उपयोग केवल 33.4 प्रतिशत महिलाओं तक सीमित है। ऐसे में सारथी वाहन समुदाय की सोच में बदलाव लाने का एक प्रभावी माध्यम बनेगा। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने बताया कि आधुनिक साधनों में दो तरीके के गर्भनिरोधक साधन उपलब्ध हैं, इच्छुक दंपति अपने पसंद के अनुसार कोई भी साधन का चुनाव कर सकते है, उन्होंने कहा दो बच्चों में तीन साल का अंतर रखने के लिए, कॉपर-टी, प्रसव पश्चात कॉपर टी, गर्भनिरोधक गोली माला एन, साप्ताहिक गोली छाया, त्रैमासिक इंजेक्शन अंतरा, पुरुषों के लिए कंडोम के अलावा आपातकालीन गोलियां सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध है। इसके अलावा ऐसे दंपति जिनका परिवार पूरा हो गया है उनके लिए महिला व पुरुष नसबंदी की सुविधा भी उपलब्ध है , नसबंदी कैंप की जानकारी के लिए नजदीकी आशा , एएनएम अथवा किसी भी स्वास्थ्य केंद्र से जानकारी ली जा सकती है।

## खबरें एक नजर में

### कौन बनेगा बिजनेस लीडर प्रतियोगिता का आयोजन



**मिहींपुरवा,बहराइच समृद्धि न्यूज।** ग्राम पंचायत चिकनिया में 'कौन बनेगा बिज़नेस लीडर' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 500 प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। देवी महिला संकुल समिति के तत्वावधान में ग्राम पंचायत चिकनिया में टीआरआईएफ, बजाज तथा उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त प्रयास से 'कौन बनेगा बिज़नेस लीडर' प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के महिला-पुरुष उद्यमियों को अपने व्यवसाय को विस्तार देने के लिए प्रेरित करना था। इवेंट में व्यवसाय को आगे बढ़ाने की रणनीतियों, आधुनिक तकनीक व मार्केटिंग के तरीकों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।कार्यक्रम में लगभग 500 महिलाओं और पुरुषों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों को रजिस्ट्रेशन फॉर्म भी उपलब्ध कराए गए।इस आयोजन को सफल बनाने में प्रियंका, ज्योति, मोहम्मद फराज सिद्दीकी, उमेश चंद्र, योगेंद्र, नीरज वर्मा, अक्षय वर्मा, हसीना बानो, गायत्री मौर्य, जितेंद्र मौर्य और फैज खान का विशेष सहयोग रहा। स्थानीय लोगों ने ऐसे आयोजनों को ग्रामीण उद्यमिता को नई दिशा देने वाला बताया और भविष्य में भी इस तरह की गतिविधियाँ जारी रखने की मांग की।

### दिनदहाड़े लाखों की चोरी, क्षेत्र में दहशत

**मोतीपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।** नैनीहा गांव में गुरुवार की दोपहर चोरों ने दिन के उजाले में लाखों की चोरी कर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। खेत पर गए परिवार की गैरमौजूदगी का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने घर को निशाना बनाया और कीमती आभूषण समेत लाखों का सामान साफ कर दिया। पीड़ित अनुरुद्ध सिंह ने बताया कि घटना के समय घर पर कोई नहीं था। वह सभी परिजन खेत में काम करने गए थे। इसी दौरान चोरों ने ताले तोड़कर अलमारी में रखे करीब चार लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण पार कर दिए। घटना का पता तब चला जब परिवार घर लौटा और सामान बिखरा देख हड़कंप मच गया। पीड़ित ने मोतीपुर थाने में तहरीर देकर घटना की शिकायत की है तथा तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों में दिनदहाड़े हुई चोरी को लेकर दहशत का माहौल है। वहीं पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में भारी आक्रोश है और पुलिस गशत बढ़ाने की मांग जोर पकड़ रही है।

### दो दिन से घर से लापता युवक की लाश तालाब में मिली

**गोंडा, समृद्धि न्यज।** कौड़िया थाना क्षेत्र के बनगाई गांव के समीप एक तालाब में गुरुवार को 33 वर्षीय युवक का शव तैरता हुआ मिला। युवक की पहचान दो दिन से लापता राम सुरेश कनौजिया पुत्र सतगुरु कनौजिया के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने शव देखकर पुलिस और परिजनों को सूचना दी। परिजनों के अनुसार, बनगाई निवासी राम सुरेश कनौजिया दो दिन पहले आर्यनगर बाजार गए घर से निकले थे। शाम तक घर वापस न आने पर परिजनों ने उनकी काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका था। गुरुवार सुबह आर्यनगर-करनैलगंज मार्ग के पास स्थित तालाब में ग्रामीणों ने राम सुरेश का शव तैरता हुआ देखा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक राम सुरेश के दो पुत्र हैं, जिनमें बड़ा पुत्र शिवा 15 वर्ष का और छोटा वीरेंद्र 8 वर्ष का है।

### पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर की गिरफ्तारी के विरोध में आजाद सेना ने दिया ज्ञापन

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** आजाद अधिकार सेना पार्टी के देवी पाटन मंडल अध्यक्ष मंगल गिरी ने पूर्व आई पी एस अधिकारी अभिताभ ठाकुर की गिरफतारी के विरोध में जिला अधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को एक ज्ञापन दिया है। जिस में कहा है कि बीते 9 और दस दिसंबर की मध्य रात्रि में पूर्व आईपीएस अधिकारी एवं आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिताभ ठाकुर लखनऊ से दिल्ली जाने वाली ऐसी सुपर फास्ट ट्रेन पर सवार हो कर जा रहे थे। शाहजहा पुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पहुंची थी तभी रात्रि करीब दो बजे सिविल ड्रेस में लखनऊ और शाहजहांपुर की सयुक्त पुलिस टीम ट्रेन पर चढ़ी और बिना कोई पहचान बताए और बिना कोई लिखित वारंट के पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर को ट्रेन से उतार कर हिरासत में ले लिया। इस की जानकारी कोई परिवार के सदस्य को नहीं दी गई जबकि इस की जानकारी उनके परिवार के सदस्य को देना चाहिए थी। उनकी पत्नी डाक्टर नूतन ठाकुर अधिकारियों से संपर्क करने के बाद भी उन को गुमराह किया गया। बाद में बताया गया कि 26 वर्ष पूर्व जनपद देवरिया में उद्योग केंद्र द्वारा 1999 में फर्जी दस्ता वेज से भूखंड आवंटित की गई थी जिस में बीते 12 सितम्बर को थाना ताल कटोरा लखनऊ में मुकदमा दर्ज कराया गया था।

# मरौचा ग्रामीण स्टेडियम में मनाया गया पीआरडी का 77वां स्थापना दिवस



समृद्धि न्यूज

▶ एमएलसी ने की पीआरडी जवानों का उत्साहवर्धन कर उनके कार्य की प्रशंसा

**बहराइच।** विकास खंड तेजवापुर स्थित मरौचा ग्रामीण स्टेडियम में गुरुवार को प्रांतीय रक्षक दल जनपद बहराइच का 77वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बहराइच/ श्रावस्ती एमएलसी डॉक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी उपस्थिति रहीं।

मुख्य अतिथि डा. प्रज्ञा त्रिपाठी ने मां सरस्वती व सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य अतिथि डा. प्रज्ञा त्रिपाठी ने प्रांतीय रक्षक दल का मान-प्रणाम स्वीकार किया गया। तत्पश्चात परेड का निरीक्षण किया गया। स्थापना दिवस परेड के अंतर्गत परेड के अतिरिक्त विभिन्न टोलियों में टीम बनाकर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी हुआ। जिसमें सबसे महत्वपूर्ण और आकर्षक खेल रस्सा कशी का रहा,जिसे दर्शकों ने भी लुफ्त उठाया। मुख्य अतिथि डा. प्रज्ञा त्रिपाठी ने पीआरडी जवानों का उत्साहवर्धन कर उनके कार्य की जमकर प्रशंसा की।

मुख्य अतिथि डा. प्रज्ञा त्रिपाठी ने विजेता और उपविजेता टीम को और टीम के प्रतिभागियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि डा. प्रज्ञा त्रिपाठी ने समस्त पीआरडी जवानों को नकद पुरस्कार भी दिया। कार्यक्रम के दौरान जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी प्राची पंवार, कार्यक्रम प्रभारी अजय गुप्ता (क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी) व अन्य क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी आलोक सिंह, अखिलेश चौधरी, शैलेश मिश्रा एवं विनम्र शुक्ला मौजूद रहें।

## ड्यूटी पर गए होमगार्ड का चौकी के पास मिला शव

**बहराइच।** पयागपुर इलाके में ड्यूटी पर तैनात एक होमगार्ड की देर रात अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। गुरुवार सुबह बभनियावा चौकी के पास उनका शव मिला। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। मृतक होमगार्ड बृजभूषण (50 वर्ष) पयागपुर थाना क्षेत्र के शिवदहा ग्राम के निवासी थे। वह बुधवार देर रात बभनियावा चौकी इलाके में ड्यूटी करने गए थे। इसी दौरान उनकी तबीयत खराब हो गई। गुरुवार सुबह जब लोग घूमने निकले तो चौकी से कुछ दूरी पर उनका शव देखकर इसकी सूचना पुलिस और परिजनों को दी गई। मृतक के छोटे भाई राजेश ने बताया कि उनके भाई रात में ड्यूटी पर गए थे। उन्हें सुबह करीब सात बजे मौत की सूचना मिली, जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे। राजेश ने कहा कि मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होमगार्ड की मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

## वृहद संपर्क अभियान में जुटे स्वयंसेवक



समृद्धि न्यूज

▶ 40 हजार से अधिक परिवारों से सम्पर्क का है लक्ष्य, पंच परिवर्तन है विषय

**बहराइच।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे जनपद में 40000 हिंदू परिवारों में सघन गृह संपर्क अभियान चलाया जा रहा है।

जनपद बहराइच के जरवल खंड कैसरगंज खंड फखरपुर खंड पयागपुर खंड विशेश्वरगंज खंड चितौरा खंड हुजूरपुर खंड समेत नगर के विभिन्न परिवारों में खण्डों के खंड कार्यवाह एवं उनकी टोली संग पहुंचकर संघ की 100 वर्ष की यात्रा के संबंध में साहित्य पत्र एवं भारत माता का चित्र द्वारा वितरित किया जा रहा है एवं पंच परिवर्तन के विषय को बताया जा रहा है। आज अपने खंड चित्तौरा अंतर्गत छावनी सरकार ग्राम सभा में निवास करने वाले पूर्व विधायक तथा पूर्व कृषि मंत्री रहे देवी प्रसाद के सुपुत्र पूर्व ब्लाक प्रमुख चित्तौरा महेंद्र स्वरूप तथा उनके बड़े भाई अवकाश प्राप्त स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधक योगेन्द्र स्वरूप के घर पर खण्ड के प्रचारक गौरव एवं खंड के पालक अधिकारी रमेश के साथ संघ के कार्य पद्धति पर विस्तार से चर्चा कर भारत माता का चित्र तथा पुस्तिका भेंट किया गया।

# पुलिस ने जालसाजी करने के दो अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार



समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** दिनांक 22.09.2024 को वादी पवन कुमार निवासी देवतहा, थाना खरगूपुर, जनपद गोण्डा थाना को0 नगर में लिखित तहरीर दी गयी कि प्रार्थी के पिता राम अयोध्या प्रसाद की मृत्यु वर्ष 1998 में दुर्घटना में हुई थी तथा उनकी नामांकित भूमि की वरासत वर्ष 2020 में प्रार्थी के नाम दर्ज हो चुकी है।

विपक्षीगणों ने आपराधिक षड्यंत्र के तहत प्रार्थी के दिवंगत पिता के नाम से कूटरचित व जालसाजी पूर्ण बैनामा तैयार कर विपक्षी श्रीमती खातून के पक्ष में दिनांक 09.05.2018 को गाटा संख्या 846मि0/0.953 हे0 का अवैध बैनामा पंजीकृत करा लिया। प्रार्थी द्वारा आपत्ति करने पर विपक्षीगणों ने गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी तथा भूमि पर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया गया। वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना को0 नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसमें आज दिनांक 11.12.2025 को थाना को0 नगर पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान दोषी पाए गए 02 वांछित अभियुक्तों- 01. श्रीमती खातून पत्नी जमशेर, 02. रामचन्दर पुत्र महादेव, निवासीगण ग्राम शिवगढ़ थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा को ग्राम शिवगढ से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना को नगर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

## राजेश कुमार मिश्रा का हैसियत प्रमाण-पत्र प्रशासन ने किया निरस्त

**गोण्डा।** जिला प्रशासन ने ग्राम बेलमत्थर, थाना परसपुर, तहसील करनैलगंज निवासी राजेश कुमार मिश्रा के पक्ष में पूर्व में जारी हैसियत प्रमाण-पत्र संख्या 532410000128 (दिनांक 20.07.2024, वैधता 19.07.2027) को निरस्त कर दिया है। राजेश कुमार मिश्रा द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना-पत्र, शपथपत्र व मूल प्रमाण-पत्र के आधार पर उन्होंने स्वयं प्रशासन से अनुरोध किया था कि उक्त प्रमाण-पत्र का उपयोग उन्होंने किसी भी सरकारी/गैर सरकारी कार्य में नहीं किया है और न ही भविष्य में करेंगे। व्यक्तिगत कारणों से वह इसे निरस्त कराना चाहते हैं। उप जिलाधिकारी करनैलगंज की जांच आख्या दिनांक 11.11.2025 में प्रमाण-पत्र निरस्तीकरण की संस्तुति की गई, जिसके आधार पर मुख्य राजस्व अधिकारी/जिलाधिकारी द्वारा नामित अधिकारी गोण्डा ने इसे औपचारिक रूप से निरस्त कर दिया। कुल स्वीकार्य मूल्यांकन एक करोड़ आठ लाख पचहत्तर हजार रुपयवाले इस हैसियत प्रमाण-पत्र का किसी भी रूप में पूर्व या भविष्य में उपयोग अवैध माना जाएगा।

# भारतीय शिक्षा समिति के प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह का प्रवास कार्यक्रम सम्पन्न

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा सम्पूर्ण देश मे हज़ारो की संख्या मे सरस्वती शिशु मन्दिर,सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर तथा सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज का संचालन सफलातापूर्वक हो रहा है। विद्या भारती विद्यालय से निकले लाखों छात्र/छात्राएं आज अपना वैश्विक पटल पर नेतृत्व देकर नित नूतन कीर्तिमान स्थापित कर रहे है।

उक्त विचार पूर्व छात्र परिषद के सदस्यों से वार्ता के दौरान प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह ने व्यक्त किया। परिषद के सदस्यों से बातचीत करते हुए कहा कि पूर्व छात्र विद्यालय एवं समाज को जोड़नें मे सेतु की भूमिका का निर्वहन करते है। श्री सिंह ने समाजहित मे पूर्व छात्र परिषद की अधिक भागीदारी पर जोर दिया। पूर्व छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए उन्होंने ने कहा कि वैज्ञानिक युग में हमे अपनी प्राचीन एवं सांस्कृतिक परम्पराओं के संवर्धन के साथ साथ शिक्षण मे अनवरत हो रहे बदलाव में अपने संस्कार, अनुशासन पक्ष को प्रबल करते हुए शिक्षण का एक विशिष्ट उदाहरण समाज के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। इस अवसर पर सम्भाग निरीक्षक अवरीश कुमार, डॉ वंदना सारस्वत उपस्थित रही। अतिथि परिचय एवं स्वागत संकुल प्रमुख प्रधानाचार्य रवि कुमार शुक्ल नें कराया। बैठक के उपरांत विद्यालय की विभिन्न गतिविधियां की सूक्ष्म तत्वो से अवगत होते हुए प्रदेश निरीक्षक ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों एवं अन्य व्यस्थाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर पूर्व छात्र परिषद के संरक्षक कमल शाह, अध्यक्ष प्रशांत मिश्र, मंत्री साहित्यकार अजय सिंह, उपाध्यक्ष मुरली मनोहर सहित अन्य पूर्व छात्र भैया बहन उपस्थित रहे। संचालन पूर्व छात्र परिषद के सह संयोजक जितेंद्र पाण्डेय हलचल ने किया।

# आरपी आदर्श इण्टर कॉलेज में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का हुआ आयोजन

समृद्धि न्यूज



**गोण्डा।** बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत आरपी आदर्श इण्टर कालेज मनकापुर गोण्डा में सामूहिक विवाह का कार्यक्रम सफलतापूर्वक, सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। सामुहिक विवाह कार्यक्रम में जनपद के विकासखण्ड व नगरपालिका परिषद/नगर पंचायतों को मिलाकर कुल 285 जोड़े पंजीकृत थे जिसमें से 231 जोड़ों का विवाह पूरी रीतिरिवाजों के साथ सम्पन्न कराया गया। इसमें 28 जोड़ों का इस्लामिक पद्धति से मौलवी साहिबे आलम द्वारा निकाह कराया गया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मनकापुर रमापति शास्त्री, विधायक गौरा प्रभात वर्मा, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन तथा सांसद गोण्डा/केन्द्रीय विदेश राज्यमंत्री प्रतिनिधि ने विवाह मण्डप पर बैठे जोडों को आर्शीवाद देते हुए वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएँ दी।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में किसी भी गरीब की बेटी के हाथ पीले होने से नहीं बचेंगे वो चाहे किसी जाति व धर्म की हों। सामूहिक विवाह हेतु हमारी सरकार रूपये 60000/- प्रति जोडे के दम्पतियों के खाते में दिया जाता है। शेष उपहार सामग्री दी जाती है जिसमें चांदी की पायल बिछिया, स्टील का डिनर सेट, पांच लीटर का प्रेशर कुकर, कन्या हेतु दो जोड़े कपड़े, वर हेतु एक जोड़ा कपड़ा, दीवाल घड़ी, सौन्दर्य प्रशासन किट आदि गृहस्थी का सम्मिलित होता है। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी मनकापुर, पुलिस क्षेत्राधिकारी मनकापुर, नायब तहसीलदार अनिल कुमार तिवारी मनकापुर, प्रभारी तहसीलदार सुभद्रा प्रसाद मनकापुर, जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, खण्ड विकास अधिकारी मनकापुर सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जागरुकता | जानवरों से इंसानों में फैलने वाले रोगों पर जागरूकता शिविर का आयोजन

# मिहींपुरवा के धर्मापुर में वैज्ञानिकों ने बताए रोगों से बचने उपाय

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** आईसीएमआर-रीजनल मेडिकल रिसर्च सेंटर (आरएमआरसी), गोरखपुर ने जनपद के स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से ग्राम धर्मापुर, मिहीपुरवा में स्थानीय जनजातीय समुदाय के लिए एक जागरूकता शिविर आयोजित किया। शिविर का उद्देश्य लोगों को जूनोटिक यानि वे रोग जो जानवरों से इंसानों में फैलते हैं एवं संक्रामक रोगों के प्रसार के तरीकों तथा उनसे बचाव के उपायों के बारे में जागरूक करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत गोरखपुर कि विशेषज्ञ वैज्ञानिक सी डॉ. नलिनी मिश्रा ने की। विशेषज्ञ वैज्ञानिक/डी डॉ गौरव राज द्विवेदी ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए वेक्टर जनित रोगों के रोकथाम के बारे में विस्तृत तौर से जानकारी दी। डॉ गौरव ने ग्रामीणों को बताया कि जब कोई बीमारी जानवरों में होती है और वही बीमारी काटने, खरोंच, दूषित पानीङ्कखाद्य पदार्थ, या मच्छर/कीट के माध्यम से इंसानों तक पहुँच जाती है, इसे जूनोटिक रोग कहा जाता है।

रेबीज, बर्ड फ्लू, स्वाइन फ्लू, कालाङ्कअज़ार, स्क्रब टाइफस, रेबीज़, मलेरिया, हेपेटाइटिस और जापानी इंसेफेलाइटिस जैसे रोग इसी श्रेणी में आते हैं। उन्होंने बताया कि मनुष्य और जानवर एक ही वातावरण में रहते हैं, इसलिए साफ-सफाई, पशुओं का टीकाकरण और बीमार जानवरों से दूरी बनाए रखना बेहद जरूरी है।

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने सामान्य जूनोटिक संक्रमण, स्वच्छता संबंधी व्यवहार, शुरुआती लक्षणों की पहचान और समय पर उपचार की महत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अतिरिक्त, वन हेल्थ कैंप का भी आयोजन किया गया, जिसमें मानव, पशु और पर्यावरण-इन तीनों के संयुक्त स्वास्थ्य दृष्टिकोण पर बल दिया गया। शिविर में हेपेटाइटिस स्क्रीनिंग, पोषण आकलन तथा अन्य स्वास्थ्य परीक्षण भी किए गए। कुल 400 स्थानीय निवासियों ने इस शिविर में भाग लिया।

इस मौके पर सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा पशुजन्य एवं संक्रामक रोगों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर योगेन्द्र मणि त्रिपाठी, अध्यक्ष, सामाजिक संस्था, मोतीपुर सीएचसी अधीक्षक डॉ. थानेदार, चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोहित तथा आईसीएमआर/ारएमआरसी गोरखपुर टीम के डॉ. रितेश गुप्ता, डॉ. निर्भय, कमलेश कुमार शाह, अल्पना पाल, इम्बिसात फ़ातिमा, ओम शिवम गुप्ता आदि ने अपना अमूल्य योगदान दिया।

### ऐसे करें रोगों से बचाव

साबुन और पानी से अपने हाथ नियमित रूप से धोएं।
सभी आवश्यक टीके समय पर लगवाएँ।
ब्लड ट्रांसफ्यूजन, टैटू, सिरिंज के उपयोग या शरीर छेदक के दौरान सैनिटाइजेशन का ध्यान रखें।
अपने आसपास पानी जमा न होने दें।
जंगली जानवरों से दूर रहें और बीमार पालतू कुत्ते/बिल्ली से दूरी बनाना आवश्यक लगाएँ।
अपने आसपास स्वच्छता रखें और चूहों की दूर भगाने के उपाय करें।
स्थाई/गीली झीलों में मछर पालन न करें।
सुरक्षित यौन संबंध बनाएँ।

# पहली बार कोडिन कफ सिरप के अवैध डायवर्जन पर मुकदमा दर्ज

## सीएम योगी की सख्ती का असर, अन्य राज्यों में एक्शन के नाम पर केवल खानापूर्ति, एक बार फिर एक्शन में यूपी बना नजीर

**60 दिन, 52 जिलों की 332 फर्मों पर छापेमारी, 31 जिलों में 133 फर्मों के खिलाफ एफआईआर**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सूबे की सत्ता संभालते ही प्रदेश में जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अवैध नशे के सौदागरों के खिलाफ जंग छेड़ दी। ऐसे में सीएम योगी की मंशा के अनुसार वर्ष 2022 में एएनटीएफ का गठन किया गया।

इसी क्रम में योगी सरकार के निर्देश पर एफएसडीए ने कोडिनयुक्त कफ सिरप व एनडीपीएस श्रेणी की दवाओं के अवैध व्यापार और डायवर्जन के खिलाफ अभियान चलाया। विभाग ने देश का सबसे बड़ा क्रैक डाउन शुरू करने से पहले अंदरुनी गहन जांच शुरू की। विभाग ने झारखंड, हरियाणा, हिमाचल जैसे राज्यों में विवेचना की और उत्तर प्रदेश के सुपर स्टॉकिस्ट और होलसेलर के साथ उनके कारोबारी रिश्तों के सबूत जुटाए। इन सब प्रक्रियाओं के बाद दो माह पहले विभाग का क्रैक डाउन शुरू हुआ, जो अभी भी जारी है। दो माह में विभाग ने प्रदेश भर में छापेमारी कर 31 जनपदों में 133 फर्मों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी। इनमें फर्मों के आधा दर्जन से अधिक संचालकों को जेल भी भेजा जा चुका है। एफएसडीए ने कोडिनयुक्त कफ सिरप की नशे के रूप में तस्करी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की।

### पहली बार एनडीपीएस और बीएनएस की धाराओं में मुकदमा

एफएसडीए सचिव और आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के युवाओं को नशे के आगोश में धकेलने वालों से सख्ती से निपटाने के स्पष्ट निर्देश दिये थे। ऐसे में सीएम योगी ने निर्देश पर प्रदेश भर में कोडिनयुक्त कफ सिरप की नशे के रूप में तस्करी करने वाले अपराधियों के खिलाफ वृहद स्तर पर अभियान चलाने की योजना बनायी गयी, जो अभी तक जारी है। मुख्यमंत्री योगी ने साफ साफ दिशा निर्देश दिये थे कि एफएसडीए की कार्रवाई केवल लाइसेंस रद्द करने भर तक न थमे बल्कि विभाग द्वारा ऐसा एक्शन होना चाहिये जो आने वाले समय के लिए पूरे देश में एक नजीर बने। सीएम ने निर्देश दिये थे कि ऐसा एक्शन हो, जिससे युवाओं का जीवन बर्बाद करने वालों का मकड़जाल पूरी तरह से ध्वस्त किया जा सके। ऐसे में पहली बार एफएसडीए ने कोडिनयुक्त कफ सिरप का अवैध डायवर्जन करने वालों के खिलाफ एनडीपीएस और बीएनएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया, जिसकी वजह से कार्रवाई और सख्त साबित हुई।

### इन शहरों में सामने आए मामले

वाराणसी, जौनपुर, कानपुर नगर, गाजीपुर, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, बहराइच, बिजनौर, प्रयागराज, प्रतापगढ़, सीतापुर, सोनभद्र, बलरामपुर, रायबरेली, संतकबीर नगर, हरदोई, भदोही, अमेठी, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, उन्नाव, बस्ती, अंबेडकनगर, आजमगढ़, सहारनपुर, बरेली, सुल्तानपुर, चंदौली, मीरजापुर, बांदा, कौशांबी।

# मड़ियांव पुलिस ने 72 लोगों को लौटाए उनके खोए मोबाइल, सालों बाद फोन मिले तो खिले चेहरे

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ की मड़ियांव पुलिस ने गुम और चोरी हुए 72 मोबाइल फोन रिकवर किए हैं। इनकी कीमत करीब 10 लाख से ज्यादा की बताई जा रही है।

गुरुवार को महानगर थाने में उन लोगों को बुलाकर फोन दे दिए गए जिनका फोन खो गया था। अपने फोन दोबारा पाकर सब काफी खुश हुए। किसी का फोन 1 तो किसी का 2 साल से खोया या चोरी हुआ था। एडीसीपी नॉर्थ गोपीनाथ सोनी ने बताया- मड़ियांव पुलिस ने खोए हुए मोबाइल बरामद किए गए हैं। मड़ियांव पुलिस काफी लंबे समय से चोरी और मिस हुए फोन की लोकेशन ट्रैक कर रही थी। जानकारी मिलते ही प्रदेशभर से फोन रिकवर किए गए। पीड़ितों ने ऑनलाइन और ऑफ लाइन शिकायत करवाई थी। पक्ष्मी सिंह जोगिया ने बताया उनके बेटे का मोबाइल फोन आईआईएम इंस्टीट्यूट के पास से गुम हो गया था। मोबाइल गायब हुए 1 साल 2 महीने हो गए थे। मंगलवार को पुलिस ने फोन कर बताया कि आपके मोबाइल मिल गया है। आकर थाने में ले लें। यह बात सुनकर काफी खुशी हुई। धन्यवाद लखनऊ पुलिस का जिन्होंने फोन बरामद किया। बाकी सीएम योगीजी तो हैं, यह सब संभव है। यह पहला अनुभव था तब जानकारी हुई कि खोया हुआ मोबाइल फोन वापस मिल जाता है। अमन वर्मा ने बताया करीब 2 साल पहले इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे पर खड़ा था। तब एक लड़का किसी को कॉल करने के लिए मदद मांगा। मोबाइल लेकर कॉल करके वहीं आसपास टहल रहा था। तभी दो युवक एक बाइक से आए वह उनके साथ बैठकर भाग गया। जिसकी शिकायत पुलिस से की। मंगलवार को पुलिस की कॉल आई तब काफी अच्छा लगा।

## खबरें एक नजर में

### स्ट्रीक्स शैंपू हेयर कलर ब्रांड एंबेसडर बने बुमराह



लखनऊ/मुंबई, समृद्धि न्यूज। हाइजीनिक रिसर्च इंस्टीट्यूट (एचआरआई) के भारत के अग्रणी हेयर कलर और केयर ब्रांड स्ट्रीक्स ने अपने इनोवेटिव प्रोडक्ट स्ट्रीक्स शैंपू हेयर कलर के लिए भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। यह साझेदारी एक ऊर्जावान नए कैंपेन में फास्ट, स्ट्रीक्स सुपरफास्ट के साथ लॉन्च की जा रही है, जो आत्मविश्वास, गति और सहज स्टाइल का जश्न मनाता है। जसप्रीत बुमराह–अपनी स्पीड, उच्च प्रदर्शन और निरंतरता के लिए मशहूर–स्ट्रीक्स शैंपू हेयर कलर के स्पीड और गुणवत्तापूर्ण प्रदर्शन के वादे का सटीक प्रतिनिधित्व करते हैं। बुमराह के साथ यह नेरेटिव सिर्फ सुविधा तक सीमित नहीं रहता—बल्कि स्मार्ट ग्रूमिंग सुपीरियोरिटी और आधुनिक, आसान स्टाइल का नया बेंचमार्क देता है। हाइजीनिक रिसर्च इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मार्केटिंग, प्रियंका पुरी ने इस सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, हम स्ट्रीक्स परिवार में जसप्रीत बुमराह का स्वागत करते हुए बेहद उत्साहित हैं। हमारा स्ट्रीक्स शैंपू हेयर कलर उस वादे को सबसे तेज और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करता है। मैं फ़ास्ट स्ट्रीक्स सुपर–फ़ास्ट कैंपेन जल्द ही टेलीविज़न, डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म्स पर लॉन्च किया जाएगा, जिसमें जसप्रीत बुमराह को एक बोल्ड, आत्मविश्वासी और आधुनिक अंदाज़ में दिखाया जाएगा।

### सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स ने दिया धरना व सौंपा ज्ञापन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स कल्याण संघ उत्तर प्रदेश द्वारा आज पूरे प्रदेश में मण्डल मुख्यालयों पर मण्डलायुक्त तथा जिला मुख्यालयों पर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री जी को 15 सूत्रीय समस्याओं का ज्ञापन प्रेषित किया गया है। लखनऊ में कार्यक्रम स्व.बी.एन. सिंह की प्रतिमा स्थल पर सम्पन्न हुआ तथा उसके उपरान्त लखनऊ मण्डल तथा लखनऊ जनपद स्तर से ज्ञापन प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री को मण्डलायुक्त तथा जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया गया। संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष इं. आर.के. भाटिया ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग के विचारार्थ विषयों से पेंशनरों को अलग रखा जा रहा है, राज्य सभा में सरकार के जबाव में पेंशनरों के सम्बन्ध में स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया है। इं. भाटिया ने कहा कि पेंशनर जिन्होंने अपने जीवन के अमूल्य समय में से सरकार को समय दिया है, इस प्रकार उनके हितों को अनदेखा किया जाना सरकार का उचित कदम नहीं है, जिसका विरोध निश्चित रूप से होगा। पेंशनर राशिकरण की कटौती 15 वर्ष के स्थान पर 10 वर्ष 11 माह करने के लिए मांग कर रहे हैं। उच्च न्यायालय भी इसके पक्ष में कटौती पर स्टे दे चुकी है। परन्तु सरकार कटौती अवधि कम नहीं कर रही है, इसी प्रकार 65, 70 एवं 75 वर्ष पर पेंशन वृद्धि, मेडिकल बीजकों पर आयकर कटौती समाप्त करने आदि मुख्य मांगें हैं।

### ब्लोवर चलाये जाने की मांग

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। जवाहर भवन–इन्दिरा भवन कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय तथा कार्यकारी महामंत्री सुशील कुमार 'बच्चा' ने संयुक्त बयान देते हुए बताया कि ठण्ड का प्रकोप दिनों–दिन बढ़ रहा है जिससे दोनों भवनों में नौकरी कर रहे हजारों अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ठण्ड का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए दोनों भवनों में संचालित सेन्ट्रलाइज्ड एसी चलाये जाने की मांग राज्य सम्पत्ति अधिकारी से की गयी है, और इस आशय का पत्र भी लिखा गया कि बढ़ती ठण्ड को देखते हुए दोनों भवनों का सेन्ट्रलाइज्ड ए.सी. तत्काल चलाया जाये, जिससे शासकीय कार्यों में रूकावट न आने पाये।

### पदों की समाप्ति, संविदा कर्मियों की छटनी से बढ़ा आक्रोश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि राजधानी लखनऊ के बाद अब पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के अंतर्गत आने वाले शहरों और कस्बों में वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग कर सैकड़ों की संख्या में बिजली कर्मियों के पदों को समाप्त करने का प्लान है। इसके साथ ही मनमाने ढंग से सभी मापदंडों को ताक पर रखकर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में हजारों की संख्या में संविदा कर्मचारियों की छटनी की जा रही है जिससे बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा व्याप्त हो गया है। बड़े पैमाने पर पदों को समाप्त करने और संविदा कर्मियों की छटनी के विरोध में आज वाराणसी और प्रयागराज में बिजली कर्मियों ने जोरदार प्रदर्शन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। संघर्ष समिति ने बताया कि यह सब निजीकरण की तैयारी है जिससे निजीकरण के बाद निजी कंपनियों को तत्काल छटनी न करनी पड़े। इसीलिये बड़े पैमाने पर पदों को समाप्त किया जा रहा है और अत्यन्त अल्प वेतन भोगी संविदा कर्मियों को बिना किसी मापदंड के हटाया जा रहा है। संघर्ष समिति ने बताया कि पॉवर कॉरपोरेशन के चेयरमैन डॉ आशीष गोयल ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में पूर्वांचल में भदोही, मिर्जापुर,फतेहपुर, आजमगढ़ और मऊ में रिस्ट्रक्चरिंग करने तथा दक्षिणांचल में मथुरा और वृन्दावन में रिस्ट्रक्चरिंग करने का आदेश दिया है।

### आलू किसानों की आर्थिक स्थिति कमजोर : रालोद

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश में आलू का उत्पादन निरंतर बढ़ने के बावजूद किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य न मिलने पर चिंता व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने कहा कि आलू किसानों की आर्थिक स्थिति दिन–प्रतिदिन कमजोर होती जा रही है, जिससे उनके परिवार के खर्च, बच्चों की शिक्षा और अन्य आवश्यक जरूरतें प्रभावित हो रही हैं। डॉ. राय ने बताया कि उत्तर प्रदेश देश में आलू उत्पादन का अग्रणी राज्य है, विशेषकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश आलू की खेती के लिए प्रमुख क्षेत्र माना जाता है। किसान दिन–रात मेहनत कर, खाद–बीज, कीटनाशक और अन्य कृषि संसाधनों पर बड़ा खर्च करते हुए फसल तैयार करते हैं। किंतु जब आलू बाजार में पहुँचता है, तो उसकी कीमत लागत मूल्य से भी कम मिलती है, जिससे किसानों में भारी निराशा है। आलू किसानों को उनका वाजिब मूल्य मिले इसके लिए राष्ट्रीय लोकदल प्रयासरत है।

### इलाज के दौरान आजीवन कारावास की सजा काट रहे बंदी की मौत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। गोसाईगंज थाना क्षेत्र स्थित जिला कारागार में आजीवन कारावास की सजा काट रहे बंदी की केजीएमयू में इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरा और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान अवंतिका (66) पुत्र नागेश्वर के रूप में हुई है, जो मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के कूढ़ा निवासी था। वह हत्या के एक मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा था। बंदी अवंतिका किडनी और लिवर से संबंधित गंभीर बीमारियों से जूझ रहा था। इसी कारण उसे 1 दिसंबर को जिला कारागार अस्पताल से बलरामपुर अस्पताल भेजा गया था। अगले ही दिन, हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उसे केजीएमयू रेफर कर दिया था। बताया जा रहा है कि अवंतिका को इससे पहले भी कई बार इलाज के लिए बलरामपुर अस्पताल भेजा जा चुका था। बुधवार रात केजीएमयू में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजन उपचार के समय मौजूद थे। पुलिस और जेल प्रशासन द्वारा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### मनाया गया पीआरडी स्थापना दिवस

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग द्वारा जेल रोड, आनन्द नगर स्थित महानिदेशालय पर 77वें प्रान्तीय रक्षक दल पीआरडी स्थापना दिवस समारोह का आयोजन परेड ग्राउण्ड में 11 दिसम्बर को किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि सुहास एलवाई सचिव, युवा कल्याण एवं खेल, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पीआरडी जवानों की रैतिक परेड का निरीक्षण करने के उपरान्त मान–प्रणाम स्वीकार किया गया। अशोक कुमार कनौजिया संयुक्त निदेशक प्रशासन द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया।

**ट्रांसप्लांट के बाद मरीजों को संक्रमण से बचाने के लिए खास किए गए इंतजाम**

# राज्यपाल ने बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट का किया शुभारंभ

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज केजीएमयू में बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट शुभारंभ किया। इससे अब यहां ब्लड कैंसर के मरीजों का भी इलाज हो सकेगा। हेमेटोलॉजी विभाग में बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट बनाया गया है। 8 बेड की यूनिट मॉडर्न सुविधाओं से लैस है। ट्रांसप्लांट के बाद मरीजों को संक्रमण से बचाने के लिए खास इंतजाम किए गए हैं। हवा से आने वाले फंगस और बैक्टीरिया को रोकने के लिए खास फिल्टर लगाए गए हैं।



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा बोन मैरो का इलाज काफी महंगा है। साधन संपन्न लोग तो इसका उपचार करा लेते हैं, लेकिन अन्य लोग असहाय हो जाते हैं। केजीएमयू में इसका उपचार शुरू हो जाने से असहाय लोगों को लाभ मिलेगा। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा सरकार ने सालभर में केजीएमयू को 1800 करोड़ रुपए दिए हैं। इससे स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधा बढ़ी है। समारोह में स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह और आदित्य बिड़ला ग्रुप ऑफ कंपनी की निदेशक पद्म विभूषण राजश्री बिरला भी शामिल हुईं। हमें उम्मीद है कि आगे चल कर हम एक आर्ट और क्राफ्ट यूनिवर्सिटी भी बना सकें। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा ब्रोन मैरो का उपचार आज भी बहुत महंगा है। समाज का संपन्न समाज तो इसके खर्च का बोझ उठा लेता है, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर असहाय हो जाता है। केजीएमयू में शुरू हुई बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट ऐसे असहाय लोगों के लिए बहुत लाभदायक साबित होगा। उत्तर प्रदेश के ही नहीं अन्य राज्यों के दूर-दराज से आए मरीजों को उपचार मिलेगा।

### 2.78 करोड़ रुपए की लागत से यूनिट तैयार

ट्रांसप्लांट यूनिट का निर्माण आदित्य बिड़ला कैपिटल फाउंडेशन के सरएसआर फंड से किया गया है। लगभग 2.78 करोड़ रुपए की लागत से यूनिट तैयार की गई है। ब्लड और गांठ कैंसर से पीड़ितों में बोन मैरो ट्रांसप्लांट किया जाएगा। अनुवांशिक बीमारी थैलसीमिया, ए प्लास्टिक एनीमिया से पीड़ितों का भी बोनमैरो ट्रांसप्लांट किया जाएगा। यूनिट के सेकंड फेज के लिए भी एमओयू हुआ है। ट्रांसप्लांट के मरीजों का प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री राहत कोष से इलाज किया जा सकेगा। आयुष्मान और असाध्य योजना से भी मरीजों का प्रत्यारोपण किया जाएगा। हॉस्पिटल रिवॉल्विंग फंड के काउंटर से मरीजों को सस्ती दर पर दवाएं मुहैया कराई जाएंगी। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा आंगनबाड़ी केंद्रों में सुविधा की कमी थी। इसे दूर करने के लिए विश्वविद्यालयों को इससे जोड़ा। विश्वविद्यालयों को जोड़कर आंगनबाड़ी केंद्रों में सुविधाएं बढ़ाईं। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा आदित्य बिड़ला ग्रुप ऑफकंपनी की निदेशक राजश्री बिरला राजश्री को मैं क्राफ्ट रूट संस्थान को 60 लाख का अनुदान देने के लिए बहुत धन्यवाद देती हूं। इस संस्थान में 80 हजार आर्टिस्ट जुड़े हैं।

### फेन्सीडिल कफ सिरप की तस्करी में दो गिरफ्तार

**लखनऊ।** लखनऊ में एसटीएफ ने फेंसेडिल कफसिरप और कोडीन युक्त दवाओं की तस्करी करने वाले बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। टीम ने दिल्ली के एबॉट कंपनी के सुपर डिस्ट्रीब्यूटर अभिषेक शर्मा और उसका भाई शुभम शर्मा को आलमबाग से गिरफ्तार किया। दोनों बिहार, झारखंड और बंगाल के जरिए बांग्लादेश तक होने वाली तस्करी नेटवर्क की अहम कड़ी थे। एसटीएफ अधिकारी लाल प्रताप सिंह ने बताया मुखबिर से सूचना मिली थी कि दोनों भाई लखनऊ पहुंचे हैं। टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर बस अड्डे के पास से दोनों को गिरफ्तार किया। अभिषेक ने बताया कि वह 2019 से जीआर ट्रेडिंग में काम कर रहा था। यहां फेंसेडिल कफसिरप की फर्जी फर्मों के माध्यम से खरीद-बिक्री दिखाकर तस्करों तक पहुंचाया जाता था।

# एफएसडीए का गजक फैक्ट्री पर छापा 70 किलो खराब पतीसा नष्ट कराया

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने गुरुवार को पारा इलाके में मिठाई फैक्ट्री पर छापा मारा। टीम को हंसखेड़ा स्थित ओल्ड कमल गजक एंड पेठा प्रतिष्ठान पर 70 किलो खराब पतीसा मिला। कैम्पवेल रोड पर लक्ष्मी ट्रेडर्स से करीब 25,316 किलो खाद्य तेल सीज किया।

खाद्य विभाग की टीम ने पहले ओल्ड कमल गजक एंड पेठा के प्रतिष्ठान पर छापेमारी की। मौके पर मालिक राखी मेहरोत्रा मौजूद मिलीं। परिसर में 25 मजदूर रेवड़ी, गजक, चिक्की और पतीसा तैयार करते पाए गए। जांच के दौरान लगभग 70 किलो खराब पतीसा मिला, जिसका बाजार मूल्य करीब 15 हजार रुपए है। इसे खाद्य कारोबार की मौजूदगी में गड्ढा खुदवाकर नियमानुसार नष्ट कराया गया। इसके साथ ही पतीसा, गजक, बेसन, काला तिल, मूंगफली दाना, रेवड़ी और किशमिश कुल 7 नमूनों को जांच के लिए लैब भेजा गया। इसके अलावा 79 किलो काला तिल, 158 किलो बेसन और 9 किलो किशमिश को भी सीज किया गया। प्रतिष्ठान में पाई गई गंभीर खामियों को देखते हुए खाद्य पदार्थों के निर्माण और बिक्री को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश दिया गया। टीम ने कैम्पवेल रोड चौराहा स्थित लक्ष्मी ट्रेडर्स पर भी छापेमारी की। यहां विभिन्न ब्रांड्स उर्जा, कमल, सम्पूर्ण और मेट्रो तेल के साथ टैंकों में रखे तेल के कुल 8 नमूने लिए गए।

### चाइनीज मांझे से युवक की गर्दन कटी, सात टांके लगे

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में चाइनीज मांझे से युवक की गर्दन कट गई। घायल को तुरंत सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने गर्दन में 7 टांके लगाए। डॉक्टरों ने कहा- समय से आने से जान बच गई। युवक की हालत खतरे से बाहर है। घटना गुरुवार को बर्लिंगटन चौराहे के पास हुई। युवक की पहचान अश्विनी कश्यप (35) के रूप में हुई। अश्विनी बाइक से अपने घर जा रहे थे। इस दौरान बर्लिंगटन चौराहे के पास पतंग का चाइनीज मांझा उनकी गर्दन उलझ गया। जब तक वह संभलते उनकी गर्दन कट गई। गर्दन कटने से अश्विनी सड़क पर गिरकर तड़पने लगे। राहगीरों ने तुरंत अश्विनी को सड़क से उठाकर अस्पताल पहुंचाया।

# शिक्षकों ने टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ भरी हुंकार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने टेट अनिवार्यता को लेकर उत्तर प्रदेश सहित देशभर के लाखों शिक्षकों ने बुनियादी मांगों के संदर्भ में दिल्ली के जंतर-मंतर पर विशाल धरना देकर केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित किया।



संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय ने आन्दोलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा अधिकार अधिनियम लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता थोपना निंदनीय अव्यावहारिक है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद शिक्षक तनावग्रस्त व गंभीर पीड़ा से गुजर रहे हैं लंबे कुशल शिक्षक अनुभव व विभागीय प्रशिक्षण प्राप्त उत्तर प्रदेश सहित बिहार पश्चिम बंगाल,तमिलनाडु,महाराष्ट्र,गुजरात,कर्नाटक आदि प्रदेशों से 12 सौ,15 सौ किलोमीटर यात्रा कर देशभर के शिक्षक टीईटी अनिवार्यता से छूट के लिए दिल्ली में एकत्र हुए हैं ।सरकार उत्तर प्रदेश के 2 लाख शिक्षकों सहित पूरे देश में 20 लाख शिक्षकों की सेवा सुरक्षा करे। उन्होंने कहा कि शिक्षक पात्रता परीक्षा एक बार ली जाने वाली परीक्षा है, जिसे नियुक्ति के समय चयन के लिए बनाया गया है न कि सेवारत शिक्षकों की पात्रता को जांचने के लिए है। वहीं रेलवे संगठन के महासचिव शिव गोपाल मिश्र ने आन्दोलन का समर्थन करते हुए कहा कि सरकार तत्काल शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण करे। अगर सरकार अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ की मांगों की अनदेखी करती है तो मजबूरी में रेलवे यूनियन कंधे से कंधा मिलाकर आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी।

# यूपी में महिला सशक्तिकरण व स्वालम्बन की दिशा में उठाए जा रहे हैं क्रान्तिकारी कदम

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल व उनके कुशल मार्गदर्शन मे यूपी में महिला सशक्तिकरण व स्वालम्बन की दिशा मे क्रान्तिकारी कदम उठाये जा रहे है। स्वयं सहायता समूहो के माध्यम से महिलाओं को जोड़कर गतिविधियों व क्रियाकलापों के माध्यम से न केवल स्वावलम्बी बनाया जा रहा है, बल्कि उन्हे लखपति दीदी की श्रेणी मे लाने के भरसक प्रयास किये जा रहे हैं।

समूहों की दीदियो को विभिन्न विभागो से समन्वय कर आमदनी मे इजाफा किया जा रहा है। दीदियो को उनके क्रियाकलापो व गतिविधियों मे किसी प्रकार की दिक्कत या अवरोध न आने पाये, उन्हे किसी



प्रकार की कठनाई न होने पाये, इस दिशा मे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सोच व मन्शा के अनुरूप विकास खण्ड स्तर पर प्रत्येक मंगलवार को प्रेरणा दिवस का आयोजन किया जा रहा है।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अनुसार विकासखंड स्तर पर प्रत्येक महीने के प्रथम मंगलवार को समूह सखी, द्वितीय मंगलवार को बैंक सखी, एफएलसीआरपी वित्तीय साक्षरता सामुदायिक संसाधन व्यक्ति एवं विद्युत सखी, तृतीय मंगलवार को अजीविका सखी एवं उद्योग सखी और चतुर्थ मंगलवार को एफएनएचडब्ल्यू सीआरपी खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य, एवं स्वछता संसाधन व्यक्ति की समीक्षा बैठक प्रेरणा दिवस के रूप में आयोजित की जा रही है। उनकी शिकायतों का निस्तारण किया जाता है और सुझावो पर विचार किया जाता है। मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि नवंबर में जनपदो के विकास खण्डों में 1111 प्रेरणा दिवस का आयोजन किया गया। 32,413 कैडर एवं 3164 कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में 836 शिकायत एवं सुझाव प्राप्त हुए, इसमें से 754 का निस्तारण कर दिया गया। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत। 9,04,250 स्वयं सहायता समूह का गठन किया गया है।

### एसआईआर मुद्दे पर आवाज बुलंद करेगी एनएसयूआई

**लखनऊ ।** लखनऊ यूनिवर्सिटी के ओल्ड कैंपस में एनएसयूआई की प्रदेश प्रभारी देवकी पटेल पहुंचीं, जहां उन्होंने छात्र नेताओं और संगठन के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। कैंपस में चल रहे हस्ताक्षर अभियान की समीक्षा के साथ उन्होंने छात्रों से जुड़ी गतिविधियों का जायजा लिया। बैठक के दौरान देवकी पटेल ने 14 दिसंबर को दिल्ली में होने वाली महा रैली को लेकर कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह रैली छात्रों के मुद्दों को राष्ट्रीय मंच पर मजबूती से रखने का अवसर है। साथ ही प्रदेशभर में एनएसयूआई संगठन को विस्तार देने की रणनीति पर भी चर्चा हुई। एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव शुभम ने बताया कि देवकी पटेल लगातार एसआईआर मुद्दे को लेकर बैठकों कर रही हैं।

# तापमान में गिरावट के साथ अस्पतालों में मरीजों की संख्या में हुआ इजाफा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** तापमान में गिरावट के साथ अस्पतालों में मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। सरकारी अस्पतालों में फ्रैक्चर के मरीजों की संख्या भी बढ़ी है। इमरजेंसी के अलावा ओपीडी में भी मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। अस्पतालों में सबसे ज्यादा बुखार और वायरल के मरीज आ रहे है।

राजनारायण लोकबंधु अस्पताल में गुरुवार को दोपहर 12 बजे तक 1500 से ज्यादा मरीज पहुंचे। इनमें सीजनल फ्लू और वायरल मरीज रहे। इसके अलावा एक दर्जन से ज्यादा फ्रैक्चर के मरीज अस्पताल पहुंचे। कृष्णा नगर के रहने वाले विकास साहू कहते हैं बुजुर्ग पिता अशोक कुमार साहू घर में कुर्सी पर बैठकर धूप ले रहे थे। इस दौरान अचानक किसी काम के लिए उठे, इस बीच डिसबैलेंस होकर गिर गए। जिससे उनके हड्डी घसक गई। जांच में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई है। लोकबंधु अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया है। यहां डॉक्टरों ने इलाज शुरू कर दिया पर शुगर-बीपी जैसी की कई समस्याएं हैं। इसलिए थोड़ा परेशानी हो रही है। गुरुवार सुबह चिकित्सा अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक समेत निदेशक ने अस्पताल परिसर का राउंड लिया। इस दौरान भर्ती मरीजों से उनका हाल चाल लिया। इसके बाद इमरजेंसी का भी प्रशासनिक अवसरों में निरीक्षण किया। यहां इमरजेंसी वार्ड में भर्ती फ्रैक्चर के बुजुर्ग मरीज का सही से इलाज करने के निर्देश दिए।

### व्यावसायिक परीक्षा के लिए प्रयोगात्मक परीक्षकों की मैपिंग प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश

**लखनऊ ।** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश ने अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा, दिसम्बर-2025 ऐनुअल सिस्टम, डवेल सिस्टम आफ ट्रेनिंग की तैयारियों को गति देते हुए जिलाधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि लेफ्ट ओवर, सप्लीमेंटरी श्रेणी की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 15 दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक आयोजित की जाएंगी। इसके लिए प्रैक्टिकल एग्जामिनर मैपिंग की अनिवार्य समय-सीमा 9 दिसम्बर से 26 दिसम्बर निर्धारित की गई है, जिसे परीक्षा से पूर्व पूर्ण किया जाना है। प्रमुख सचिव ने बताया कि डीजीटी, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रैक्टिकल एग्जामिनर मैपिंग उन परीक्षकों की की जाएगी।

**निर्देश** — हाइलेबल कमेटी की देखरेख में होगी ग्राम पंचायतों में वितरण हेतु वाद्य यंत्रों की खरीद

# पर्यटन विभाग की 19 परियोजनाओं की वित्तीय स्वीकृति शीघ्र होगी जारी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज दूसरे दिन पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यटन विभाग की परियोजनाओं को तय समय सीमा में पूरा किया जाए। व्यवधान की स्थिति में निस्तारण करते हुए कार्य को आगे बढ़ाया जाए।

वित्तीय वर्ष 2025-26 की स्वीकृत कार्ययोजना में शामिल 19 परियोजनाओं के आगणन प्रस्ताव की स्वीकृति शीघ्र जारी कर दी जाएगी। उन्होंने अब तक न शुरू की गई परियोजनाओं की भी गहन समीक्षा



करते हुए कार्य की गति तेज करने के निर्देश दिए। पर्यटन मंत्री आज गोमती नगर स्थित पर्यटन भवन के सभागार में संस्कृति तथा पर्यटन विभाग की निर्माण कार्य से जुड़ी परियोजनाओं तथा विभागीय गतिविधियों की बिंदुवारसमीक्षा की। बदले परिवेश में परियोजनाओं को गुणवत्ता के साथ पूरा करके पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा दिया जाए, ताकि वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग का अधिकतम सहयोग सुनिश्चित हो सके और स्थानीय लोगों को अपने घर के आस-पास रोजगार मिल सके। भारतेन्दु नाट्य अकादमी, राज्य ललित कला अकादमी, वृंदावन स्रोत संस्थान, अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक स्रोत संस्थान द्वारा भी विभिन्न कार्यक्रमों हेतु समन्वय का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश में लोक सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए संस्कृति उत्सव के आयोजन के निर्देश दिए। प्रदेश के 75 जनपदों के लिए निदेशालय स्तर से नोडल अधिकारी नामित करने के भी निर्देश दिए।

### समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करें अधिकारी

उन्होंने पिछली बैठकों में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति की भी समीक्षा की। अधिकारी किसी कार्य में अड़गा न लगाए, बल्कि उसके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करे संस्कृति विभाग द्वारा लोककला से आमजनता को जोड़ने तथा उन्हें संरक्षित रखते हुए अगली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए संस्कृति विभाग ने वाद्य यंत्रों का सेट क्रय करके वितरित किया था। उसमें से अवशेष 26 सेट वाद्य यंत्र भातखंडे संगीत संस्थान को और आजमगढ़ के हरिहर पुर स्थित संगीत विद्यालय को उपलब्ध करा दिए गए है। यह वाद्य यत्र वित्तीय वर्ष 2023-24 में क्रय किए गए थे। उन्होंने शेष जनपदों में वाद्य यंत्र का सेट वितरित करने के लिए एक उच्चस्तरीय कमेटी की देख-रेख में नए वाद्य यंत्र क्रय करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि नए वाद्य यंत्र की गुणवत्ता एवं टिकाऊपन की जांच के लिए विशेषज्ञों की भी राय ली जाए और क्रय करते समय वित्तीय अनुशासन एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में वाद्य यंत्र क्रय करने के लिए कार्यवाई शुरू कर दी गयी है। रेडियों जयघोष की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने के लिए कार्यवाई शुरू की जाए। रेडियो जयघोष की क्षमता बढ़ने से दूरस्थ स्थानों तक रेडियों जयघोष के कार्यक्रमों का श्रोताओं को लाभ मिलेगा। बैठक में यह भी बतायागया कि संगीत नाटक अकादमी द्वारा रिसोर्ट होटल से समन्वय किया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### अवैध चाकू के साथ पुलिस ने दो युवकों को धरा



**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** पुलिस ने अभियुक्त अर्जुन पुत्र भैयालाल निवासी ग्राम अकाखेडा को कटकिया तिराहा से लगभग 50 कदमो की दूरी पर कच्चे रास्ते से पास से समय करीब 08:20 बजे मय एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया। इसी गांव के अभियुक्त बबलू पुत्र बुलाकी को सरैया स्कूल की तरफ जाने वाली चकरोड पर गुरसहाय इण्टर कालेज तिराहे से के पास से समय करीब 20:39 बजे एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया।

### तमंचे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** बीती रात पुलिस ने अभियुक्त राहुल पुत्र लल्लन निवासी ग्राम झरहर डोडो ग्राम अकाखेडा की पक्की रोड से अमापुर को जाने वाले रास्ते के पास समय करीब 7:25 बजे गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 1 देशी तंमचा 315 बोर मय 1 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त राहुल पुत्र लल्लन उपरोक्त के विरुद्ध थाना रिपोर्ट पंजीकृत कर कोर्ट में पेश किया।

### अधिवक्ता ने दर्ज कराई जान माल के खतरे की रिपोर्ट

**तिलहर-शाहजहांपुर।** मोहल्ला के मौजमपुर कस्बा निवासी अधिवक्ता ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि मेन मार्किट में नगर पालिका के सामने जारा फैशन के नाम से उसकी कपडो की दुकान है। नौ दिसंबर को पूर्वान्ह करीब साढ़े ग्यारह बजे वह किसी जरूरी काम से मौजमपुर ईदगाह की ओर गया था। आरोप है कि इसी दौरान मोहल्ला उम्मरपुर निवासी मो इमरान उर्फ छोटा डॉन पुत्र शमीम ने दो साथियों के साथ उसे रोककर गाली गलौज कर मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। वह किसी तरह जान बचाकर भागा। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि मो इमरान एक गुंडा है। जिससे उसे जान माल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### बिजली बिल माफ कराने के नाम पर रुपए हड़पे

**पुवायां-शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव फरेंदा निवासी संदीप पुत्र पूरनलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि थाना सिंधौली के गांव रहरिया निवासी सुबोध ने उसका बिजली बिल माफ करने के नाम पर 50 हजार रुपए ले लिए। जिसके कुछ दिन बाद बिजली बिल माफ नहीं हुआ तो पीड़ित ने रुपए वापस करने को कहा। जिस पर उक्त व्यक्ति ने रुपए वापस करने से इनकार कर दिया और गाली गलौज करने पर आमादा हो गया। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की।

### जिला वेटलिफ्टिंग टीम के चयन हेतु ट्रायल 15 को



**शाहजहांपुर।** वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा जिला वेटलिफ्टिंग टीम के चयन हेतु 15 दिसंबर को अपराह्न 2:00 बजे से शांति देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथौड़ा बुजुर्ग में बालक एवं बालिका वर्ग के सब जूनियर, सीनियर आयु वर्ग तथा सभी भार वर्ग में निशुल्क ओपन चैन ट्रायल लिया जाएगा। जिसमें पूरे जनपद के महिला एवं पुरुष खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकते हैं। जिला स्तर पर चयनित भारोत्तोलन टीम उत्तर प्रदेश भारोत्तोलन एसोसिएशन द्वारा 8 से 14 जनवरी तक मोदीनगर गाजियाबाद में आयोजित राज्य स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। चयन ट्रायल में उत्तर प्रदेश भारोत्तोलन एसोसिएशन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। सभी खिलाड़ी अपने साथ आधार कार्ड अवश्य लेकर आए। यह जानकारी शाहजहांपुर वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव अजय पाल वर्मा ने दी।

### आईजीआरएस पोर्टल पर बाल पोषाहार न मिलने की शिकायत

**सिंधौली-शाहजहांपुर।** विकासखंड सिंधौली के गांव पीरताला निवासी राजू गुप्ता ने पत्र भेजकर बताया कि उनके भतीजे के लिए अक्टूबर माह में पोषाहार का दो बार उठान किया गया, लेकिन वास्तविक रूप से केवल एक बार ही पोषाहार उपलब्ध कराया गया। राजू गुप्ता का कहना है कि रिकॉर्ड में दो बार पोषाहार वितरण दिखाया गया है, जबकि हकीकत में एक बार ही सामग्री दी गई। उन्होंने अधिकारियों से मामले की जांच कर जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

### संदिग्ध राशन भरी पिकअप पुलिस ने पकड़ी

**सिंधौली-शाहजहांपुर।** सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव नगला बलेटू गांव के ग्रामीणों की सूचना पर संदिग्ध तौर पर ले जायी जा रही राशन से भरी एक पिकअप पुलिस ने कब्जे मे ली है। ग्रामीणों ने बताया कि बुधवार शाम करीब 8 बजे एक पिकअप वाहन गांव से राशन लेकर निकल रही है। उन्हें संदेह हुआ कि यह राशन सामग्री किसी कोटेदार का सरकारी राशन हो सकती है, जिसे अवैध रूप से बेचा जा रहा है। इसी आधार पर ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और पिकअप का पीछा कर उसे गंधरपुर गांव में पकड़ लिया। वाहन को हिरासत में लेकर कोतवाली लाया गया, जहां उसके सामान की जांच की जा रही है। कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर राशन से भरी पिकअप को कब्जे में लिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की पूरी जांच जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा की जाएगी। यह जांच स्पष्ट करेगी कि पकड़ा गया राशन किसी कोटे का है या फिर निजी स्रोत से खरीदा गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित लोगों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### झोलाछाप के इंजेक्शन से बेटे की हालत गंभीर

**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** झोलाछाप द्वारा गलत इंजेक्शन लगा देने से बेटे के मरणासन्न हालत मे पहुंच जाने का आरोप लगाते हुए महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग की है। राजपुर नगला निवासी श्यामपाल की पत्नी रूबी ने पुलिस को दी तहरीर मे कहा है कि बीते 29 नबम्बर को उसके बेटे देवेश को तेज बुखार आने से तबियत खराब हो गई वह बेटे को लेकर पास के गाँव दियुरा में प्राइवेट क्लीनिक चलाने वाले एक डॉक्टर के पास लेकर पहुंची। बताया कि उसने इंजेक्शन लगाने के साथ दवाई दे दी। वापस घर जाते समय रास्ते मे उसका बेटा बेहोश होकर गिर गया। वह बेटे को लेकर जलालाबाद पहुंची जहां कई दिन चली दवा के बाद उसकी तबियत मे सुधार हुआ है। महिला का आरोप है कि गलत इंजेक्शन लगा देने से उसके बेटे की तबियत बिगड़ गई जिस कारण उसका काफी पैसा खर्च होने के साथ बेटे को शारीरिक परेशानी उठानी पड़ी। इंस्पेक्टर राजीव तोमर ने बताया कि मामले की जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

# शिक्षक एकता पर हमलावर तत्वों को नहीं मिलेगी जगहः मुनीश

**संघ जनपद के प्रत्येक ब्लॉक में सक्रिय, तदर्थ समितियों के माध्यम से शीघ्र होंगे निर्वाचन**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जो प्रदेश के सात लाख शिक्षक सदस्यों वाला शासन एवं विभाग से मान्यता प्राप्त सबसे बड़ा और सर्वाधिक सक्रिय संगठन है, अपने संविधान, अनुशासन और शिक्षक एकता के सिद्धांतों पर दृढ़तापूर्वक कार्य कर रहा है। महानगर के एक रेस्टोरेंट में आयोजित प्रेस वार्ता एवं संघ की विशेष बैठक में जिला अध्यक्ष मुनीश मिश्र ने कहा कि संघ अपने संविधान और प्रांतीय निर्देशों के अनुसार संचालित होता है और अनुशासनहीनता किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कुछ पदलोलुप शिक्षक प्रतिदिन संगठन बदलकर स्वयं तो मालाएं पहन लेते हैं, लेकिन ऐसे लोग शिक्षक एकजुटता की जड़ों में मट्ठा डालने कार्य कर रहे हैं।

प्रदेश नेतृत्व डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा एवं श्री संजय सिंह के नेतृत्व में पूरे प्रदेश के शिक्षक जिस विश्वास, निष्ठा और ऐतिहासिक एकजुटता के साथ हर आंदोलन में भाग लेते रहे हैं, वही इस संगठन की साख और शक्ति का आधार है। प्रेस वार्ता में विभिन्न विकास खंडों के प्रतिनिधियों की





उपस्थिति ने यह प्रमाणित किया कि शाहजहांपुर में संघ श्री मुनीश मिश्र एवं श्री देवेश बाजपेई के नेतृत्व में पूर्णतः मजबूत एवं एकजुट है। संघ के जिला मंत्री देवेश बाजपेई ने बताया कि कुछ तथाकथित लोग शिक्षकों को यह भ्रमित कर रहे हैं कि आठ ब्लॉक शाखाएँ उनके नियंत्रण में हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि अनुशासनहीनता में निष्कासित व्यक्ति न तो संघ के पदाधिकारी हैं और न ही सदस्य। उन्होंने बताया कि संघ संविधान के अनुसार उन आठों विकास खंडों में संघ संयोजकों के नेतृत्व में तदर्थ समितियाँ गठित कर दी गई हैं, जो सदस्यता सूची तैयार कर रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन विकास खंडों में 15 दिनों के भीतर पूर्णतः वैधानिक एवं पारदर्शी निर्वाचन कराकर नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया जाएगा।

जिला मीडिया प्रभारी एवं अध्यक्ष भावलखेड़ा राजकुमार तिवारी ने कहा कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के सभी चुनाव प्रांतीय कार्यकारिणी के निर्देशानुसार और संघ संविधान के तहत ही कराए जाते हैं। पूर्व में प्रांतीय आदेशानुसार जनपद में निर्वाचन प्रक्रिया शुरू की गई थी, जिसकी पूर्ण तैयारी जनपदीय कार्यकारिणी ने की थी, परंतु बाद में प्रांतीय निर्देशानुसार निर्वाचन स्थगित कर दिए गए। अब जैसे ही प्रांतीय आदेश प्राप्त होगा, जनपद में निष्पक्ष, पारदर्शी और शत-प्रतिशत संवैधानिक चुनाव कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि तदर्थ समिति वाले विकास खंडों में संघ संयोजकों के नेतृत्व में जल्द ही निर्वाचन कराए जाएंगे। बैठक में यशपाल सिंह यादव को संघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद से बर्खास्त करते हैं प्राथमिक सदस्यता से छः वर्ष के लिए निष्कासित किया गया। इस दौरान रविन्द्र पाल प्रजापति, राजकुमार तिवारी, डा. विनय गुप्ता, प्रदीप सिंह, शिवकिशोर मिश्रा, अश्विनी अवस्थी, नवेंद्र मिश्रा, संजय मिश्रा, उमेश चंद्र, देवेंद्र सिंह, अभिनय मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## संकुल स्तर भाषा उत्सव यात्रा का आयोजन



**शाहजहांपुर।** ब्लाक पुवायां की न्याय पंचायत जेवां की नोडल पल्लवी (राज्य पुरस्कृत) द्वारा भाषा उत्सव यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चे विभिन्न भेषभूषा जैसे कश्मीरी, राजस्थानी, बंगाली आदि तथा विभिन्न भाषाओं के माध्यम से एकता का संदेश दिया। भाषा उत्सव यात्रा में पूर्व माध्यमिक विद्यालय जेवाँ व प्राथमिक विद्यालय जेवां के छात्रों ने प्रतिभाग किया। छात्र सोनल, प्रिया, सिद्धि, इंद्रा आदि तथा शिक्षक शंभू, मुकेश, रजनी, पारुल, शबीह, प्रीति, देवेंद्र आदि उपस्थित रहे। नोडल शिक्षिका सुश्री पल्लवी द्वारा कहा गया कि इस तरह से कार्यक्रमों से छात्र सभी के सभी प्रदेशों की संस्कृति के बारे में सीख सकेंगे।

## सरकारी स्कूल की बाउंड्री वॉल निर्माण में फिर विवाद

**लेखपाल से भिड़े दबंग, राजस्व टीम की पैमाइश के बाद होगा निर्माण कार्य**

**पुवायां-शाहजहांपुर**

तहसील के गांव उमरिया कल्यानपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री वॉल निर्माण में फिर एक बार विवाद गहरा गया है। विद्यालय परिसर की जमीन स्पष्ट होने के बावजूद कुछ ग्रामीण लगातार निर्माण कार्य में बाधा खड़ी कर रहे हैं। उमरिया कल्याणपुर के प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य एक बार फिर अधर में लटक गया है। गांव के कुछ दबंग लगातार स्कूल के कार्य में बाधा डाल रहे हैं। जिससे स्कूल की बाउंड्री वॉल का कार्य नहीं हो पा रहा है। बृहस्पतिवार को मौके पर लेखपाल अजीत सिंह पहुंचे और पूरे विवादित स्थल का निरीक्षण किया। बताया गया कि गांव के सम्मानित व्यक्तियों द्वारा पहले आपसी सहमति से समाधान तय किया गया। लेकिन कुछ लोग उस फैसले को मानने को तैयार नहीं हैं। स्कूल की बाउंड्री वॉल की उत्तर दिशा में भरी गई नींव को लेकर कुछ ग्रामीणों ने आपत्ति दर्ज कराई। उनका कहना था कि नींव गलत स्थान पर डाली गई है और इसे दोबारा सही कराया जाए। वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों का एक बड़ा वर्ग यह आरोप लगा रहा है कि पश्चिम दिशा में सरकारी तालाब और ग्राम पंचायत की भूमि पर कब्जा जमाए बैठे लोगों को ही आपत्ति हो रही है, क्योंकि बाउंड्री बनने से उनका कब्जा उजागर हो सकता है। वही स्थल निरीक्षण के दौरान लेखपाल अजीत सिंह ने कहा कि गांव में आपसी समझौते से मामला सुलझता नहीं दिख रहा है।इसलिए अब राजस्व टीम को बुलाकर दोबारा पैमाइश कराई जाएगी। पैमाइश के बाद ही बाउंड्री वॉल का अधूरा पड़ा निर्माण कार्य आगे बढ़ेगा। वही खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार शुक्ला ने बताया कि स्कूल की बाउंड्री बाल में जो भी बाधा आ रही है उसे दूर किया जाएगा और जल्द ही बाउंड्री बाल का निर्माण कार्य कराया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय गांव के बच्चों की शिक्षा का केंद्र है। लेकिन बार-बार होने वाले विवाद और अड़चनों के कारण बाउंड्री वॉल का काम अधर में लटका हुआ है। जिससे विद्यालय की सुरक्षा और व्यवस्था प्रभावित हो रही है। वही ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की हैं कि सरकारी भूमि एवं तालाब पर कब्जा करने वालों पर कार्रवाई की जाए और विद्यालय की बाउंड्री वॉल का निर्माण जल्द पूरा कराया जाए, ताकि बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित हो सके।

## पुलिस ने बच्चों को दी सुरक्षा व यातायात जागरूकता की सीख

**खुटार-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के रामपुर कला स्थित शहीद उधम सिंह इंटर कॉलेज में गुरुवार को थाना अध्यक्ष राजेंद्र कुमार रावत पुलिस टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने विद्यालय के छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। रावत ने बच्चों को सलाह दी कि वे अपने पिता या बड़े भाई को बिना हेलमेट बाइक न चलाने दें, ताकि अनहोनी की संभावनाएं कम हों और उनकी जिंदगी सुरक्षित रहे। साथ ही उन्होंने 112 नंबर की उपयोगिता बताते हुए कहा कि किसी भी आपात स्थिति में इस नंबर पर कॉल करने से पुलिस तुरंत सहायता के लिए पहुंच जाती है। कार्यक्रम में महिला दरोगा जागृति आर्य ने छात्राओं को 1090 महिला सुरक्षा हेल्पलाइन के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या आपात स्थिति में 1090 पर तुरंत कॉल कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। थाना अध्यक्ष राजेंद्र कुमार रावत, सिपाही सनी कुमार, महिला दरोगा जागृति आर्य व महिला सिपाही प्रमिला कार्यक्रम में उपस्थित रहे। स्कूल की ओर से प्रधानाचार्य सरबजीत सिंह सिद्धू, वाइस प्रिंसिपल विजय पाल सिंह, संतोष मिश्रा, पंकज कुमार और अनुज गुप्ता ने पुलिस टीम का स्वागत किया तथा प्रधानाचार्य द्वारा इंस्पेक्टर रावत को डायरी और पेन देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में सुरक्षा जागरूकता को लेकर विशेष उत्साह देखा गया।

## ई-बसों की इनकम, चार्जिंग बिल की भी नहीं हो पा रही भरपाई

**यूं ही चला तो आने वाले समय में चालक-परिचालकों की सैलरी पर संकट**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर विकास विभाग द्वारा जनपद में ई-बसों का संचालन नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम यात्रा के लिए कराया जा रहा है, लेकिन पिछले पंद्रह बीस दिनों से ई-बसों का संचालन शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में न किए जाने का फरमान आने के बाद ई-बसों का संचालन महानगर क्षेत्र में ही सिटी बस प्रबंधन द्वारा कराया जा रहा है। जिससे तहसील,ब्लाक मुख्यालयों से चलने वाले रोजाना यात्रियों को तमाम दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है, वही ई-बसों के सामने भी संकट बना हुआ है कि जिन रुटों पर शहर में ई-बसें चलाई जा रही है। उन रुटों पर अतिक्रमण, संकरी रोड होने के कारण बसें नहीं चल पा रही है और रोजाना शहर में जाम की स्थिति बनी हुई है। वही एक पड़ताल में यह सामने आया है कि इन ई-बसों की चार्जिंग पर रोजाना लगभग 15 हजार रुपये की बिजली खपत होती है, जबकि इनकम मात्र 6-7 हजार रुपए हो पा रही है। जिस कारण नगर विकास विभाग की इनकम पर सीधा असर पड़ा है। बता दें कि एक दिन में एक बस पर 120 यूनिट बिजली चार्जिंग पर खत्म होती है। एक यूनिट बिजली मूल्य 6 रुपये होता है। इससे साफ है कि जिस तरह से रोजाना बिजली खपत हो रही है, उसके हिसाब से बचत नहीं हो पाना जिम्मेदारों पर एक सवाल खड़ा करती है।

> नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्रा ने बताया कि अब इन बसों का संचालन नगर निगम क्षेत्र में ही कराया जाने का आदेश आया है। जल्द ही ट्रैफिक पुलिस के साथ बैठक कर ई-बसों के संचालन व जाम से निपटने को प्लान तैयार किया जाएगा। साथ ही ई-रिक्शों के रुट फिक्स किए जाएगे। जिससे ज्यादा से ज्यादा ई-बसें चल सके और इनके फेरे भी बढ़ाएं जाएगे। ई-बसों की इनकम बढ़े, इसके लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए सिपाही अरविंद सम्मानित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



आईजीआरएस मासिक मूल्यांकन में विगत 6 माह से लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले थाना सदर बाजार के आरक्षी अरविन्द सिंह को एसपी राजेश द्विवेदी द्वारा सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आमजन की शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से संचालित आईजीआरएस पर जनपद द्वारा लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना सदर बाजार को माह मई 2025 से अक्टूबर 2025 तक लगातार 06 माह उत्तर प्रदेश में प्रथम रैंक प्राप्त होने का उल्लेखनीय सफलता रिकॉर्ड कायम किया है, जो जनपद के लिए गौरव का विषय है। थाना सदर बाजार पर आईजीआरएस कार्यों के लिए नामित आरक्षी अरविन्द सिंह द्वारा सभी शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं नियमबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया गया। संबंधित आरक्षी द्वारा प्राप्त प्रत्येक प्रकरण पर संवेदनशीलता, त्वरितता एवं शत-प्रतिशत अनुपालन के साथ कार्य करते हुए ऐसी कार्यशैली विकसित की गई कि थाना स्तर पर कोई भी शिकायत अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रही। उक्त आरक्षी का मृदुभाषी स्वभाव, लग्नशीलता, कार्यनिष्ठा, अनुशासन, दायित्वों के प्रति सजगता तथा उत्तम आचरण उनके पेशेवर मूल्यों को परिलक्षित करता है। उनके प्रयासों के फलस्वरूप विगत 6 माह में थाना सदर बाजार को निरंतर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, जिसकी भूरि-भूरि प्रशंसा शिकायतकर्ताओं, जनमानस एवं वरीष्ठ अधिकारियों द्वारा की गई है। इसी उल्लेखनीय उपलब्धि को दृष्टिगत रखते हुए 11 दिसंबर को एसपी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आरक्षी अरविन्द सिंह को उत्साहवर्धन हेतु 5 हजार रूपए की नकद धनराशि प्रदान कर औपचारिक रूप से सम्मानित किया गया।

### गन्ने के ओवरहाइट और ओवरलोड ट्रैकों के संचालन पर लगे रोक

**मिर्जापुर-शाहजहांपुर।** हरदोई जिले के डीएससीएल चीनी मिल रूपापुर के एक दर्जन से अधिक गन्ना क्रय केंद्र शाहजहांपुर जिले की कलान तहसील में संचालित हैं। इन गन्ना क्रय केंद्रों से तमाम गन्ने से भरे ओवरलोड और ओवरहाइट ट्रक लिंक रोड से लेकर मुरादाबाद-फर्रुखाबाद स्टेट हाइवे से मौत के परकाले बनकर दौड़ रहे हैं। जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना को नकारा नहीं जा सकता है। गन्ने से भरे यह ओवरलोड और ओवरहाइट ट्रक रोड क्रॉस कर रही विद्युत लाइन को भी अपने साथ खींच ले जाते हैं। जिससे कभी भी विद्युत करेंट प्रवाहित विद्युत लाइन से इन ट्रकों के साथ ही आने जाते वालों के लिए मौत बन सकते हैं। इन ओवरलोड गन्ने से भरे ट्रकों के पलटने का भी खतरा बना रहता है। नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र के ग्राम पृथ्वीपुर में दो वर्ष पूर्व इसी तरह ओवरहाइट और ओवरलोड गन्ने से भरे ट्रक के पलट जाने से रोड से निकल रही दो महिलाओं की दबकर मौत हो गई थी। लोगों का कहना है कि ऐसे ही गन्ने से भरे ट्रक यदि किसी यात्री वाहन के ऊपर पलट जाए तो पता नहीं कितनी जाने चली जाएंगी। फिर भी प्रशासन इन ओवरहाइट और ओवरलोड ट्रैकों को रोकने के लिए तैयार नहीं है। जिससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। क्षेत्रीय नागरिकों ने डीएम-एसपी से गन्ने के ओवरहाइट और ओवरलोड ट्रैकों के संचालन पर शीघ्र रोक लगाए जाने की मांग की है।

# नए आपराधिक कानूनों का मानवाधिकारों पर व्यापक प्रभाव पड़ाः प्रो. डॉ. अभिषेक

**आपराधिक न्याय प्रणाली पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

स्वामी शुकदेवानन्द विधि महाविद्यालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हुआ। प्रोफेसर डा. अभिषेक कुमार तिवारी विधि संकाय लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ, डा. अंजुम परवेज एसोसिएट प्रोफेसर, उत्तरांचल यूनिवर्सिटी, देहरादून, प्रो. डा. अनिरुद्ध राम एसोसिएट डीन स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल अफेयर्स नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा, प्रो. डा. अपर्णा शर्मा, डीन स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा, प्रो. डा. अवनीश कुमार मिश्र सचिव प्रबन्ध समिति, प्रो. डा. जय शंकर ओझा प्राचार्य एस.एस. लॉ कालेज मंचसीन रहे। प्रो. डा. अभिषेक कुमार तिवारी ने बताया कि भारत में लागू किए गए नए आपराधिक कानूनों का मानवाधिकारों पर व्यापक प्रभाव पड़ा है। इस विषय पर विद्यार्थियों एवं विभिन्न शिक्षकों द्वारा भौतिक एवं आभासी माध्यम से लगभग 50 से अधिक शोध-लेख प्रस्तुत किए गए, जिनमें नए आपराधिक न्याय कानूनों के लागू होने के बाद उत्पन्न प्रभावों और चुनौतियों का वर्णन किया गया। डॉ. तिवारी ने कहा कि ये नए कानून मानवाधिकारों को संरक्षित करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। विशेष रूप से महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा को अधिक प्रभावी बनाया गया है। डिजिटल साधनों के प्रयोग, प्रक्रियाओं के सरलीकरण आदि के माध्यम से 'अमृत काल' के अनुरूप भारतीय दंड व्यवस्था को नए स्वरूप में सुदृढ़ किया जा रहा है तथा औपनिवेशिक कानूनों से मुक्ति दिलाने का महत्वपूर्ण कार्य किया गया है। डा. अंजुम परवेज ने कहा कि आज भारत में नए आपराधिक कानून लागू हुये 1 साल से अधिक हो गया है, ये कानून अत्याधुनिक, व्यवहारिक तथा



भारतीय मूल्यों पर आधारित हैं और त्वरित उपचार प्रदान करने वाले हैं। इनकी सफलता का दायित्व केवल सरकार पर ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक पर भी समान रूप से है। इसलिए हम सबका कर्तव्य है कि हम इन कानूनों का सम्मान करें, उनका पालन करें और एक सुव्यवस्थित तथा न्यायसंगत समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। प्रो. डा. अवनीश मिश्रा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि विधि महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में आपराधिक कानून एवं मानवाधिकार विषय पर गहन चर्चा की गई। प्रदेश तथा देश के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों से आए विद्वान वक्ताओं ने विस्तृत विश्लेषण के माध्यम से इसकी विशेषताओं तथा चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि यह संगोष्ठी भविष्य में विधि व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन का कार्य करेगी।

समापन सत्र में सेमिनार की कार्यवाही का सारांश देते हुये डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि उद्घाटन सत्र के उपरांत आयोजित भौतिक तकनीकी सत्र में 43 प्रतिभागियों ने अपने शोध-पत्र प्रस्तुत किए। विभिन्न विषयों पर आधारित प्रस्तुतियों में मानवाधिकार, विधिक सुधार, संवैधानिक मुद्दों तथा समकालीन विधि-चुनौतियों पर प्रभावी चर्चा हुई। दूसरे दिन 11 दिसम्बर 2025 को आयोजित ऑनलाइन तकनीकी सत्र में लगभग 28 प्रतिभागियों ने अपने शोध-पत्र प्रस्तुत किए। गूगल मीट के माध्यम से आयोजित इस सत्र में विभिन्न राज्यों से प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। संगोष्ठी हेतु कुल 90 सार-संक्षेप प्राप्त हुए, जिन्हें संकलित कर ई-स्मारिका में प्रकाशित किया गया। इसके अतिरिक्त लगभग 50 पूर्ण शोध-पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनमें से उपयुक्त शोध-पत्रों का चयन कर उन्हें संपादित पुस्तक में प्रकाशित किया जाएगा। दो दिवसीय इस राष्ट्रीय संगोष्ठी ने प्रतिभागियों को शोध प्रस्तुति एवं विधिक विमर्श का उत्कृष्ट मंच प्रदान किया। दिनांक 11 को हुए टेक्निकल सत्र में चेयरपर्सन की भूमिका प्रो. अभिषेक तिवारी ने तथा कोदूचेयर की भूमिका डॉ. अंजुम परवेज ने निभाई। ऑनलाइन सत्र में डॉ. जे. एस. सिंह, कुलपति, राजीव गांधी नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, पटियाला तथा डॉ. अरुण कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर इकफई यूनिवर्सिटी देहरादून, डॉ कालिंद्री लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ, डॉ. अनूप कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, प्रो. संतोष तिवारी गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी नोएडा तथा लगभग 25 अन्य महानुभावों ने भारत के विभिन्न क्षेत्रों से ऑनलाइन सत्र में संगोष्ठी के विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का समापन सत्र में प्रचार्य जय शंकर ओझा ने आयोजक मंडल, सभी अतिथियों, शोधार्थियों, प्रतिभागियों और स्वयंसेवकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। प्रो. ओझा ने बताया कि हमारे दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्देश्य और लक्षण की सफलता का आधार सभी प्रतिभगियो को बताया, साथ ही सभी विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए संपूर्ण भारतवर्ष के अनेक स्थानों से आए हुए एवं ऑनलाइन सत्र में जुड़े हुए लोगों का धन्यवाद ज्ञापन किया साथ ही महाविद्यालय के अध्यक्ष, सचिव, सभी शिक्षकगणों एवं विद्यार्थियों का कार्यक्रम को सफलतापूर्वक किए गए योगदान के लिए धन्यवाद अर्पित किया एवं भविष्य के लिए ऐसे ही कार्यक्रमों की सफलता को अग्रसर करते हुए सभी को शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी। अपने उद्बोधन में अभिषेक तिवारी ने विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाइयां दीं। उन्हीं के द्वारा परिणाम भी घोषित किए गए, जिसके तहत 10 को आयोजित ऑफलाइन टेक्निकल सत्र में सोनाली, भानु प्रताप, अंशिका यादव, अखिलेश कुमार वर्मा, विधि तिवारी तथा यश कुमार यादव को सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र का प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। कार्यकम के सफल आयोजन में डॉ. अनिल कुमार शाह, मृदुल शुक्ल, डॉ. प्रेम सागर, डॉ. पवन कुमार गुप्ता, डॉ. अमित कुमार यादव, डॉ. अमरेन्द्र सिंह, सचिन कुमार, अजीत कुमार, विजय सिंह, मृदुल शुक्ल, अरविंद कुमार, डॉ. ज्योत्स्ना गुप्ता, प्रदीप कुमार सिंह, प्रियंक कुमार वर्मा, अमित सैनी, गौरव गुप्ता, शिवओम शर्मा, सुनील चौहान, सर्वेश शर्मा, रोहित कुमार, भानू, अरुन, हरीश, शिवम आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### मेडिकल कॉलेज में वार्षिक खेल

# सांस्कृतिक महोत्सव इम्पल्स 4.0 का आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय मेडिकल कॉलेज का वार्षिक खेल उत्सव इम्पल्स 4.0 अपने चरम पर है, जहां कई रोमांचक फाइनल और सेमी फाइनल मुकाबले सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं। वॉलीबॉल फाइनल में 2021 बैच ने 2023 बैच को हराकर खिताब अपने नाम किया। गर्ल्स क्रिकेट के फाइनल में 2022 बैच ने 2024 बैच को मात दी। इस मुकाबले में प्रांजुल ठाकुर को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। फुटबॉल का एक कड़ा सेमी-फाइनल मुकाबला 2020 बैच ने 2022 बैच को 2-0 से हराकर जीता और फाइनल में अपनी जगह पक्की की। क्रिकेट सेमी फाइनल में 2024 बैच ने 2022 बैच को 19 रनों से पराजित कर अंतिम चरण में प्रवेश किया। उत्सव में अभी भी कई महत्वपूर्ण स्पर्धाएं शेष हैं, जिनके परिणाम का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज में आयोजित वार्षिक स्पोर्ट्स एवं सांस्कृतिक महोत्सव के चौथे दिन का आयोजन भी उत्साह और रचनात्मकता से भरपूर रहा। पूरे दिन परिसर में कला, बुद्धिमत्ता और प्रतिभा का रंग बिखरा दिखाई दिया। कैंपस में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में रॉक पेंटिंग, हैंडकरचीफ पेंटिंग, स्पेल बी तथा पिक्सल एंड पेंट्स प्रतियोगिताएँ मुख्य आकर्षण रहीं। प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मक कल्पनाओं को रंगों और शब्दों के माध्यम से बेहतरीन तरीके से प्रस्तुत किया। रॉक पेंटिंग प्रतियोगिता में अद्भुत कलात्मकता का प्रदर्शन करते हुए डॉ. बुशरा अहमद और डॉ. शिवानी ने प्रथम पुरस्कार अपने नाम किया। हैंडकरचीफ पेंटिंग प्रतियोगिता में सृजनात्मकता के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अंशिका शुक्ला को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। स्पेल बी प्रतियोगिता में शब्द ज्ञान और त्वरित सोच का शानदार परिचय देते हुए स्वालेहा सिद्दीकी ने विजेता का खिताब जीता। इसी क्रम में, छात्रों के उत्साह को देखते हुए प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें खिलाड़ियों ने डिजिटल मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाई। अनुभव सक्सेना ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि तनु गौतम ने शानदार खेल के दम पर द्वितीय स्थान हासिल किया। इस दिन चेस, कैरम और लूडो का भी आयोजन किया गया जिसके अनेक विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इम्पल्स 4.0 के तीसरे और चौथे दिन विभिन्न साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। इन आयोजनों में वाद-विवाद, तात्कालिक भाषण पॉलिश पॉप्स, तथा क्ले मॉडलिंग जैसी आकर्षक गतिविधियों ने छात्रों की प्रतिमा को मंच प्रदान किया। विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मकता एवं अभिव्यक्ति कौशल से सबका मन मोह लिया। महोत्सव का तीसरा और चौथा दिन कला, प्रतिस्पर्धा और उत्सव का सुंदर संगम रहा। आने वाले कार्यक्रमों को लेकर प्रतिभागियों और दर्शकों में उत्साह और बढ़ गया है।



## पुवायां की किशोरी को ले गया था हरियाणा का युवक



**शाहजहांपुर।** पुवायां पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। 30 अक्टूबर को पीड़िता की मां ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि 15 वर्षीय बेटी गुम हो गयी है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। 11 दिसंबर को पुलिस को सूचना मिली कि अपहृता मोहम्मदी मोड़ पर एक युवक के साथ मौजूद है। मौके पर पहुंचने पर परिजनों ने उसकी पहचान की। पूछताछ के दौरान पीड़िता ने युवक के साथ जाने की बात बताई। पुलिस ने युवक का नाम भूपेन्द्र निवासी रेवाड़ी हरियाणा बताया है। जिसे मौके से हिरासत में लेकर थाने लाया गया। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

> पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

## खबरें एक नजर में

### सीएमओ ने निगोही में पोषण पोटली वितरण की



**शाहजहांपुर।** सरकार की मंशानुरूप क्षय रोगियों को पोषण पोटली समय समय पर सीएचसी पीएचसी पर वितरण कराई जाती है। इसी क्रम में गुरुवार को निगोही सीएचसी में सीएमओ डा.विवेक मिश्रा द्वारा क्षय रोगियों को पोषण पोटली का वितरण किया गया। उन्होंने क्षय रोग से बचाव को टिप्स दिए। पोषण पोटली वितरण मेलब्रार्स इंटरनेशनल लिमिटेड की ओर से कराया गया। इस दौरान डीटीओ डा. ओमेंद्र, एमओआईसी डा. नितिन चौधरी, सिध्दार्थ गुप्ता, पवन गुप्ता, आरती सिंह आदि मौजूद रहे।

### स्वावलंबन कैम्प-बाल विवाह मुक्त भारत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**शाहजहांपुर।** डीएम एवं सीडीओ के निर्देशन जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के मार्गदर्शन में महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति फेस 5.0 के अंतर्गत विकास खण्ड सिंधौली के ग्रामीण क्षेत्र ढकिया हमीदनगर में स्वावलंबन कैम्प एवं बाल विवाह मुक्त भारत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा जनमानस को लाभान्वित करने हेतु विभागीय योजनाओं से संबंधित कैंप लगाकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बच्चों को निम्नलिखित योजनाओं की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पति की मृत्यु पर निराश्रित महिला पेंशन योजना समेत अन्य महिलाओं एवं बालिकाओं को संरक्षण प्रदान करने वाले प्रमुख कानूनों के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही। जेंडर स्पेशलिस्ट कीर्ति मिश्रा, काउंसलर आरती त्रिवेदी, पंचायत सहायक हर्षित यादव आदि ग्रामवासी मौजूज रहे।

### कैंप लगाकर जमा किया बिजली बिल



**गढ़िया रंगीन-शाहजहांपुर।** बिजली बिल राहत योजना के तहत बिधुत द्वारा कस्ब गढ़िया रंगीन में कैंप लगाकर ग्रामीणों का बिजली बिल की छूट के दर से बिल जमा कराया गया और छूट के बारे में जानकारी दी। पंजीकृत उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान करने पर मूलधन में पहली बार 25 प्रतिशत तक की भारी छूट, पिछला विद्युत बकाया रुपए 750-500की आसन किस्तों में जमा करने की सुविधा है। अजीत कुमार सिंह टीजीटू, अमित कुमार सिंह लाइनमैन, सुखपाल के द्वारा 2 लाख 10 हजार 500 रूपए का कुल बिल जमा कराया गया। उन्होंने उपभोक्ताओं को जानकारी दी कि वह जल्द से जल्द इस योजना का लाभ उठाकर अपना बकाया बिल जमा कर दें, जिससे उन्हें भारी भुगतान नही करना होगा। उन्होंने कहा जिस पर बिल बकाया रह जाएगा, उसका कनेक्शन काट दिया जाएगा।

### अज्ञात शव बरामद

**रोजा-शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के मंडी गेट के सामने रेलवे ग्राउंड के पास कीचड़ में लगभग 35 वर्ष का अज्ञात शव पड़ा दिखाई दिया। स्थानीय लोगों ने रोजा पुलिस को सूचना दी। रोजा पुलिस मौके पर पहुंची और कीचड़ से शव निकालकर आसपास के लोगों को दिखा कर पहचान करने की कोशिश की, लेकिन पहचान नहीं हुई। पुलिस में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल राजीव सिंह ने बताया कीचड़ में अज्ञात शव मिला है पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पहचान करने की कोशिश की गई। समाचार लिखे जाने तक पहचान नहीं हो सकी।

### हाइवे पर स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल, डंपर की टक्कर से स्कूल बस के तीन बच्चे चोटिल

**तिलहर-शाहजहांपुर।** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में ड्यूटी पर जा रहे दो कर्मियों की बाइक को स्कॉर्पियो ने मारी टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर तारकॉल भरे डंपर ने स्कूल बस में पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें तीन बच्चे घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से जिला मेडिकल कॉलेज भिजवा दिया है। गुरुवार सुबह तड़के घना कोहरा होने के चलते सड़क हादसों का क्रम शुरू हो गया। जिसमें सिधौली थाना क्षेत्र के गांव महमदापुर के चांद मियां व रईस दोनों बाइक संख्या यूपी 27 ए क्यू 3803 से वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज ड्यूटी करने जा रहे थे। इस दौरान नगरिया मोड पुलिस चौकी के सामने हाईवे क्रॉस करने के दौरान तेज रफ्तार स्कॉर्पियो संख्या यूपी 30 सी आर 8790 ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे से बाइक सवार दोनों कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। चौकी पुलिस ने तत्परता से दोनों गम्भीर घायलों को 108 एम्बुलेंस से जिला मेडिकल कॉलेज भिजवाया। एसआई विशेष कुमार ने बताया स्कॉर्पियो को कब्जे में ले लिया गया है। उधर बच्चों को लेकर स्कूल आ रही स्कूल बस में तारकॉल से भरे डंपर ने पीछे से मार दी जिससे तीन बच्चे घायल हो गए। यह घटना गुरुवार सुबह साढ़े आठ बजे बंथरा गुरुद्वारा के समीप हुआ। तिलहर के अमर बाल विद्या मंदिर की बस बंथरा से बच्चों को लेकर आ रही थी। इसी दौरान हाईवे पर गुरुद्वारा के समीप तारकॉल से भरे डंपर संख्या यूपी 75 बी टी 5918 ने स्कूल बस संख्या यूपी 27 सीटी 1009 में पीछे से टक्कर मार दी। बस में सवार तीन बच्चे अनन्या, अनुराग व मीनाक्षी घायल हो गए। सूचना मिलते ही प्रभारी कोतवाल सुनील कुमार यादव घटनास्थल पर पहुंचे। घायल तीनों बच्चों को अस्पताल भिजवाया। स्कूल प्रबंधक अरविंद सिंह ने बताया है कि दुर्घटना के बाद तत्काल दूसरी बस से बच्चों को स्कूल लाया गया। दुर्घटनाग्रस्त बस में कुल 30 बच्चे सवार थे।

### दावत खाकर लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत, साथी गंभीर

**शाहजहांपुर।** मदनापुर थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात हुए सड़क हादसे में नरहा गांव के 25 वर्षीय युवक जावेन्द्र पुत्र दफेदार की मौके पर ही मौत हो गई। जावेन्द्र अपने गांव नरहा लौट रहे थे। वे गांव दौलतपुर में हुए नामकरण संस्कार की दावत में शामिल होकर अमरपाल पुत्र छत्रपाल के साथ मोटरसाइकिल से वापस जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक बुधवानाङ्कमदनापुर मार्ग पर स्थित गैस एजेंसी के पास पहुँची, तभी किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि जावेन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई। उनके साथ बैठे नरहा गांव के ही अमरपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुँची और घायल अमरपाल को तुरंत जिला अस्पताल भिजवाया। साथ ही परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद मदनापुर पुलिस ने मृतक जावेन्द्र के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक जावेन्द्र के परिवार में पत्नी चांदनी, डेढ़ साल की एक बेटी, दो भाई रामविलास और उमेश तथा एक अविवाहित बहन वंदना है। माता का नाम संसार देवी है घटना के बाद पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक खेती-बाड़ी का काम करता था और अपने परिवार का पालन पोषण करता था।

# चीनी मिल कर्मी की पत्नी फांसी के फंदे पर लटकी

> चार घंटे बाद पुलिस को दी गई घटना की सूचना, पुलिस ने शव उतरवा कर पोस्टमार्टम को भेजवाया

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



चीनीमिल कर्मी की पत्नी का घर में ही फांसी पर शव लटका होने से मचा कोहराम मच गया। मृतका की वहन के पहुंचने के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवा कर पोस्टमार्टम को भिजवाया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव बिलहरी निवासी सेवा निवृत पीआरडी राकेश कुमार गंगवार के बेटे चीनीमिल अस्थाई कर्मी जितेंद्र गंगवार की पत्नी छाया देवी 25 का गुरुवार को घर के कमरे में ही शव फांसी के फंदे पर लटका देखे जाने से घर में कोहराम मच गया। घटना पूर्वाह्न 11 बजे की बताई गई। लेकिन मृतका की वहन के पहुंचने के बाद घटना की पुलिस को अपरान्ह तीन बजे सूचना दी गई। प्रभारी कोतवाल सुनील कुमार यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दरवाजे का कुंडा तोड़कर शव को फंदे से उतरबाया। परिजनों ने बताया कि जितेंद्र की करीब चार साल पहले पीलीभीत जनपद के बिलसंडा थाना क्षेत्र के गांव घुंघचैया की छाया देवी से शादी हुई थी। उसके करीब ढाई साल की बेटी आयुषी है। मायके में उसके पिता हैं जो नोएडा में नौकरी करते हैं। उन्हें घटना की सूचना दे दी गई है। छाया देवी ने आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। प्रभारी कोतवाल सुनील कुमार यादव ने इस बाबत पुछने पर मृतका के पिता के नाम जानने से अनभिज्ञता जताई है। फिलहाल समाचार भेजे जाने तक कोई तहरीर नहीं दी गई है।

### गृहकलेश से तंग विवाहित फांसी के फंदे पर झूली



**मिर्जापुर-शाहजहांपुर।** कस्बे के मोहल्ला कुतुलुपुर में बृहस्पतिवार सुबह सत्येंद्र उर्फ बंटू कोरी की पत्नी 24 वर्षीय नीलेश ने गृहकलेश से तंग आकर अपने मकान के ऊपरी मंजिल पर बने कमरे में पंखे के हुक में रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। मृतका के पिता सुनील कुमार निवासी वार्ड संख्या 11 नगर पंचायत उसावां (बदायूं) ने बताया कि उसने अपनी पुत्री नीलेश की शादी अब से चार साल पहले मिर्जापुर कस्बे के मोहल्ला कुतुलुपुर निवासी महेश के पुत्र सत्येंद्र उर्फ बंटू के साथ अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज देकर की थी। किंतु उसकी पुत्री के ससुराल वाले शादी में दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं हुए। आरोप है कि मृतका का पति सत्येंद्र उर्फ बंटी सहित परिवार के अतिरिक्त दहेज के रूप में बाइक की मांग करने लगे। बाइक की मांग पूरी नहीं होने पर सबने मिलकर उसकी पुत्री को पीट पीटकर मार डाला और हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए फांसी के फंदे पर लटका दिया। मृतका के पिता सुनील कुमार की सूचना पर थाना प्रभारी सोनी शुक्ला फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम ने हत्या या आत्महत्या के साक्ष्य एकत्र किए। वहीं पुलिस ने मजिस्ट्रेट/नायब तहसीलदार सगीर अहमद की उपस्थिति में पंचनामे की कार्यवाही पूरी करके शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी का कहना है कि मृतका के मायके वालों ने अभी तहरीर नहीं दी है। पोस्टमार्टम के बाद तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। मृतका अपने पीछे तीन वर्षीय पुत्र आर्यांश और एक वर्ष की पुत्री आर्यिका को छोड़ गई।

> मृतका के पिता का दहेज हत्या का आरोप, शव पीएम को भेजा

### मारपीट में गर्भपात हो जाने के मामले में कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहांपुर।** पांच माह पूर्व हुई मारपीट में चोटिल होने तथा महिला का पांच माह का गर्भपात हो जाने के मामले में कोर्ट के आदेश पर दो सगे भाइयों व उनकी पत्नियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। नगर के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी गुड्डी देवी पत्नी मुरारी लाल ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज की गई रिपोर्ट में कहा है कि बीती 22 अगस्त को उसके परिवारी अखलेश व अवधेश पुत्र गण तौलेराम ने सार्वजनिक निकास में लैट्रीन बनवाने के लिए ईटो को उखाडना शुरू कर दिया था। जिस पर उसके पति मुरारीलाल व देवर श्याम सुन्दर व अखलेश, अवधेश, कल्पना व सरोजनी ने आपस में बैठकर पंचायत में तय किया था कि निकास में कोई भी लैट्रिन निर्माण नहीं करेगा। उसी दिन शाम करीब 6 बजे अखलेश और उसकी पत्नी सरोजनी व अवधेश और उसकी पत्नी कल्पना घर के बाहर गाली देते हुए बोले कि देखें लैट्रिन बनाने से कौन रोकेगा। उसने, बेटे जयदीप व देवर शयामसुन्दर ने उन्हे समझाने की कोशिश की। जिस पर सभी ने मारपीट शुरू कर दी। उसकी पुत्रवधू सरस्वती उन्हे बचाने आईं तो सरोजनी ने उसे भी सडक पर पटक कर पेट में लात मार दी। जिससे सभी के छोटे आईं। आरोप है कि पुत्रबधू सरस्वती के चोट लगने से उसका पांच माह का गर्भपात हो गया। घटना में पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न किए जाने पर उसने कोर्ट की शरण ली। कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की विवेचना की जा रही है।

## कृभको फर्टिलाइजर्स लिमिटेड को उपविजेता घोषित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय उर्वरक संघ (एफएआई) द्वारा आयोजित सर्वश्रेष्ठ उत्पादन प्रदर्शन पुरस्कार 2025 (उपविजेता) नाइट्रोजनयुक्त उर्वरक संयंत्र श्रेणी में कृभको फर्टिलाइजर्स लिमिटेड को उपविजेता घोषित किया गया है। यह पुरस्कार केएफएल के प्रबंध निदेशक रवि चोपड़ा ने भारत सरकार के उर्वरक विभाग के सचिव रजत मिश्रा से 10 दिसंबर को नई दिल्ली के होटल पुलमैन में आयोजित एक भव्य समारोह में ग्रहण किया। यह सम्मान कृभको फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के निरंतर परिचालन उत्कृष्टता, ऊर्जा दक्षता के प्रति प्रतिबद्धता और विश्वसनीयता एवं स्थिरता पर अटूट ध्यान को दर्शाता है। कृभको फर्टिलाइजर्स लिमिटेड की टीम के समर्पण, तकनीकी क्षमता और निरंतर सुधार के प्रयासों से ही पूरे वर्ष असाधारण प्रदर्शन हासिल करने में सक्षम बनाया है। यह पुरस्कार नवाचार, उत्पादकता और भारत के कृषि विकास में सहयोग करने के लिए और अधिक प्रयास करने के लिए प्रेरित करता है। इसके साथ, कृभको फर्टिलाइजर्स लिमिटेड और भी दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ता रहेगा, क्योंकि कृभको फर्टिलाइजर्स लिमिटेड उत्पादकता, स्थिरता, पर्यावरण संरक्षण और किसान समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है।

### सांड से टकराया बाइक सवार, युवक घायल

**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** ससुराल जा रहे युवक की बाइक कोला रोड पर अचानक सामने आये सांड से टकरा गई। हादसे मे युवक को गंभीर चोट आने के साथ बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार थाना कलान के गांव कबरा सलेमपुर निवासी रिंकू मंगलवार शाम बाइक से क्षेत्र के गांव मान नगला स्थित अपनी ससुराल जा रहा था। रात करीब आठ बजे जब वह कोला रोड पर गांव रैपुरा के पास था इसी दौरान खेतों की ओर से भागता हुआ एक सांड रोड पर आ गया। रिंकू की बाइक सांड से टकरा गई। इस हादसे मे गंभीर रूप से घायल हुए रिंकू को राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीएचसी भिजवाया जहां घायल का उपचार चल रहा है।

### आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में महिला गिरफ्तार



**शाहजहांपुर।** पुवायां पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने से संबंधित मामले में आरोपी महिला सरोजनी को गिरफ्तार किया है। पुवायां के गांव भिलावा निवासी करन सिंह ने 25 नवंबर को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि मुकदमे में राजीनामा न करने पर उसके पुत्र देवेश की चार लोगों ने हत्या कर दी। मामले में थाना पुवायां पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। विवेचना के बाद धारा 103(1) बीएनएस को परिवर्तित कर धारा 108 बीएनएस लागू की गई। गुरुवार को पुलिस को सूचना मिली कि मृतक की पत्नी एवं वांछित महिला सरोजनी देवी अपने घर गांव उदारा में मौजूद है। इस पर पुलिस टीम ने तत्काल दबिश देकर महिला उपनिरीक्षक की मौजूदगी में उसे गिरफ्तार कर लिया। महिला ने पूछताछ में अपना नाम-पता सही बताया, जिसके बाद उसे धारा 108 बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए कोर्ट के समक्ष पेश किया गया।

### अदालती सूचना

**इश्तहार मुजरिया न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) पुवायां जिला शाहजहांपुर**

अदालती सूचना ता.पेशी 13.12.2025 उत्तराधिकार वाद संख्या 05 वर्ष 2025 मीरा कश्यप

**बनाम**

आशीष कश्यप आदि बनामः-1. आशीष कश्यप पुत्र स्व. रमेश कश्यप 2. खुश कश्यप पुत्र स्व. रमेश कश्यप 3. प्रशांत कश्यप पुत्र स्व. रमेश कश्यप 4- कु. वैशनवी कश्यप पुत्री स्व. रमेश कश्यप 5- रूकमणी देवी पत्नी स्व. चंदन लाल सर्वनिवासीगण मो. वजरिया कस्बा खुटार तह. पुवायां जिला शाहजहांपुर... प्रतिवादीगण।

अंतर्गत धारा भा.उ.द.अधि.सन् 1925ई.दरख्वास्त मुसम्मी मीरा कश्यप वादिनी उक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा किफलत हाय मुसम्मी स्व. रमेश कश्यप पुत्र चंदन लाल मुतवफी भारतीय उत्तराधिकार अधि.सन् 1925ई.हरगाह मुसम्मी मीरा कश्यप वादिनी उक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वतारीख 13.12.2025 वास्ते समाअत दरख्वास्त हाजा के मुकर्रर हुई है, लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को दरख्वास्त हाजा की निस्वत उजर हो तो स्वंय या वकील वतारीख 13.12.2025 पेश होकर उजर पेश करे। दरसूरत इन्काजे तारीख मुकर्रर कोई उजर सुना नहीं जायेगा और मुनासिव हुक्म सादिर होगा।

आज वतारीख 10.12.2025 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**न्यायालय के आदेशानुसार वाद लिपिक सिविल जज (जू.डि.) पुवायां जि. शाहजहांपुर।**

### जमीनी विवाद में मारपीट

**खुटार-शाहजहांपुर।** गांव लुकटाह निवासी रामदेवी पत्नी राजेश ने थाना खुटार में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मेरी ननद राधा देवी पत्नी दीपू व पड़ोस की रहने वाली महिला का मामूली कहा सुनी के लेकर आपसी विवाद हो गया था। दोनों आपस में लड़ झगड़ रहे थे मैं खड़े होकर दोनों का लड़ाई झगड़ा देख रही थी इतने में मेरी ननद के साथ विवाद कर रहे हैं उक्त लोगों के द्वारा एक राय होकर मुझसे कहा गया कि तू ज्यादा झगड़ा देखती है। वह गंदी गंदी गालियां देते हुए घर से बाहर खडन्जे पर गिराकर मारा पीटा जिससे मेरे सर में चोट आई प्रार्थनी ने खुटार में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

## बाल श्रम अभियान में आठ किशोर श्रमिकों का चिन्हांकन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



प्रदेश में चलाए जा रहे विशेष बाल श्रम अभियान के अंतर्गत गुरुवार को जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देश के क्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन से दिवाकर मिश्रा द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त बाल-किशोर श्रम चिन्हांकन अभियान में जनपद के काँट थाना क्षेत्र की दुकानों पर स्थित रिपेयरिंग व अन्य प्रतिष्ठानों पर आवश्यक निरीक्षण करते हुए कुल 7 निरीक्षणों के सापेक्ष 8 किशोर श्रमिकों का चिन्हांकन किया गया, जिसमें श्रम विभाग द्वारा 2 बच्चों को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया गया। समिति के द्वारा अग्रिम कार्यवाही करते हुए बालक शकील व शिवा निवासी थाना काँट के परिजनों के द्वारा बालक से संबंधित साक्ष्य न उपलब्ध न करा पाने के कारण समिति द्वारा दोनों बालको को राजकीय बालगृह बालक में अग्रिम आदेश तक आवासित कराए जाने का आदेश दिया गया।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार गंभीर घायल

**खुटार-शाहजहांपुर।** क्षेत्र के शिवाजी वाटर पार्क मोड़ के पास बुधवार को एक तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव नगरा निवासी लालजीत पुत्र राम भरोसे खुटार में किराने का सामान लेने आए थे और वापस घर लौटते समय यह हादसा हो गया। टक्कर लगते ही लालजीत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें तुरंत स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई।

## प्रगतिशील किसान सरताज को मिला मिलेनियर फॉर्मर ऑफ इंडिया इंटरनेशनल अवॉर्ड

> कृषि नवाचार व अत्याधुनिक गन्ना उत्पादन में शानदार उपलब्धि, दूसरी बार राष्ट्रीय मंच पर हुआ सम्मान

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जिले के पसगवां गांव के प्रख्यात प्रगतिशील किसान सरताज ख़ान ने एक बार फिर पूरे देश में शाहजहाँपुर का नाम रोशन कर दिया है। भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र पूसा नई दिल्ली में आयोजित विशाल अंतरराष्ट्रीय कृषि महोत्सव में उन्हें मिलेनियर फ़ॉर्मर ऑफ इंडिया इंटरनेशनल अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें गन्ने में उत्कृष्ट उत्पादन आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग और खेती में नवाचार के लिए प्रदान किया गया। इस भव्य आयोजन में देशदृविदेश से आए लगभग 50 हज़ार किसान कृषि वैज्ञानिक और विभिन्न राज्यों के विशेषज्ञ मौजूद रहे। सभी के बीच सरताज ख़ान का नाम दोबारा सम्मान सूची में शामिल होना जिले के लिए बेहद गौरव का क्षण रहा। सरताज ख़ान को वर्ष 2024 में भी इसी मंच पर सम्मानित किया गया था। लगातार दूसरी बार यह प्रतिष्ठित अवॉर्ड मिलना उनकी मेहनत, दूरदर्शिता और खेती में श्रेष्ठ योगदान का प्रत्यक्ष प्रमाण है।कृषि जगत के विशेषज्ञों ने सरताज ख़ान को युवा किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए उनकी तकनीक आधारित खेती की कार्यप्रणाली की सराहना की। सरताज ख़ान पिछले चार वर्षों से लगभग 50 एकड़ भूमि पर गन्ने की वैज्ञानिक और आधुनिक पद्धति से खेती कर रहे हैं। ड्रिप इरिगेशन, फर्टिगेशन, मृदा स्वास्थ्य परीक्षण, नई प्रजातियों का विकास व उन्नत फसल प्रबंधन जैसे नवाचारों ने उनके खेत को एक आदर्श मॉडल फार्म बना दिया है। उनका सरताज गन्ना शोध संस्थान किसानों के लिए अध्ययन और प्रशिक्षण का केंद्र बन चुका है जहां दूरदृराज़ जिलों से किसान तकनीक सीखने आते हैं। सरताज ख़ान को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किए जाने की खबर से जिले में उत्साह और गर्व की लहर दौड़ गईकिसान संगठनों, कृषि विभाग और ग्रामीणों ने इसे शाहजहाँपुर की ऐतिहासिक उपलब्धि बताया।स्थानीय किसानों का कहना है कि सरताज ख़ान ने मेहनत, शोध और तकनीकी खेती के माध्यम से साबित कर दिया है कि सही दिशा में प्रयास किया जाए तो खेती सिर्फ व्यवसाय नहीं बल्कि सम्मान का आधार भी बन सकती है। इस सम्मान के साथ एक बार फिर शाहजहाँपुर का नाम राजधानी दिल्ली के मंच पर चमका है। सरताज ख़ान की उपलब्धि ने जिले को कृषि क्षेत्र में देशभर में अलग पहचान दिलाई है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे किसान ही भारत की कृषि को भविष्य की दिशा दिखा रहे हैं।

**सूचना**

**समाचार, समाचार पत्र एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें।**

**आयुष त्रिवेदी**
ब्लाक संवाददाता-खुटार-शाहजहांपुर।
**मो.-6392347133**

**गौरीशंकर त्रिवेदी**
तहसील प्रभारी जलालाबाद
**मो.-8853460381**

**अंकित दीक्षित**
संवाददाता, जलालाबाद-शाहजहांपुर
**मो.-7571940399**

### कार्यालय खंड विकास अधिकारी, सिधौली, शाहजहांपुर

**टेंडर सूचना**

ग्राम पंचायत दिलावरपुर, विकास खंड सिधौली में निर्माण कार्य होना है, कार्य का नाम हरिद्वार के घर से वीरपाल के घर तक इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण है। वर्ष 2024-25 जिसकी अनुमानित लागत 3.95 लाख तथा लंबाई चौड़ाई 100X2.90 सेंटीमीटर है। उक्त कार्य योजना वर्ष 2024-25 में क्रमांक 2 पर अंकित है।

| | |
|---|---|
| **प्रधान** | **ग्राम पंचायत अधिकारी** |
| **ग्राम पंचायत दिलावरपुर** | **ग्राम पंचायत दिलावरपुर** |
| **ब्लॉक सिंधौली, शाहजहांपुर** | **वि.ख. सिंधौली, शाहजहांपुर** |

## दुनिया की दिवाली

इसमें दो राय नहीं कि हमारी अमूर्त विरासतें प्राचीन और आधुनिक सभ्यता के बीच पुल का काम करती हैं। यह महज एक स्मृति नहीं, वरन एक निरंतर बहती जीवंत विस्तारित नदी की भांति है। इसी आलोक में दिवाली को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर घोषित किया जाना हर भारतीय के लिये गर्व व सुकून का विषय है। नि:संदेह, दिवाली हमारी सनातन संस्कृति व सभ्यता की आत्मा रही है। प्रकृति के अहसासों के अनुरूप अंधेरे के खिलाफ उजाले की जंग की प्रतीक। समाज में समता का संदेश की गरीब के घर भी भरपूर रोशनी पहुंचे। किसी भी समाज में कुम्हार, मूर्तिकार, खील बताशे वाले से लेकर व्यापारी के घर तक लक्ष्मी पहुंचे। उल्लेखनीय है कि दिवाली को यह स्थान मिलने से पहले कुंभ मेले समेत देश की 15 धरोहरें इस सूची में शामिल हैं। बता दें कि इस वर्ष 19 अक्तूबर को दीपोत्सव पर अयोध्या में सरयू की राम पैड़ी पर जब 26.17 लाख दीये जलाये गए थे तो इस उपलब्धि का प्रकाश पूरी दुनिया में फैला था। गिनीज बुक आफविश्व रिकॉर्ड में आयोजन दर्ज हुआ था। इस के बाद ही संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन यानी यूनेस्को ने अमूर्त विश्व धरोहर सूची में दिवाली को शामिल किया है। इससे पहले कुंभ मेला, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला, छाऊ नृत्य, दुर्गा पूजा आदि इस सूची में शामिल है। उल्लेखनीय है कि भारत यूनेस्को की इंटर–गवर्नमेंटल कमेटी फॉर इंटैन्जिबल हेरिटेज की बीसवीं बैठक की दिल्ली में मेजबानी कर रहा है, जो 13 दिसंबर को समाप्त होगी। दिवाली को संस्कृति और प्रकृति से जुड़ा मानकर देश के विभिन्न भागों में दस दिसंबर को दीपावली समारोह आयोजित करने का भी फैसला लिया गया था। मकसद यही था कि ताकि विश्व के सामने इस पर्व को मजबूत सांस्कृतिक पहचान के रूप में पेश किया जा सके। निस्संदेह, दिवाली न केवल संस्कृति–प्रकृति से जुड़ी है बल्कि ज्ञान व सनातन धर्म की भी पर्याय है। नि:संदेह, इस घोषणा से इस पर्व को वैश्विक मान्यता मिल सकेगी। दरअसल, यूनेस्को ऐसी सांस्कृतिक व पारंपरिक चीजों को इस सूची में शामिल करता है जो मूर्त रूप में तो नहीं होती, मगर किसी समाज में उसकी व्यापक मान्यता होती है। वास्तव में, यूनेस्को के ऐसे प्रयासों का मकसद यही रहा है कि आने वाले समय में दुनिया की महत्वपूर्ण सांस्कृति धरोहरें सुरक्षित रहें। जिससे भविष्य की पीढ़ियों को इसका लाभ मिल सके। दरअसल, इस घोषणा के बाद भारत दीपावली के निहितार्थ अंधकार से प्रकाश की ओर जाने के संदेश को पूरी दुनिया को दे सकेगा। इस बार की सूची में दुनिया की जीवित परंपराओं, सामाजिक प्रथाओं, त्योहारों, लोककला व परंपारिक ज्ञान प्रणालियों को सुरक्षित रखने वाली दुनिया की बीस अमूर्त विरासतों को इस सूची में जगह दी गई। कई पीढ़ियों से सहेजी गई विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक सार्थक प्रयास है यूनेस्को की पहल। निस्संदेह, ये धरोहरें विश्व के विभिन्न समुदायों की पहचान का हिस्सा हैं। सही मायनों में वैश्वीकरण के दौर में सांस्कृतिक विविधत को अक्षुण्ण बनाये रखने में मददगार साबित होंगी। निश्चय ही भारतीय संस्कृति की अमिट धरोहर वाले पर्व दीपावली का विश्व धरोहर की सूची में शामिल होना भारतीयों के लिये गर्व की बात है। जिसकी बानगी दिल्ली व देश के अन्य भागों में दूसरी दिवाली मनाने के रूप में नजर आई। निश्चय ही इस फैसले से भारतीय सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक स्तर पर नई मान्यता मिलेगी। दुनिया इस पर्व की भावनात्मकता के इतर इसकी आध्यात्मिकता व सामाजिक समरसता के संदेश से रूबरू हो सकेगी। निस्संदेह, यह पर्व भारतीय संस्कृति और लोकाचार से गहरे तक जुड़ा है। अब हमारी भी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि दीपावली हमेशा समृद्ध विरासत बनी रहे। दुनिया में उजाले की अंधेरे पर जीत का संदेश निरंतर जाता रहे। जो शाश्वत मानवीय मूल्यों की रक्षा का संदेश भी है। विश्वास किया जाना चाहिए कि भारत की इस अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के गहरे संदेश का पूरी दुनिया अंगीकार कर सकेगी।

# भारत-रूस संबंध और बदलता वैश्विक समीकरण

*डॉ. प्रियंका सौरभ*

रूस के साथ भारत के संबंध दशकों से सामरिक साझेदारी, रक्षा सहयोग और राजनीतिक विश्वास की मजबूत नींव पर टिका रहा है। शीतयुद्ध के दौर से लेकर वर्तमान तक रूस उन कुछ देशों में रहा, जिसने कठिन समय में भी भारत के हितों का समर्थन किया। परंतु साल 2022 में शुरू हुए रूस-यूक्रेन युद्ध ने वैश्विक राजनीति, ऊर्जा बाज़ार, वित्तीय ढांचे और सामरिक गठबंधनों को जिस तरह बदल दिया है, उसने भारत-रूस संबंधों को एक नए मोड़ पर ला खड़ा किया है। पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए कड़े प्रतिबंधों ने न केवल रूस की अर्थव्यवस्था और उसकी रक्षा-उत्पादन क्षमता को प्रभावित किया है, बल्कि भारत जैसे साझेदार देशों के लिए भी अभूतपूर्व कूटनीतिक चुनौतियाँ पैदा की हैं। एक ओर अमेरिका, यूरोप और इंडो-पैसिफिक साझेदार भारत से पश्चिमी मानदंडों का पालन करने की उम्मीद करते हैं, वहीं दूसरी ओर भारत रूस से ऊर्जा, रक्षा और अंतरराष्ट्रीय संतुलन की ज़रूरतों को अनदेखा नहीं कर सकता। इस दोराहे पर भारत की सबसे बड़ी परीक्षा है कि कैसे रूस के साथ संबंधों को बनाए रखते हुए अपनी सामरिक स्वायत्तता को मजबूती से स्थापित किया जाए।

आज की सबसे बड़ी जटिलता यह है कि रूस धीरे-धीरे चीन के करीब जाता दिख रहा है और यह समीकरण भारत के हितों की दृष्टि से पूरी तरह अनुकूल नहीं कहा जा सकता। चीन के साथ रूस का बढ़ता आर्थिक, तकनीकी और सैन्य सहयोग उस क्षेत्रीय संतुलन को प्रभावित कर रहा है, जिसमें भारत अपनी सुरक्षा रणनीति का निर्माण करता है। भारत जानता है कि चीन की मंशा केवल एशिया प्रभुत्व तक सीमित नहीं बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन को बदलने की है। ऐसे में रूस-चीन निकटता भारत की सामरिक गणना को कठिन बनाती है।

पश्चिम द्वारा लगाए गए प्रतिबंध भी भारत के लिए कम चुनौतीपूर्ण नहीं हैं। रूस से होने वाले रक्षा आयात और महत्वपूर्ण स्पेयर पार्ट्स पश्चिमी प्रतिबंधों के कारण धीमे पड़ रहे हैं। भारत की वायुसेना और थलसेना जिन कई प्रमुख प्रणालियों पर निर्भर हैं, वे रूस द्वारा निर्मित या रूस के सह-उत्पादन वाले हैं। यूक्रेन युद्ध के चलते रूसी रक्षा उद्योग पर जो दबाव बढ़ा है, उसने भारत को कई सैन्य परियोजनाओं की समय-सीमा को लेकर चिंतित कर दिया है। कुछ हथियार प्रणालियों और मिसाइल डिलीवरी में देरी भी इसे दर्शाती है। यह स्थिति भारत को मजबूर करती है कि वह दीर्घकालिक रूप से अपने रक्षा स्रोतों को विविध बनाए और घरेलू उत्पादन पर अधिक ध्यान दे।



**पश्चिम द्वारा लगाए गए प्रतिबंध भी भारत के लिए कम चुनौतीपूर्ण नहीं हैं। रूस से होने वाले रक्षा आयात और महत्वपूर्ण स्पेयर पार्ट्स पश्चिमी प्रतिबंधों के कारण धीमे पड़ रहे हैं। भारत की वायुसेना और थलसेना जिन कई प्रमुख प्रणालियों पर निर्भर हैं, वे रूस द्वारा निर्मित या रूस के सह–उत्पादन वाले हैं। यूक्रेन युद्ध के चलते रूसी रक्षा उद्योग पर जो दबाव बढ़ा है, उसने भारत को कई सैन्य परियोजनाओं की समय–सीमा को लेकर चिंतित कर दिया है। कुछ हथियार प्रणालियों और मिसाइल डिलीवरी में देरी भी इसे दर्शाती है। यह स्थिति भारत को मजबूर करती है कि वह दीर्घकालिक रूप से अपने रक्षा स्रोतों को विविध बनाए और घरेलू उत्पादन पर अधिक ध्यान दे। इसी बीच व्यापारिक असंतुलन भी भारत–रूस संबंधों का एक गंभीर पहलू बनकर उभरा है। कच्चे तेल के आयात में भारी वृद्धि ने रूस के साथ भारत के व्यापार को एकतरफा बना दिया है। रूस को भारत से निर्यात बेहद कम है और भुगतान प्रणाली भी स्पष्ट ढंग से स्थिर नहीं हो पाई है। रुपया–रूबल व्यापार व्यवस्था पश्चिमी प्रतिबंधों और अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग नियमों के कारण अपेक्षित दक्षता हासिल नहीं कर पाई है। इससे दोनों देशों के व्यापारिक ढांचों में अनिश्चितता और जोखिम बढ़ा है।`दूसरी ओर पश्चिमी देश भी चाहते हैं कि भारत रूस को समर्थन कम करे और यूक्रेन मुद्दे पर एक नैतिक रुख अपनाए। लेकिन भारत की विदेश नीति का आधार साझा नैतिकता से अधिक राष्ट्रीय हितों पर आधारित है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र में कई बार मतदान से दूरी बनाकर यह स्पष्ट किया है कि वह किसी भी पक्ष का सीधा समर्थन नहीं करेगा। भारत का यह संतुलित रुख उसकी सामरिक स्वायत्तता का प्रतीक है।**

इसी बीच व्यापारिक असंतुलन भी भारत-रूस संबंधों का एक गंभीर पहलू बनकर उभरा है। कच्चे तेल के आयात में भारी वृद्धि ने रूस के साथ भारत के व्यापार को एकतरफा बना दिया है। रूस को भारत से निर्यात बेहद कम है और भुगतान प्रणाली भी स्पष्ट ढंग से स्थिर नहीं हो पाई है। रुपया-रूबल व्यापार व्यवस्था पश्चिमी प्रतिबंधों और अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग नियमों के कारण अपेक्षित दक्षता हासिल नहीं कर पाई है। इससे दोनों देशों के व्यापारिक ढांचों में अनिश्चितता और जोखिम बढ़ा है।

दूसरी ओर पश्चिमी देश भी चाहते हैं कि भारत रूस को समर्थन कम करे और यूक्रेन मुद्दे पर एक नैतिक रुख अपनाए। लेकिन भारत की विदेश नीति का आधार साझा नैतिकता से अधिक राष्ट्रीय हितों पर आधारित है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र में कई बार मतदान से दूरी बनाकर यह स्पष्ट किया है कि वह किसी भी पक्ष का सीधा समर्थन नहीं करेगा। भारत का यह संतुलित रुख उसकी सामरिक स्वायत्तता का प्रतीक है। परन्तु पश्चिमी देशों में इसे लेकर मिश्रित प्रतिक्रियाएँ देखने को मिली हैं। कुछ इसे भारत की 'प्रैगमैटिक डिप्लोमेसी' कहते हैं, तो कुछ इसे रूस के प्रति 'अतिरिक्त सहानुभूति' की तरह देखते हैं। भारत को इन दबावों के बीच अपनी विदेश नीति को चतुराई से साधना होगा।

भारत के सामने एक चुनौती यह भी है कि रूस और अमेरिका दोनों उसके महत्वपूर्ण साझेदार हैं। अमेरिका आज भारत का सबसे बड़ा तकनीकी और आर्थिक भागीदार है, साथ ही क्वाड के माध्यम से एशिया-प्रशांत सुरक्षा ढांचे का अभिन्न हिस्सा भी। वहीं रूस पारंपरिक सहयोगी है और दशकों से भारत के रक्षा ढांचे का मुख्य स्तंभ बना हुआ है। इन दोनों स्तंभों के बीच संतुलन बनाए रखना भारत की कूटनीति के लिए अत्यंत जटिल किंतु आवश्यक कार्य है। भारत को यह दिखाना होगा कि दोनों साझेदारियों में विरोधाभास नहीं बल्कि परस्पर पूरक लाभ हैं।

भारत इस मुश्किल संतुलन को बनाए रखने के लिए कई कूटनीतिक रणनीतियाँ अपना सकता है। सबसे पहले, उसे रक्षा आयात पर निर्भरता कम करके मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत को तेज़ी से आगे ले जाने की नीति अपनानी होगी। रूस के साथ संयुक्त उत्पादन और तकनीकी सहयोग को भारतीय भूमि पर बढ़ाया जा सकता है, जिससे सीधे आयात पर निर्भरता घटेगी और प्रतिबंधों का प्रभाव न्यूनतम होगा। इसके साथ ही भारत को यूरोप, अमेरिका, फ्रांस और इज़राइल जैसे देशों के साथ नई रक्षा साझेदारियों को मजबूत करना होगा।

दूसरा महत्वपूर्ण कदम यह होगा कि भारत रूस के साथ ऊर्जा, कृषि, फार्मा, आईटी और अन्य गैर-रक्षात्मक क्षेत्रों में व्यापारिक विविधता को बढ़ाए। इससे व्यापारिक असंतुलन कम होगा और दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं में स्थिरता आएगी। तीसरा उपाय यह है कि भारत को एक विश्वसनीय और प्रतिबंध-सुरक्षित भुगतान व्यवस्था विकसित करनी होगी। इसके लिए ब्रिक्स, एससीओ और वैकल्पिक वित्तीय प्रणालियों का उपयोग कारगर हो सकता है।

कूटनीतिक स्तर पर भारत को रूस के साथ भरोसेमंद संवाद बनाए रखना होगा, और साथ ही पश्चिमी देशों को यह संदेश भी देना होगा कि भारत की तटस्थता उसकी जिम्मेदार सामरिक सोच का परिणाम है। भारत ने पहले भी यह सिद्ध किया है कि वह किसी ब्लॉक में शामिल हुए बिना भी अपने हितों की रक्षा कर सकता है। आज की वैश्विक परिस्थितियाँ भारत से और भी परिपक्व एवं बहुआयामी दृष्टिकोण की मांग करती हैं।

इन सभी परिवर्तनों के बीच यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए किसी भी महाशक्ति का अनुसरण न करे। भारत ने हमेशा एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था का समर्थन किया है, जिसमें किसी एक शक्ति का वर्चस्व न हो। रूस के साथ संबंध बनाए रखते हुए भी भारत को अपनी स्वतंत्र विदेश नीति की दिशा को स्पष्ट रखना होगा–एक ऐसी नीति जो न तो दबाव में निर्णय ले और न ही किसी संघर्ष में अनावश्यक पक्षधरता दिखाए। अंततः भारत-रूस संबंध आज ऐतिहासिक मोड़ पर खड़े हैं। यूक्रेन युद्ध, प्रतिबंधों की राजनीति और बदलते गठबंधन ढांचे ने इस संबंध को चुनौतीपूर्ण बना दिया है, परंतु इसमें अवसर भी छिपे हैं। भारत को यह समझना होगा कि रूस उसके लिए सिर्फ रक्षा सहयोगी नहीं, बल्कि एक ऐसा साझेदार है जिसके साथ ऊर्जा सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय संतुलन और एशियाई राजनीति के कई पहलू जुड़े हुए हैं। इसी तरह पश्चिम भी भारत के उदय का अनिवार्य साझेदार है। इसलिए भारत का लक्ष्य किसी भी एक ध्रुव की ओर झुकना नहीं, बल्कि संतुलन का वह मार्ग चुनना होना चाहिए जो उसकी सामरिक स्वायत्तता, आर्थिक स्थिरता और वैश्विक भूमिका को अधिक सशक्त बनाता है। भारत के लिए यही वह समय है जब उसे अपने कूटनीतिक कौशल, शांत तर्क और दृढ़ संकल्प का उपयोग करते हुए दुनिया को यह दिखाना होगा कि सामरिक स्वायत्तता केवल नीति नहीं बल्कि भारत की वैश्विक पहचान है।

*(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

## विचार

# सनातन–सांस्कृतिक मूल्यों को गति देते मोहन यादव

*प्रमोद भार्गव*

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पद की शपथ लेने के बाद से ही सनातन–सांस्कृतिक मूल्यों को निरंतर गति दे रहे हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सरकार की कोई निंदा–आलोचना किए बिना, उनके द्वारा खींची गई लकीर को बड़ा करने का काम किया है। इस परिप्रेक्ष्य में हिंदुत्व की वैचारिकता को आगे बढ़ाने के साथ महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं को रोजगार, नगरीय विकास से लेकर ग्रामीण विकास और सुशासन को सशक्त बनाने के बाबत उनकी प्राथमिकताएं देखने में आई हैं। हिंदुत्व और सनातन संस्कृति उनके अजेंडे के प्रमुख आधार रहे हैं। अतएव उज्जैन और अन्य धार्मिक स्थलों के कायाकल्प के साथ राम वन गमन और कृष्ण पाथेय परियोजना को जमीन पर उतारने का संकल्प लिया है। अब भगवान श्री कृष्ण से जुड़े मध्यप्रदेश के स्थलों को एक नवीन पहचान दी जाएगी। प्रदेश में बड़ा पूंजी निवेश कराकर उद्योगों की स्थापना हेतु कई इंवेस्टर मीट कराए गए हैं। इससे नए रोजगार व तकनीकी विकास के रास्ते जल्दी ही खुलेंगे। चीता पालन परियोजना श्योपुर के कूनो और मंदसौर के गांधी सागर में उन्हीं के कार्यकाल में भलीभूत हुई है। अब इसका विस्तार सागर जिले के वीरांगना दुर्गावती बाघ आरक्षित क्षेत्र में भी होगा। मोहन यादव मंत्रिमंडल की पहली बार बैठक बुंदेलखंड के खजुराहो में संपन्न हुई है। इसके दूरगामी परिणाम निकलने की उम्मीद की जा रही हैं। अतएव इस अंचल में पर्यटन और औद्योगिक विकास के नए रास्ते जल्द खुलेंगे।

प्रदेश में धर्म, अध्यात्म और संस्कृति के संगम की त्रिवेणी बह रही है। दुनिया के सामने 'श्री कृष्ण पाथेय' योजना के अंतर्गत सांदीपनि आश्रम उज्जैन, पीवड़िया–खातेगांव देवास, एरण सागर, चंदेरी, अशोकनगर जामगढ़ रायसेन, सागर, जनापाव इंदौर और अमझेरा धार सहित आठ जिलों में उन पुरातन स्थलों को धार्मिक पहचान दी जाएगी, जो भगवान कृष्ण से जुड़े रहे हैं। इन स्थलों पर कृष्ण के श्रीचरण विद्यार्जन, यात्रा के समय विश्राम और विवाह के लिए रुक्मणी हरण से जुड़े हैं। इन यात्राओं में कृष्ण के साथ उनके बड़े भाई बलराम अर्थात बलदाऊ भी साथ रहे हैं। कृष्ण और बलराम ने एक साथ उज्जैन के सांदीपनि आश्रम के गुरुकुल में शिक्षा प्राप्त की थी। दोनों भ्राताओं में यहां 64 कलाएं और 14 विद्याएं गुरु सांदीपनि से प्राप्त की थीं। मित्र सुदामा भी उनके साथ रहे थे। भागवत पुराण के अनुसार गुरु सांदीपनि के पास जितनी भी शिक्षाएं थीं, सब सिखा दी थीं। शिक्षा प्राप्ति के बाद कृष्ण ने गुरु से गुरु दक्षिणा लेने को कहा, लेकिन उन्होंने कुछ भी लेने से मना कर दिया। तब कृष्ण और बलराम गुरु माता के पास पहुंचे। उन्होंने रोते–रोते अपने पुत्र के अपहरण की कहानी कह दी। पुत्र का अपहरण समुद्र के किनारे से हुआ था। कृष्ण और बलराम समुद्र किनारे पहुंचे और उन्होंने समुद्र का आवाहन किया। समुद्र ने सामने आकर बताया कि पंचजन्य नाम के असुर ने गुरु सांदीपनि के पुत्र का अपहरण किया है। कृष्ण ने अंततः पंचजन्य राक्षस को खोज लिया और उसको दंडित करते हुए गुरु पुत्र को वापस मांगा। पंचजन्य ने जब कृष्ण के पुरुषार्थ और उनकी दैवीय शक्तियों को जाना तो तुरंत गुरु पुत्र को लौटा दिया। कृष्ण और बलराम ने इस पुत्र को उज्जैन जाकर गुरु माता को दक्षिणा के रूप में सौंप दिया। इस यात्रा के दौरान कृष्ण और बलराम धार जिले के अमझेरा होते हुए समुद्र तक पहुंचे थे।

कृष्ण को जब विवाह प्रस्ताव के रूप में रुक्मणी का पत्र मिला तो वह द्वारका से नारायण, पीवाड़िया–खातेगांव एरन, चंदेरी होते हुए विदर्भ की राजधानी कुंडनपुर पहुंचे थे। रुक्मणी स्वयंवर यहीं चल रहा था। इसी स्वयंवर स्थल से कृष्ण ने रुक्मणी का हरण किया था। अब उन्हीं स्थलों को एक न्यास बनाकर संवारा जाएगा। इन स्थलों को तीर्थ स्थलों के रूप में विकसित करने की योजना है। इस योजना को क्रियान्वित करने से पहले स्थलों का शोधवृत्ति के जरिए शोध कराया जाएगा। विक्रमादित्य शोधपीठ इसे क्रियांन्वित करेगी। मोहन यादव गीता और गो–माता की महिमा को बढ़ाने का काम भी प्राथमिकता से कर रहे हैं। गीता और गो–माता हमारी सनातन संस्कृति और आस्था के प्रतीक हैं। गाय की महिमा का गान ऋग्वैदिक युग से ही हो गया था। वैदिक ऋषियों ने जान लिया था कि गाय एक ऐसा पशुधन हैं, जो दूध और दूध से बनने वाले दही, मट्ठा, घी, मक्खन तो देती ही है, खेती के लिए बैल भी देती है। अतएव ग्रामीण और कृषि अर्थव्यवस्था हेतु गाय के संरक्षण का उपाय करते हुए, उसे गौ माता का दर्जा ऋषियों ने दिया।

अक्सर हमारे राजनेता या प्रदेश प्रमुख हिंदु एवं मुस्लिम संप्रदायों से जुड़े मंदिर एवं मस्जिदों के अतिक्रमण हटाने से भयभीत दिखाई देते हैं। इनके पीछे उनकी स्वयं की धार्मिक भावना एवं आस्था तो होती ही है, कहीं सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़ न जाए, इसका डर भी मन में रहता है। अतएव ज्यादातर मुख्यमंत्री ऐसे अतिक्रमणों को हटाने से बचते हैं। हालांकि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने अनेक धार्मिक स्थलों एवं भू–माफियाओं के अतिक्रमण हटाकर एक मिसाल पेश की है। अब ऐसा ही उदाहरण मोहन यादव ने उज्जैन में पेश कर दिया है। उन्होंने उज्जैन के केडी मार्ग चौड़ीकरण में आ रही बाधाओं को दूर करने में दृढ निर्णय के साथ सभी धर्मावलंबियों और शासन के बीच सामंजस्य बिठाकर इन अतिक्रमणों को हटाने का अनूठा उदाहरण पेश किया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव पूरी तरह धार्मिक हैं लेकिन उनमें धर्मजन्य मिथकीय जड़ता नहीं है। जब वे मुख्यमंत्री बने थे, तब उन्होंने इस पद पर आसीन होने के बाद पहली बार उज्जैन में रात बिताने का निश्चय किया था। इस खबर के फैलने के बाद कथित धर्म के प्रचारकों ने प्रश्न उठाया कि राजा महाकाल की नगरी की परिधि में कोई दूसरा राजा या मुखिया रात बिताएगा तो उसे महाकाल के कोप से पद गंवाना पड़ सकता है? इस पर मुख्यमंत्री यादव ने सार्थक टिप्पणी करते हुए कहा था, 'मैं तो उज्जैन का ही निवासी हूं और महाकाल भगवान की शरण में ही रहा हूं। आज मेरी जो भी राजनीतिक व अन्य उपलब्धियां हैं, वह उन्हीं की कृपा से हैं। महाकाल का दायरा कोई उज्जैन नगर निगम तक सीमित नहीं है। वे विश्व के कण–कण में व्याप्त हैं। अतएव उन्हें मुझे दंडित करना होगा तो उज्जैन नगर की सीमा से बाहर भी कर सकते हैं। इसलिए मैं उन्हीं की शरण में उज्जैन में रात बिताऊंगा और मुझ पर उनकी कृपा भी रहेगी।' हम सब जानते हैं कि मोहन यादव ने उज्जैन में रात बिताई और महाकाल की उन पर कृपा बनी हुई है।

अतिक्रमण हटाकर बनाए जा रहे चौड़े मार्ग 2028 में उज्जैन में लगने वाले सिंहस्थ मेले में वरदान साबित होंगे। यहां कुंभ नगरी का निर्माण भी किया जा रहा है। इसका उद्देश्य कुंभ मेला क्षेत्र का स्थाई विकास किया जाना है। उज्जैन और राजा विक्रमादित्य एक–दूसरे के पर्याय हैं। विक्रमादित्य ने ही उज्जैन से विदेशी शासकों का पराभव कर उन्हें पूरी तरह ध्वस्त कर दिया था। इस युद्ध की विजय के उपलक्ष्य में ही विक्रम संवत शुरू करके एक नए पंचांग की शुरुआत विक्रमादित्य ने की थी। परंतु वामपंथी इतिहासकारों ने विक्रमादित्य के अस्तित्व को ही नकार दिया था। विक्रम शोधपीठ विक्रमादित्य से जुड़े इतिहास को साक्ष्यों के साथ प्रमाणित करने के लिए देशभर के विद्वानों की उज्जैन में परिचर्चाएं आयोजित कर विक्रमादित्य के नायकत्व की गाथाएं सामने ला रही है। मोहन यादव जैसी धार्मिक–सांस्कृतिक चेतना और रुढ़िवादी जड़ताओं को तोड़ने वाले दृढ़ निश्चयी प्रतिनिधियों की मध्यप्रदेश में ही नहीं पूरे देश में जरूरत है। यदि ऐसे नेता जागरूकता और समन्वय की स्थापना के लिए सामने आएंगे तो उनसे पवित्र एवं सात्विक सांस्कृतिक परंपराओं के बीच पनपे अंधविश्वासों को दूर करने की भी अपेक्षा की जा सकेगी। जिससे मानव समुदायों में तार्किकता का विस्तार हो और इसी के फलस्वरुप वैज्ञानिक चेतना संपन्न समाज का निर्माण हो।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*


साहित्य




## हृदय मेरा बिन तेरे

**श्याम सिंह बिष्ट**

हृदय मेरा बिन तेरे
एक खाली मकान सा
भटकता फिरता, खुद में ही
खुद ही तन्हा,
खुद ही वीरान सा।
मन मेरा यह बावरा
जग की मुझे फिक्र कहां
खुद को ही,
खुद में, अब न जानु
भुला में अपनी पहचान सा
हैं जो ये मेरे घर की
छतें, दर्रे, दीवारे,
कहती हैं मुझसे
खुद से ही क्यों
तू इतना अनजान सा हृदय
मेरा बिन तेरे
एक खाली मकान सा।





# राशिफल

**मेष:**– किसी महत्वपूर्ण कार्य में कुछ कठिनाइयों का अभास होगा। पारिवारिक दायित्वों की समयानुकूल पूर्ति के लिए मन चिंतित होगा।

**वृषभ:**– मनोवांछित सफलता न मिलने से उत्साह में कमी आएगी। धैर्यहीनता व परिवर्तनशीलता लक्ष्य से दिग्भ्रमित करेगी।

**मिथुन:**– परिजनों एवं मित्रों का सनिध्य मन को प्रसन्न रहेगा। कार्य-पेशे में अवरोधित कार्य सार्थक होने के आसार हैं। मांगलिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में सम्मलित होंगे।

**कर्क:**– कुछ नये संबंध बनेंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव। कर्त्तव्य एवं जिम्मेदारियों से घिरा मन काल्पनिक आकांक्षाओं से समझौता करने में सक्षम होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**सिंह:**– मन खराब विचारों से प्रभावित रहेगा। अत: उपरोक्त स्वभाव को सुधारें। रोजगार में अपनी कार्यकुशलता व प्रतिभा का जौहर बिखेरेंगे।

**कन्या:**– वाणी पर नियंत्रण रखते हुए संबंधों को मधुर बनाने की चेष्ठा करें। आत्मबल कुछ महत्वपूर्ण सफ्लताओं के प्रति आशान्वित करेगा। पूर्वत स्थिति में सुधार एवं आर्थिक लाभ के आसार हैं।

**तुला:**– अच्छी भावनाएं मकसद को सफल करेंगी। कार्यक्षेत्र में बौद्धिक क्षमता का लाभ उठाएंगे। परिजनों के दुख-सुख के प्रति चिंतित होंगे।

**वृश्चिक:**– परिश्रम द्वारा आर्थिक क्षेत्र में सफलता अर्जित करेंगे। समय का पूर्ण उपयोग करें। किसी नयी संवेदना का असर किसी नये रिश्ते को जन्म देगा।


**धनु:**– परंपराओं एवं संस्कारों के प्रति आस्था बढ़ेगी। निर्थक हीनभाव रखना एवं प्रगतिशील लोगों से ईर्ष्याभाव रखना ठीक नहीं है। किसी अचल सम्पत्ति के क्रय के लिए प्रयत्न तीव्र होगा।

**मकर:**– किसी महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर रहना अरुचिकर लगेगा। मिलनसारिता के कारण संबंधों का विस्तार होगा। कमजोर मनोबलवश लक्ष्य के प्रति दृढ़ता का अभाव रहेगा।

**कुंभ:**– परिवार में खुशीप्रद वातावरण रहेगा। पिछले दिनों उत्पन्न व्यवसायिक अवरोधों का हल ढूंढने हेतु मन केंद्रित होगा। कोई अच्छा अवसर मन को खुश रखेगा।

**मीन:**– प्रयासरत क्षेत्रों में अवरोध तथा दाम्पत्य जीवन में कष्ट संभव। स्वास्थ्य में छोटी-मोटी परेशानियां संभव। धैर्यपूर्वक महत्वपूर्ण योजनाओं को क्रियान्वित करें।

# बायोमेट्रिक जांच से लाखों संदिग्ध घुसपैठियों पर शिकंजा कसा



*संजय सक्सेना*

भारत सरकार के सामने बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों के रूप में देश में घुसपैठ करने वाले लोगों की समस्या एक जटिल और संवेदनशील चुनौती बन चुकी है। ये घुसपैठिए आधार कार्ड, वोटर कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और यहां तक कि पासपोर्ट तक प्राप्त कर चुके हैं, जिससे उनकी पहचान करना बेहद कठिन हो गया है। केंद्र सरकार और राज्य सरकारें, खासकर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार, इस समस्या से निपटने के लिए तकनीकी, कानूनी और प्रशासनिक कदम उठा रही हैं, लेकिन संसाधनों की कमी, कानूनी जटिलताएं और मानवाधिकार संबंधी बाधाएं प्रक्रिया को धीमा कर रही हैं।

पहचान की प्रक्रिया में केंद्र सरकार ने आधार कार्ड को बायोमेट्रिक तकनीक से मजबूत किया है, जहां फिंगरप्रिंट और आईरिस स्कैन के जरिए संदिग्ध दस्तावेजों की जांच होती है। उत्तर प्रदेश में 2019 के संयुक्त सर्वे में करीब 10 लाख घुसपैठियों की पहचान की संभावना जताई गई थी, और अब छह वर्षों में उनकी संख्या में खासा इजाफा हो चुका है। अधिकतर घुसपैठिए खुद को पूर्वोत्तर राज्यों जैसे असम या त्रिपुरा का निवासी बताते हैं और फर्जी आधार कार्ड दिखाते हैं, जो पश्चिम बंगाल या असम में एजेंटों द्वारा बनाए जाते हैं। वोटर सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत संदिग्ध नाम हटाए जा रहे हैं, जैसे पश्चिम बंगाल में 15,000 बांग्लादेशी घुसपैठियों को सीमा पर खदेड़ा गया। पासपोर्ट और पैन कार्ड की प्रक्रिया में भी कड़ी निगरानी बढ़ाई गई है ताकि फर्जी दस्तावेज न बन सकें।

निष्कासन की प्रक्रिया विदेशी नागरिक अधिनियम और नागरिकता संशोधन कानून पर आधारित है। संदिग्धों को डिटेंशन सेंटरों में रखा जाता है, जहां उनकी नागरिकता सत्यापित होती है। देशभर में दिल्ली सहित 18 डिटेंशन सेंटर कार्यरत हैं, जहां 1500 से अधिक विदेशी नागरिक रखे गए हैं, जिनमें बांग्लादेशी और रोहिंग्या शामिल हैं। 2025 में मुंबई पुलिस ने 1001 बांग्लादेशी घुसपैठियों को वापस भेजा, जबकि असम और अन्य राज्यों से 142 रोहिंग्याओं का निष्कासन हुआ। बीएसएफ ने जनवरी 2024 से दिसंबर 2025 तक भारत-बांग्लादेश सीमा पर 2601 घुसपैठियों को पकड़ा। हालांकि, कई घुसपैठिए सीमा पार होने के बाद कुछ किलोमीटर दूर से वापस लौट आते हैं, और बांग्लादेश की सेना उन्हें अपना नागरिक मानने से इंकार कर देती है।

योगी सरकार ने इस मुद्दे पर सबसे आक्रामक रुख अपनाया है। उत्तर प्रदेश में रोहिंग्या बस्तियों में 700 से 800 लोगों की पहचान हो चुकी है, जबकि 250 अन्यों का सत्यापन चल रहा है। लखनऊ से 160 घुसपैठी रातों रात भाग गए, और मेरठ में 500



क्षमता वाला डिटेंशन सेंटर बन रहा है। हर मंडल में डिटेंशन सेंटर स्थापित हो रहे हैं, साथ ही बायोमेट्रिक डेटाबेस तैयार किया जा रहा है ताकि घुसपैठिए दोबारा न लौटें। सहारनपुर में ऑपरेशन टॉर्च चल रहा है, जहां झुग्गी-झोपड़ियों, रेलवे स्टेशनों और सीमावर्ती इलाकों में तलाशी ली जा रही है। मुख्यमंत्री ने जनता से सहयोग मांगा है और वोटर सूची से नाम हटाने तथा कानूनी कार्रवाई का वादा किया है। रोहिंग्या आबादी पूरे भारत में करीब 40,000 बताई जाती है, लेकिन उत्तर प्रदेश में यह संख्या लाखों में हो सकती है।

इन प्रयासों के पीछे कई चुनौतियां हैं। पहचान के बाद सत्यापन में समय लगता है क्योंकि 10 लाख से अधिक घुसपैठिए छिपे हैं, जैसे कोलकाता में लाखों बांग्लादेशी फर्जी कागजों पर सरकारी लाभ ले रहे हैं। मूल निवासी वाले पूर्वोत्तर राज्यों से सत्यापन कराना मुश्किल होता है क्योंकि एजेंट नेटवर्क मजबूत है। मानवाधिकार संगठन और रेड क्रॉस निष्पक्षता की निगरानी करते हैं, जिससे प्रक्रिया धीमी पड़ती है। संसाधनों की कमी से उत्तर प्रदेश जैसे घनी आबादी वाले राज्य में अभियान प्रभावी ढंग से नहीं चल पाते। डिजिटल निगरानी, सैटेलाइट इमेजरी और पुलिस-राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें काम कर रही हैं, लेकिन सीमावर्ती जंगलों, खेतों और नदियों में घुसपैठ जारी है। सामाजिक तनाव से बचने के लिए स्थानीय निवासियों के हितों का ध्यान रखना पड़ता है।

कुल मिलाकर, केंद्र सरकार ने गृह मंत्रालय के गजट नोटिफिकेशन से सभी राज्यों को डिटेंशन सेंटर बनाने के निर्देश दिए हैं। योगी सरकार के कदमों से घुसपैठियों में खौफ फैला है, जिसका असर पश्चिम बंगाल और बिहार तक दिख रहा है। यदि संसाधन बढ़ें, अंतरराष्ट्रीय सहयोग मिले और सत्यापन प्रक्रिया तेज हो, तो घुसपैठ रोकी जा सकती है। यह सुरक्षा, आर्थिक बोझ और सामाजिक शांति का संतुलन है, जहां तकनीक, कानून और प्रशासन की भूमिका निर्णायक होगी। देश की सीमाएं सुरक्षित रखने के लिए निरंतर सतर्कता और जन सहयोग आवश्यक है।

***लेखकर वरिष्ठ पत्रकार हैं।***


**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक पार्टियों के साथ की बैठक

**हमीरपुर।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के दृष्टिगत मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा 12.12.2025 को समस्त 899 मतदेय स्थलों पर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त किये गये बूथ लेवल एजेण्ट (बीएलए) के साथ सम्बन्धित मतदेय स्थलों के बूथ लेवल अधिकारियों की पूर्वाह्न 10.00 बजे से बैठक आयोजित की गयी है। बैठक में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की गणना अवधि में चिन्हित किये गये अनुपस्थित, मृतक, शिफ्टेड एवं डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची बूथ लेवल अधिकारी द्वारा राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेण्ट को उपलब्ध करायी जायेगी साथ ही बीएलओ द्वारा बैठक में उपस्थित प्रतिभागियों की उपस्थिति दर्ज की जायेगी। समस्त राजनैतिक दलों से अपेक्षा है कि उक्त बैठक में प्रतिभाग हेतु नियुक्त बीएलए को अपने स्तर से निर्देशित करें एवं बैठक में प्रतिभाग अवश्य करें में जनसामान्य की सुविधा हेतु टोलफ्री नम्बर 05282-221047 क्रियान्वित है सम्बन्धित किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने अथवा शिकायत करने हेतु उक्त टोल फ्री नम्बर पर कॉल किया जा सकता है।

### जीवन का लक्ष्य मोक्ष का मार्ग ढूंढना होना चाहिए: आत्मानंद



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे के श्री गायत्री तपोभूमि प्रांगण में रामकथा के छठवें दिन कथा व्यास महामंडलेश्वर आत्मानंद गिरि महाराज ने कहा कि जीवन का लक्ष्य मोक्ष प्राप्ति का साधन ढूंढना होना चाहिए यह राम नाम से स्मरण से ही संभव होता है रामकथा के छठवें दिन कथा व्यास ने कहा कि पाकिस्तान की आबादी 22 करोड़ है जबकि हमारे देश में देवी देवता ही 33 करोड़ है जब हमारे देवता ही उनसे अधिक हैं तब पाक हमारा क्या बिगाड़ पाएगा। उन्होंने कहा कि रामनाम जप से मनुष्य भवसागर पार कर लेता है परमात्मा की नाव सागर को पार करा देती है। कलयुग में मोक्ष का साधन केवल प्रभु का नाम है। मनुष्य का शरीर पंच तत्वों से बना है। इन तत्वों में बहुत शक्ति है। इस दौरान कथा के परीक्षित बिंदा साहू, दुर्गा साहू, कृष्णा शुक्ला, उमा द्विवेदी, भूरी परिहार सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### भानु प्रताप निषाद ने रक्तदान कर बचाई ब्रजकिशोर की जान



**हमीरपुर।** जिला अस्पताल में भर्ती सिसोलर भटूरी निवासी फूलचंद्र के पुत्र ब्रजकिशोर को खून की जरूरत पड़ने पर बुंदेलखंड रक्तदान समिति के सदस्य भानु प्रताप निषाद ने A+ पॉजिटिव 1 यूनिट रक्तदान करके बचाई जान बुंदेलखण्ड रक्तदान समिति रक्तदानी महादानी का दिल से आभार व्यक्त करती है जुनून है रक्तदान महादान।

### दो बाइकों की भिड़ंत में दो महिला सहित 6 लोग घायल उपचार के जिला अस्पताल के लिए रेफर

**मौदहा, हमीरपुर।** दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में दो महिला सहित 6घायल सभी घायलों को लहूलुहान हालत में एंबुलेंस सेवा की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत सभी घायलों की तबीयत में सुधार ना होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार को मुस्करा मार्ग में गुरुवार की दोपहर बाद कुनेहटा बिगहना के बीच दो बाइक आमने-सामने भिड़ गए जिसमें सवार दीपक 22 वर्ष परछछ, अर्जुन 18 वर्ष सुरौली, रजनी 35 वर्ष मौदहा, लक्ष्मी 20 वर्ष मौदहा, संजीव 19 वर्ष कुनेहटा, योगेश 20 वर्ष सुरौली गंभीर रूप से घायल हो गए सभी घायलों को लहूलुहान हालत में एम्बुलेंस द्वारा कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के बाद तबीयत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### अज्ञात वाहन बाइक सवार व राहगीर को टक्कर मारकर हुआ फरार, हादसे में बाइक सवार की मौत



**कुलपहाड़/महोबा।** अज्ञात चौपहिया वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार व्यक्ति सहित पैदल खेत जा रहा एक किसान भी उसकी चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। चौपहिया वाहन टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। दोनों घायलों को पुलिस व राहगीरों की मदद से कुलपहाड़ अस्पताल भेजा गया, जहां पर चिकित्सक द्वारा बाइक सवार व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया, वहीं घायल किसान को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया है। बताया जाता है कि विगत दिवस बुधवार की देर रात्रि को झाँसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग कुलपहाड़ पनवाड़ी रोड पर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढ़ासी व पठारी के बीच एक अज्ञात चौपहिया वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार कामता पुत्र महीपत कुशवाहा 50 वर्ष निवासी तिवारीपुरा पनवाड़ी की घटना स्थल पर मौत हो गई, उसी समय खेत की सिंचाई करने पैदल जा रहे किसान भरत सिंह राजपूत पुत्र हरीराम 35 वर्ष निवासी ग्राम चारुआ भी उसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल किसान को उसी समय वहां से गुजर रहे चारुआ ग्राम निवासी धर्मेन्द्र राजपूत द्वारा आनन फानन में अपनी चार पहिया गाड़ी में लादकर कुलपहाड़ अस्पताल ले जाया गया, जहां ड्यूटीरत डाक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद चिंताजनक होने पर जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया गया। वहीं सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह व कस्बा इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने हमराहियों की मदद से बाइक सवार व्यक्ति को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस द्वारा परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों के आने पर मृतक का पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए महोबा भेज दिया गया। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### तीन माह से पेयजल की समस्या से परेशान खन्ना वासियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर उठाई समस्या के निस्तारण की मांग



**महोबा।** विगत तीन माह से पेयजल समस्या से जूझ रहे खन्ना के बाशिंदों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर पेयजल समस्या के मुद्दा को उठाते हुए समस्या के निस्तारण की मांग उठाई है। लोगों का कहना है कि शिकायतों के बाद भी समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आपूर्ति बाधित होने से दो से तीन किमी दूरी से पानी लाना मजबूरी बना हुआ है। गुरुवार को बसपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में खन्ना के ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां पानी की समस्या को उठाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि तीन माह से जल संस्थान की आबादी पानी के लिए परेशान हो रही है। दर्जनों बार अभियंताओं को शिकायत की गई मगर समस्या को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। बताया कि पूर्व में खन्ना में जल संस्थान के द्वारा आपूर्ति कराई जाती थी मगर बाद मेंनमामि गंगे के द्वारा हर घर जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने का काम किया गया जिसके बाद जल संस्थान ने आपूर्ति बंद कर दी। जल संस्थान और नमामि गंगे के बीच में अब मामला फंसा गया है। दोनों विभाग एक दूसरे के पाले में गेंद फेंकने का काम कर रहे है जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आपूर्ति बाधित होने से दो से तीन किमी दूरी से पानी लाने को लोग मजबूर हो रहे है। अधिकारियों ने समस्या के निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है।

### दीपक ट्रेडर्स और रणधीर क्लब ने मारी बाजी, दीपक ट्रेडर्स ने 5 विकेट एवं रणधीर क्लब ने 17 रनों के अंतर से जीते मैच



**अजनर/महोबा।** कस्बा स्थित कुरेले मैदान में चल रहे एपीएल क्रिकेट टूर्नामेन्ट में बुधवार को दो मुकाबले हुए जिसमें पहला मुकाबला दीपक ट्रेडर्स और कालभैरव क्लब के मध्य खेला गया जिसमें कालभैरव ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में सभी विकेट खोकर 74 रन बनाये जबाब में खेलते हुए दीपक ट्रेडर्स ने 9.2 ओवर में 5 विकेट खोकर 75 रन बना मैच 5 विकेट से जीत लिया। दीपक ट्रेडर्स की तरफ से प्रीतम ने 17 गेंदों में सर्वाधिक 30 रन बनाए। आशीष ने 3 ओवर में 15 रन देकर 4 विकेट लेकर विरोधी टीम की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। दूसरा मुकाबला रणधीर क्लब और यादव ब्रदर्स के मध्य खेला गया जिसमे रणधीर क्लब ने टॉस जीत निर्धारित 12 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 136 रन बनाये जबाब में उतरी यादव ब्रदर्स 12 ओवर में 9 विकेट खोकर 119 रन ही बना सकी और रणधीर क्लब ने मैच 17 रनों से जीत लिया। टीम की तरफ से संदीप और अनिल ने 3-3 विकेट चटकाये जबकि यादव ब्रदर्स की तरफ से शिवम ने 3 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 22 गेंदों में 52 रन बना मैन ऑफ़ द मैच अपने नाम किया। अम्पायर धर्मेन्द्र और अभिजीत सिंह रहे। स्कोरर आशीष कुमार ,कमेन्ट्रेटर दीपू दीक्षित,डॉ बी के राजपूत,अध्यक्ष अरविन्द कुशवाहा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# कलेक्ट्रेट में डीएम ने की जनसुनवाई

**जनसुनवाई के दौरान आयीं 91 शिकायतें, अधिकांश का मौके पर निस्तारण**



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 91 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

## कनौटा गांव में एसआईआर प्रकिया में जानकारी देने को हेल्प डेस्क का आयोजन




**कुरारा, हमीरपुर।** विकास खंड क्षेत्र के कनौटा गांव में एस आई आर प्रक्रिया के संबंध में जानकारी देने के लिए भाजपा द्वारा हेल्प डेस्क का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला अध्यक्ष मौजूद रहे।क्षेत्र के कनौटा गांव में भाजपा कार्यकताओं द्वारा ग्रामीणों को एस आई आर प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए हेल्प डेस्क का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीण मतदाताओं को एस आई आर फार्म भरे जाने में मदद करना है। कार्यक्रम में गांव की महिलाए भारी संख्या में मौजूद रही। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व जनपद के प्रभारी देवेश कोरी, भाजपा जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत,जिला महामंत्री नरवेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष कुरारा मोहन कुशवाहा, महामंत्री दिनेश द्विवेदी, अंकित गुप्ता, बूथ अध्यक्ष चंद्रशेखर, कबीरा आदि मौजूद रहे।

## केन्द्रीय विद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे में स्थित केन्द्रीय विद्यालय में तृतीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य राजमंगल यादव ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम प्रभारी पीबी रावत ने विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। जिसमें ज़िग जैग रेस, फ्रॉग रेस, रिले रेस, थ्रो बॉल जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं शामिल की गयीं। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत करते हुये खेलों की महत्ता और खेलों का दैनिक जीवन में उपयोगिता और निरोगी काया के प्रति आवश्यकता की जानकारी दी गई। प्राचार्य राजमंगल यादव ने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों द्वारा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने पर बधाई दी।

**पीआरडी का हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां स्थापना दिवस**

## उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जवान हुए सम्मानित

**सरीला ब्लॉक की टोली प्रथम व टोली नंबर दो सर्वश्रेष्ठ घोषित**

**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



ब्लाक के टिकरौली गांव के मिनी स्टेडियम में गुरुवार को प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) का 77वां स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में आयोजित आकर्षक परेड में विभिन्न ब्लॉकों की टोलियों ने अनुशासन और दक्षता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी नेहा सोनी ने उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जवानों को सम्मानित किया।उन्होंने बताया कि पीआरडी जवान सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, यातायात नियंत्रण एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक सहयोग जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में अपनी भूमिका निभाते हैं। उनकी सतर्कता, अनुशासन और तत्परता इस दल की पहचान है। उन्होंने स्थापना दिवस पर उनके योगदान को सराहा।परेड प्रतियोगिता में भीषम सिंह ब्लॉक सरीला की टोली प्रथम स्थान पर रही, जबकि टोली नंबर दो को सर्वश्रेष्ठ टोली घोषित किया गया। टोली के जवान माताप्रसाद, अजय, आशीष, शैलेंद्र सहित 14 जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। टोली नंबर दो के कमांडर अनिरुद्ध को सर्वश्रेष्ठ कमांडर चुना गया। कार्यक्रम में प्रभारी अधिकारी नेहा सोनी ने कुरारा ब्लॉक के पीआरडी जवान राकेश को उनके घर में हुए अग्निकांड से हुई क्षति पर 5100 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। उनके इस मानवीय कदम की सराहना की गयी।नेहा सोनी ने कहा पीआरडी जवान सरकार और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हैं। चाहे सुरक्षा व्यवस्था हो, आपदा प्रबंधन हो या जनसेवा–पीआरडी दल हर परिस्थिति में तत्परता और निष्ठा से प्रशासन का सहयोग करता है। जवानों का अनुशासन और समर्पण ही इस दल की सबसे बड़ी शक्ति है।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल

**कुलपहाड़/महोबा।** कस्बा के बेलाताल रोड स्थित तहसील परिसर के पास गुरुवार देर शाम दो तेज रफ्तार बाइकों की भीषण टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों बाइकों पर सवार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान आर्यन पुत्र पदम सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी कटवरिया एवं राजेंद्र पुत्र बाबूलाल उम्र 30 वर्ष निवासी गोविंद नगर के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही कुलपहाड़ पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवकों को सरकारी वाहन से तत्काल कुलपहाड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहाँ मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों की स्थिति गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## परियोजनाओं की खराब प्रगति पर लगाई फटकार

**जिलाधिकारी ने की बड़ी परियोजनाओं के कार्यों की समीक्षा**



**महोबा।** एक करोड़ से अधिक लागत की बड़ी परियोजनाओं की समीक्षा जिलाधिकारी ने करते हुए 90 फीसदी से अधिक कार्य होने वाली परियोजनाओं का काम समय से पूरा करने के निर्देश दिए। गोरखगिरि के सुंदरीकरण के कार्यों की प्रगति कमजोर होने पर नाराजगी जाहिर की गई। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने सीएमआईएस पोर्टल के माध्यम से सीएम डैशबोर्ड पर शामिल परियोजनाओं की समीक्षा की। उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के द्वारा गोखारगिरि के सुंदरीकरण के कार्यो की प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए हैंडओवर करने में देरी पर सिंचाई विभाग कर्वी के कार्यो की जांच के लिए मुख्य अभियंता को पत्र लिखने के निर्देश दिए। कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन के निर्माणाधीन बिजली घरों के कार्यो की प्रगति पर भी नाराजगी जाहिर की गई। जल निगम को तीन दिन के अंदर खरेला वाटर सप्लाई में सुधार के निर्देश दिए गए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, सीएमओ डॉ आशाराम, जिला पंचायत राज अधिकारी चंद्रकिशोर वर्मा, डीएसटीओ सादुलउल्लाह आदि मौजूद रहे।

## आनलाइन हाजिरी दर्ज कराने के खिलाफ पंचायत सचिवों का आंदोलन जारी

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



एक दिसंबर आनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के विरोध में चल रहे सत्याग्रह आंदोलन ग्यारवे दिन जारी रहा, सचिवों ने बताया कि 11तारीख से अब हम अपने कार्य क्षेत्र में साइकिल द्वारा भ्रमण करेंगे और जो हमें सरकार द्वारा ? 200 साइकिल खराब होने पंचर व साइकिल की मरम्मत करने के लिए देती है हम साइकिल से ही क्षेत्र में कार्य करेंगे वही 15 तारीख को अपने अपने डोंगल कार्यालय में जमा कर आंदोलन को तेज गति से आगे बढ़ाएंगे द्य मौदहा विकास खण्ड कार्यालय में पंचायत सचिवों द्वारा शुरू हुआ। खंड विकास अधिकारी कार्यालय के सामने हाथ में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया है। आंदोलनकारी पंचायत सचिवों का कहना है कि 3 नवंबर को जारी शासनादेश में पंचायत सचिवों की उपस्थिति ऑनलाइन की जानी है।इनका मानना है कि यह आदेश वर्तमान परिस्थितियों में अव्यवहारिक है। इससे शासकीय कार्य बाधित होंगे क्योंकि उनका कार्यक्षेत्र व्यापक होता है। एक सचिव के पास में अक्सर 3 से 6 ग्राम पंचायतों का अतिरिक्त प्रभार होता है। ऐसे में ऑनलाइन हाजिरी दर्ज करना संभव नहीं है। अतः इस आदेश को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। बताया कि प्रदेश स्तरीय आह्वान प्रदर्शन जारी रहेगा। विरोध प्रदर्शन में नितेश चंदेल, अरविन्द कुमार, अरविंद सोनी, अरविंद पाल, बीरेंद्र कुमार, राजू सिंह, गिरीश चन्द्र, हरी बाबू, शिव मूरत सिंह, नीरज पटेल, भगवान प्रसाद, प्रियंका देवी व स्वाति शर्मा सहित अन्य सचिव मौजूद रहे हैं।

# संविदा कर्मी की मौत पर राजमार्ग जाम कर जताया विरोध

**बंसल कंपनी की लापरवाही को बताया मौत का कारण, चार किमी लंबा जाम लगने से हजारों वाहन फंसे**

**श्रीनगर/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



विद्युत करंट की चपेट में आए विद्युत संविदा लाइनमैन की उपचार दौरान मौत के बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। परिजनों ने ग्रामीणों और विभागीय कर्मचारियों के खिलाफ कानपुर सागर राजमार्ग में जाम लगाकर प्रदर्शन किया। परिजन पूरे मामले में बंसल कंपनी की लापरवाही को घटना का कारण बता रहे थे। बाद में अधिकारियों ने परिजनों से बात कर कंपनी से दस लाख रुपये आर्थिक सहायता की बात कहकर जाम खुलवाया। बिजली विभाग के संविदा कर्मी लाइनमैन देवेंद्र यादव को विद्युत मरम्मत का काम करते समय करंट लगने से हालत बिगड़ गई थी। गुरुवार को ग्वालियर में उपचार के दौरान लाइनमैन की मौत हो गई। परिजनों को जब इसकी भनक लगी तो कस्बा के बेलाताल तिगैला में परिजनों ने सड़क जाम कर दी। देखते ही देखते कानपुर-सागर राजमार्ग में चार किमी का लंबा जाम लग गया। जाम में हजारों की संख्या में वाहन फंस गए। परिजन बंसल कंपनी के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे थे। बाद में चरखारी सीओ दीपक दुबे,कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चरखारी प्रवीण कुमार सिंह, श्रीनगर थानाध्यक्ष जयचंद्र सिंह सहित नायब तहसीलदार ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर परिजनों से बात करते हुए बंसल ग्रुप के अधिकारियों से बात की और परिजनों को दस लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया। कहा कि शासन और विभाग के द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता अलग से दी जाएगी। परिजनों के मानने के बाद पुलिस ने जाम खुलवाया। लगभग चार घंटा राजमार्ग जाम रहा। नायब तहसीलदार अभय प्रताप सिंह, राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश, लेखपाल प्रमोद रावत आदि मौजूद रहे।

### लाइनमैन करा रहे थे साथी का उपचार

**महोबा।** लाइनमैन के करंट से गंभीर रूप से झुलसने के बाद साथियों के द्वारा सहयोग कर उपचार कराया जा रहा था। हादसे के बाद संविदा कर्मचारी आग बबूला हैं। कहा कि बंद लाइन में कंपनी की लापरवाही से करंट दौड़ गया। कंपनी की लापरवाही का खामियाजा साथी को अपनी जान देकर चुकाना पड़ा। पूरे मामले में विभाग ने भी कंपनी के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। अधिकारियों के द्वारा पूरे मामले को लेकर कंपनी के खिलाफ लिखापढ़ी की जा रही है।

### संविदाकर्मी की मौत पर कार्यदाई संस्था के अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज

**श्रीनगर/महोबा।** संविदा कर्मचारी की करंट लगने से हुई मौत के मामले में विद्युत विभाग के अवर अभियंता की तहरीर पर पुलिस ने बंसल कन्सट्रक्शन कंपनी के एलएनटी चालक, सुपरवाईजर सहित कंपनी के अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जाँच पड़ताल शुरु कर दी है। तीन दिन पूर्व विद्युत संविदा कर्मी देवेंद्र यादव सिजहरी फीडर में विद्युत मरम्मत का काम कर रहा था। जो करंट की चपेट में आ गया था, उपचार के दौरान मौत हो गई।

**मजदूर संघ ने जताई नाराजगी:** मजदूर संघ के विस्तारक आशीष सिंह ने कहा कि कंपनी की लापरवाही से संविदा कर्मी की मौत हुई है। मृतक के परिजनों को एक करोड़ की आर्थिक सहायता की मांग उठाई है।

### परीक्षा देकर लौट रहे छात्रों की बाइक अनियंत्रित होकर खाई में गिरी, दो घायल


**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** मौदहा के मकरांव से परीक्षा देकर लौट रहे छात्रों की तेज रफ्तार बाइक हाईवे में चंद्रपुरवा गेट के समीप आनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी इस घटना में दो छात्र गंभीर रूप से घायल हुए हैं। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से दोनों छात्रों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर दोनों को हमीरपुर रेफर किया गया है।

कस्बा निवासी अभय सिंह एवं अर्पित बीए की परीक्षा देने मौदहा के मकरांव में सुंदरलाल डिग्री कॉलेज गए थे। दोपहर में दोनों बाइक से वापस कस्बे में आ रहे थे। तेज रफ्तार बाइक चंद्रपुरवा गेट के समीप अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। इस घटना में दोनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए।

## शिरडी साई बाबा स्कूल निस्वारा के संस्थापक, अध्यक्ष डॉ. मोतीलाल गुप्ता का जन्म दिन वार्षिकोत्सव के रूप में मनाया

**इक्यानवे वर्ष के हुए डॉ. मोतीलाल गुप्ता**

**पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



पनवाड़ी विकास खण्ड में स्थितिनिस्वारा के शिरडी साई बाबा स्कूल निस्वारा में स्कूल संस्थापक अध्यक्ष डॉ मोतीलाल गुप्ता का इक्यानवेवा जन्म दिन बड़ी धूम धाम से मनाया गया उल्लेखनीय हो कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव के रूप में मनाया गया सबसे पहले छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में विविध प्रकार के नृत्य एवम साई भजन कीर्तन कर उत्साह के साथ कार्यक्रम किये छोटे छोटे बच्चों ने राधा कृष्ण एवम सरस्वती माता के रूप में सुंदर झांकिया प्रस्तुत की एवम डॉ गुप्ता जी के जन्म दिन पर आधारित कला कौशल प्रस्तुत किये छात्र विशाल राजपूत कक्षा 11वीं ने उनके जीवन परप्रकाश डाला कहा कि डॉ गुप्ता ने शिक्षा के माध्यम से समाज को बदलने का कार्य किया खास तौर पर बुन्देलखण्ड में एक मात्र निजी संस्था ऐसी है जो निशुल्क शिक्षा व पूर्ण शिक्षा सामग्री उपलब्ध कराती है एवम अनुशाशन पर विशेष बल देती है तथा देशाटन के अंतर्गत टूर ट्रिप भी लंच के साथ निशुल्क कराया जाता है उक्त अवसर पर स्कूल इंचार्ज उपेन्द्र द्विवेदी ने जानकारी देते हुए कहा कि अब साई धाम के बेहतर अनुभव व परिणाम सामने आने लगे हैं विगत वर्ष ग्राम अलीपुरा की लड़की कंचन राजपूत में आई आई टी रुड़की में अपना एग्जाम क्लियर कर दाखिला पाया है यही से निकले छात्र अरुण पांचाल ने प्रयागराज विश्वविद्यालय में बी एस सी प्रथम वर्ष में टॉप किया था लोहागढ़ निवासी देवराज श्री वास अपनी यू पी एस सी की तैयारी जोरों से कर रहा है एवम लौलारा का छात्र धीरेंद्र अद्जरिया ने देवन्स मध्य प्रदेश में एक निजी कम्पनी में अच्छे पैकेज में कार्यरत हैं। उक्त अवसर पर सभी शिक्षक एवम छात्र छात्राये मौजूद रहे अंत मे साई मंदिर में केक काटकर सभी ने उनके दीर्ध स्वास्थ की कामना की एवम दूध की खीर से सभी छात्र छात्राओं का मुंह मीठा करा कर कार्यक्रम समाप्त किया कार्यक्रम का कुशल संचालन शिक्षक प्रदीप कुमार ने किया नितिन विश्व कर्मा, राम सिंह राम प्रकाश खेमचंद्र रैकवार सहित सभी लोगो ने सहयोग प्रदान किया।

### नोटिस निस्वत दिखाने वजह के अदालत जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय, हरदोई

मुकदमा नंबर 108125 सन 20 ई0 तारीख पेशी 10/12/2025 07/01/2026

श्रीमती रानी आदि

बनाम

उत्तर प्रदेश सरकार

हरगाह मुशन्रो

'न्यायालय श्रीमान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय हरदोई' मैं दरख्वाश्त इस अदालत से गुजराई है कि श्रीमती रानी (उम्र43 वर्ष) पत्नी रामवेटा नि.मो. नई बस्ती मकान संख्या 43 कस्बा व परगना/तहसील शाहाबाद, जिला हरदोई लेगकुश (उम्र 14 वर्ष) लव कुश (उम्र 13 पुत्र) पुत्रगण राम वेटा नाबालिक जरिए संरक्षिका माता श्रीमती रानी स्वयं पता उपरोक्त वाचीगण उत्तर प्रदेश सरकार विपक्षी मु.क. 108/25 धारा 7/8 व 23 गार्जियंस एवं वार्डन लिहाजा आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अदालत या मार्फत किसी वकील के जो हालात मुकदमा में बखूबी वाकिफ हो बावक्त बजे बतारीख पेशी 10/12/2025 ई इस अदालत में हाजिर होकर दरख्वास्त के खिलाफ वजह दिखलाइए। अगर आप ऐसा न कर सके तो दरख्वास्त आपके गैर हाजिर में समाप्त हो जाएगी। आज बतारीख माह सन 2025 ई को मेरे दस्तखत और मोहर अदालत में जारी किया गया। यह डिक्री बहक वादिनी विरक प्रतिवादी इस आशय की पारित की जावे कि वादिनी के वाद पत्र में वर्णित अभिकथनों के आधार पर वादिनी को अल्पवयस्क पुत्रों वादी संख्या 2 व 3 का माता की हैसियत से विधिक संरक्षक नियुक्त किया जावे तथा अपने पुत्रों से परवरिश, पढ़ाई लिखाई खर्च खानगी, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य हेतु पुत्रों के नाम दर्ज जमीन वाद पत्र में वर्णित धारा 1 में संपत्ति जहां-जहां है, इस संपत्ति में आंशिक भाग की बिक्री की अनुमति दिया जावे तथा जिस जगह पर मकान व दुकान है, उसकी बिक्री की भी अनुमति दी जावे।

**आज्ञा से सदर मंसारिम न्यायालय जनपद न्यायाधीश, हरदोई।**

# अवधी महोत्सव 2025 में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के साहित्यकारों का संगम

## अवधी आराधक राम बहादुर मिश्र के अवदानों का शोध ग्रंथ अवध-अवधी विविध सन्दर्भ का हुआ लोकार्पण

**लखनऊ/बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

> अवध और अवधी की पावन माटी में पैदा हुए भगवान राम व बुद्ध, अवधी भाषा है गरिमामयी : पवन सिंह चौहान




अवधी भाषा साहित्य और संस्कृति की परंपरा अत्यंत प्राचीन और समृद्ध है, यह मात्र बोली नहीं अपितु इसे भाषा का गरिमामयी प्राप्त है। विशेष तथ्य है कि भगवान राम और भगवान बुद्ध अवध और अवधी की पावन माटी में पैदा हुए हैं। उक्त विचार विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान ने व्यक्त किया। श्री चौहान उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के अवधी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित अवधी समारोह 2025 में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त कर रहे थे। समारोह की अध्यक्षता कर रही पदमश्री डॉ विद्याबिंदु सिंह ने इस अवसर पर विमोचित अवधी शोध ग्रंथ ÷अवध-अवधी विविध संदर्भ÷ के संदर्भ में बोलते हुए कहा कि डॉक्टर राम बहादुर मिश्रा नैसर्गिक प्रतिभा संपन्न ऐसे अवधी साहित्यिक साधक हैं जिनकी समूची कर्मण्य तल्लीनता सिर्फ और सिर्फ अवधी को समर्पित है। वस्तुत डॉक्टर मिश्रा अवधी के आंदोलन और अवधी के ध्वजवाहक हैं।

ग्रंथ के प्रबंध संपादक इंजीनियर रमाकांत ÷रामिल÷ ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ राम बहादुर मिश्रा की अवधी साधना को समर्पित यह सारस्वत सृजन प्रकारांतर से अवधी का एनसाइक्लोपीडिया है, जिसमें अवधी भाषा साहित्य के विविध संदर्भ लिपिबद्ध हैं।

शोध ग्रंथ के संपादक डॉक्टर शिव प्रकाश अग्निहोत्री ने कहा कि अवधी पर केंद्रित यह सारस्वत अनुष्ठान अवधी भाषा साहित्य और संस्कृति की समृद्ध परंपरा का आख्यान है, जिसमें अवधी के वैश्विक परिदृश्य और उसका बौद्धिक विरासत का महत्वपूर्ण दस्तावेज है।

डॉक्टर राम बहादुर मिश्र ने अवधी भाषा के समकालीन परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अवधी साहित्य सर्जन हिंदी के समानांतर अबाध गति से विस्तार पा रही है, परिणाम स्वरूप अवधी में कहानी, उपन्यास, लघु कथा, यात्रा वृतांत, निबंध, एकांकी नाटक रेडियो, वार्ता, रेडियो रूपक पत्र साहित्य, गीत नवगीत, मुक्तक, गजल सहित पारंपरिक काव्य विधाओं से समृद्ध है। केएमसी भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के भाषा समन्वयक और अवधी शोधपीठ के नियंता डॉक्टर नीरज शुक्ला ने अपनी अवधी शोध पीठ की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विश्वविद्यालय से निकट भविष्य में अवधी डिप्लोमा की चर्चा भी किया। नेपाल से आए अवधी विद्वानों ने नेपाल में अवधी की दशा और दिशा के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। ग्रंथ के समन्वयक डॉक्टर संतलाल ने ग्रंथ की उपादेयता के परिप्रेक्ष्य में बताया कि यह शोध ग्रंथ सर्वाधिक रूप से शोधार्थियों के लिए महत्वपूर्ण है। अवधी समारोह में समागत साहित्यकारों का स्वागत करते हुए साहित्य सभा के संस्थापक सर्वेश अस्थाना ने कहा कि यह आयोजन सभा के अवधी प्रकोष्ठ द्वारा किया जा रहा है। आयोजन चार सत्रों में संपन्न हुआ। अवध भारती संस्थान, अवधी विकास संस्थान लखनऊ, अवधी साहित्य संस्थान अमेठी,बिरजू संस्थान बाराबंकी सहित आठ संस्थाओं ने इसमें सहभागिता की। उद्घाटन सत्र का संचालन वरिष्ठ अवधी साहित्यकार प्रदीप सारंग और आभार प्रदर्शन अवधी साहित्य संस्थान अमेठी के अध्यक्ष प्रोफेसर अर्जुन पांडे ने किया। दूसरे सत्र विचार सभा का विषय प्रवर्तन व संचालन नागेंद्र बहादुर सिंह चौहान ने किया तथा आभार प्रदर्शन बिरजू संस्थान के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने किया। तीसरे सत्र सांस्कृतिक संध्या का संयोजन संचालन और प्रसिद्ध लोक गायिका कुसुम वर्मा ने किया। चौथा और अंतिम सत्र अवधी कवि सम्मेलन का संचालन हास्य व्यंग्य के कवि अजय प्रधान ने किया।

## ग्राम प्रधान ने लगवाया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर




**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

ग्राम प्रधान सचिन सिंह के सौजन्य से ग्राम पंचायत ककरी में ए बी एस हेल्थ केयर सेंटर व अलंतरा मेडिसिटी लखनऊ द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसमें सैकड़ों मरीजों का निशुल्क चेकअप और दवा वितरित की गई साथ ही साथ पात्र लोगों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया।

इस अवसर पर प्रधान सचिन सिंह ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य गांव के गरीब लोगों और महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है, जो आर्थिक कारणों से अपना इलाज नहीं करा पाते हैं। शिविर में उपस्थित डॉ एस एस सिंह द्वारा आए हुए मरीजों को सर्दी से बचने के विभिन्न उपाय भी बताए गए। चिकित्सा शिविर में प्रमुख रूप से डॉ संजय पांडे डॉ अजय सिंह डॉ अमिता पांडे फिजा गोविंद सत्येंद्र एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## खबरें एक नजर में

### धूमधाम के साथ मनाया गया 77वां पीआरडी स्थापना दिवस



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा 77वां पीआरडी स्थापना दिवस ग्रामीण मिनी स्टेडियम बछरावां में उत्साहपूर्वक मनाया गया। जनपद के पीआरडी स्वयंसेवकों ने आकर्षक परेड में प्रतिभाग किया। परेड में पुरुष टोलियों व एक महिला टोली ने हिस्सा लिया। आयोजित परेड का नेतृत्व क्रमश टोली नंबर 1 प्रिंशु विकास खंड सताव , टोली नंबर 2 रोशन विकास खंड सलवन, टोली नंबर 3 विनोद विकास खंड हरचंदपुर, व महिला टोली का नेतृत्व अनीता विकास खंड जगतपुर ने किया है। परेड ने मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामलाल अकेला तथा जिला युवा कल्याण अधिकारी अमिताभ कुमार को सलामी दी है। मुख्य अतिथि ने विजेता टोलियों को मेडल, प्रमाणपत्र और शील्ड प्रदान कर सम्मानित भी किया है । परेड के उपरांत आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। पुरुष रस्साकसी प्रतियोगिता में टोली नंबर 1 विजेता बनी तो टोली नंबर 3 उपविजेता रही है । महिला 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रियंका ने प्रथम , निशा द्वितीय व रेहाना में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम प्रभारी एवं व्यायाम प्रशिक्षक राम किशोर ने कहा कि वर्दी अनुशासन सिखाती है। और परेड शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी स्वाति सिंह, रुचि शुक्ला, कंचन सिंह, अंजू यादव, असगर अली, कुलदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

### धान के भरे गोदाम केंद्र पर खरीददारी करने में आ रही मुश्किलें



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** धान के गोदाम भरें जगह की आ रही है कमी जिससे धान खरीदने में बढ़ रही है मुश्किलें नहीं उठाया जा रहा है धान। तहसील क्षेत्र के महराजगंज बछरावां मार्ग पर बनी बावन बुजुर्ग बल्ला साधन सहकारी समिति पर पीसीएफ द्वारा धान क्रय केंद्र बनाया गया है जहां क्षेत्र के किसान अपना धान विक्रय कर रहे हैं। केंद्र प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि हमारे यहां सात नवंबर से धान की खरीद शुरू की गई है 15000 कुंतल का लक्ष्य दिया गया है जिसके सापेक्ष में ढाई हजार कुंतल धान की खरीद की जा चुकी है एक कांटा लगाया गया है। गोदाम भर गए हैं और जगह की कमी की वजह से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटकी युवती



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत चक दोहरी गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। युवती गुलशन उम्र 24 वर्ष पत्नी मोहम्मद रियाज ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी है। घटना की जानकारी मिलते ही अफरा-तफरी मच गई। मिली जानकारी के अनुसार, गुलशन ने अपने घर के एक कमरे में अंदर से कुंडी लगाकर पंखे के सहारे फांसी लगा ली। काफी देर तक वह कमरे से बाहर न निकलने पर परिजनों ने दरवाजा तोड़कर अंदर झांका तो उनके होश उड़ गए। हादसे की सूचना तत्काल पुलिस और मायके पक्ष को दी गई। बताया जाता है कि गुलशन की शादी करीब चार वर्ष पूर्व हुई थी। उसका मायका फतवा रसूलपुर, ज्ञानगंज प्रयागराज में है। घटना की सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंचने लगे। वहीं, मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी मुसाफ़िर खाना ने मामले की बारीकी से जांच की। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, किन्तु मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट किया जा सकेगा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। घटना के हर पहलू की गहनता से जांच की जा रही है।

### चोरी व मादक पदार्थों के बिक्री से अर्जित वाहन जब्त



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में गैंगस्टर एक्ट थाना इन्हौना के अभियुक्त मो. वकील पुत्र स्व. शरीफ निवासी वार्ड कुरैशी म.नं. 123 थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी द्वारा चोरी एवं एनडीपीएस एक्ट से अर्जित की गई 7.5 लाख रुपये की सम्पत्ति कार महिन्द्रा एक्सयूवी 300 को थाना इन्हौना पुलिस द्वारा जब्त किया गया है। यह गाड़ी चोरी एवं एनडीपीएस एक्ट मादक पदार्थों के अवैध संव्यवहार से अर्जित की गई थी एवं अपने परिजनों के नाम से बनाई गई थी। पुलिस के मुताबिक मो वकील एक शातिर अपराधी है जो गैंग लीडर के रूप में अपने साथियों के साथ मिलकर आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिये चोरी, मादक पदार्थों के अवैध संव्यवहार एवं समाज विरोधी क्रिया कलापों में संलिप्त है जिसके विरुद्ध जनपद के विभिन्न थानों पर चोरी, एनडीपीएस एक्ट व गैंगस्टर एक्ट में अभियोग पंजीकृत हैं।

## बालिका शिक्षा मीना मंच का दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



ब्लॉक संसाधन केंद्र कोटवा सड़क में बालिका शिक्षा मीना मंच से संबंधित दो दिवसीय पावर एंजेल के सशक्तिकरण हेतु संदर्भ दाताओं का प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण में प्रगति के पंख, अरमान माड्यूल, शिक्षक संदर्शिका का एवं टूल 10 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।प्रशिक्षण के समापन अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी बनीकॉडर संजय कुमार राय ने बालिका शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया तथा सभी प्रतिभागियों से प्रत्येक सप्ताह मीना मंच की गतिविधियों को प्रभावी रूप से आयोजित करने को कहा। यूनिसेफ से आये पीटर ने कार्यक्रम के महत्व को विस्तार पूर्वक बताया गया, इस अवसर पर विकासखंड के सभी उच्च प्राथमिक विद्यालय के संदर्भ दाता मौजूद रहे।प्रशिक्षण राघवेंद्र प्रताप सिंह एवं श्रीमती वैशाली गुलसिया के द्वारा प्रदान किया गया।

## पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हुई सड़क दुर्घटना में लापरवाह ब्रेजा कार के सवार चार लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर बुधवार की दोपहर हुए भयंकर सड़क हादसे में अपना पूरा परिवार खोने वाले जावेद अशरफ सिद्दीकी ने ब्रेजा कार में सवार चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

ज्ञातव्य हो कि रहीमपुर थाना लोहता जनपद वाराणसी निवासी जावेद अशरफ सिद्दीकी की पत्नी गुलेअफ्सा परवीन उर्फ चाँदनी,पुत्री समरीन, पुत्र मो0 जयान,पुत्री इल्मा व इस्मा उनके साले जीशान पुत्र अब्दुल गफ्फार निवासी ग्राम खानपुर खुर्द घोसी जिला मऊ के साथ वैगन आर कार से फूलपुर आजमगढ़ से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के रास्ते लखनऊ जा रहे थे ।उक्त लोग पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के कि0मी0 सं0 51.7 पर सुबेहा थाना क्षेत्र के डीहा मजरे कुड़वा गांव के निकट गाडी हाईवे के किनारे खड़ी कर अन्दर बैठ कर पानी पी रहे थे कि तभी पीछे से तेज रफ्तार से आ रही ब्रेजा कार संख्या डीएल 3 सीसीजेड 5826 में सवार दीपाशु मिश्रा पुत्र दीनदयाल मिश्रा व दीप्ती मिश्रा पुत्री दीनदयाल मिश्रा व तृप्ती मिश्रा पुत्री अरविन्द मिश्रा निवासीगण मकान नं0 16 दक्षिणी पुरी साउथ दिल्ली तथा चन्दन तिवारी पुत्र गौरीशंकर तिवारी निवासी पिपरा हेमन्त थाना हरपुर मुडहल जनपद गोरखपुर ने तेज रफ्तार में लापारवाही पूर्वक गाडी चलाते हुए हाईवे के किनारे खड़ी उनकी गाड़ी वाहन में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी थीं जिससे गाड़ी में सवार सभी लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये थे। जिन्हे हैदरगढ़ सीएचसी लाया गया था।

जहां डाक्टरो ने उनकी पत्नी तथा बच्चो को मृत घोषित कर दिया था तथा गम्भीर रुप से घायल साले को ट्रामा सेन्टर लखनऊ रिफर कर दिया गया था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस द्वारा पंचायतनामा भर कर पोस्टमार्टम कराने के बाद शवो को परिजनों को सौंप दिया गया।

## प्रेस क्लब बछरावां की नव नियुक्त कार्यकारिणी का हुआ गठन

### त्रिभुवन नाथ मिश्रा संरक्षक तो कंचन द्विवेदी को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** बृहस्पतिवार को कस्बे में महाराजगंज रोड पर स्थित प्रेस क्लब कार्यालय में प्रेस क्लब बछरावा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर संरक्षक त्रिभुवन नाथ मिश्रा की अगुवाई में प्रेस क्लब बछरावां के सभी पत्रकार बंधुओ की सर्वसम्मति से वरिष्ठ पत्रकार कंचन द्विवेदी को अध्यक्ष पद पर सुशोभित किया गया। साथ ही साथ बबलू त्रिवेदी एवं रमेश कुमार बाजपेई को उपाध्यक्ष, ललित चौधरी को महामंत्री, आशीष मिश्रा को मंत्री, अमित अवस्थी को कोषाध्यक्ष, आशीष मिश्रा को संगठन मंत्री एवं सर्वेश मिश्रा, शैलेंद्र यादव, राहुल मिश्रा व अमित मिश्रा को सदस्य कार्यकारिणी के साथ ऋषि मिश्रा को आय व्यय निरीक्षक एवं मनोज मिश्रा को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मौके पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संरक्षक एवं नवनियुक्त अध्यक्ष का माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया, तदोपरांत अध्यक्ष एवं संरक्षक के द्वारा सभी पदाधिकारियों एवं सदस्य कार्यकारिणी के सदस्यों का सम्मान किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष कंचन द्विवेदी ने बताया कि हमारे प्रेस क्लब का उद्देश्य सामाजिक समस्याओं को सर्वोपरि रखते हुए जनता की बात को अपनी कलम के माध्यम से जिम्मेदारों तक पहुंचाना है, ताकि क्षेत्र के जन-जन को न्याय एवं अपनी समस्याओं के समाधान के लिए दर-दर की ठोकरे न खानी पड़े।

# महज कुछ घंटे में हुआ अपहरण का खुलासा

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

> बेहतर पुलिसिंग की सोशल मीडिया से लेकर आम इंसान कर रहा तारीफ
>
> ईमानदार और कर्तव्यनिष्ट आईपीएस अधिकारी हैं डॉ. यशवीर सिंह... लोगों में चर्चा



पुलिस ने 16 वर्षीय किशोरी के अपहरण का मामला आठ घंटे के भीतर सुलझा लिया है। पुलिस ने किशोरी को सकुशल बरामद करते हुए दो अपहरणकर्ताओं को भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपहरणकर्ताओं में से एक साहिल मौर्या और किशोरी एक दूसरे को पिछले डेढ़ साल से जानते हैं। मामला भदोखर थाना इलाके के बेला गुसीसी का है। यहाँ के रहने वाले अधिवक्ता निरंजन कुमार पाल ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया था कि उनकी पुत्री का अपहरण हो गया है। पुलिस ने किशोरी की कुर्सी पर बेहोशी की हालत में बैठी फोटो भी इंस्टाग्राम पर भेजते हुए धमकी दिया था कि उसका शव कल सई नदी में मिलेगा। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आठ घंटे के भीतर किशोरी को ऊँचाहर थाना इलाके में एक होटल से बरामद कर लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी साहिल और किशोरी की पूर्व से जन पहचान है। पुलिस यह भी जानने की कोशिश कर रही है कि अपहरणकर्ता और किशोरी के पूर्व परिचित ने इंस्टाग्राम पर फोटो क्यों भेजी थी। इधर परिजनों ने त्वरित कार्रवाई के बाद किशोरी की सकुशल बरामदगी पर पुलिस को धन्यवाद कहा है और सीएम योगी के उस वक्तव्य को भी सत्य बताया जिसमें उन्होंने कहा है कि बदमाश अगले चौराहे पर पकड़ा जायेगा।

### अधिवक्ता पहुंचे कप्तान की चौखट जताया आभार, किया सम्मानित



रायबरेली सेंट्रल बार के अध्यक्ष राकेश तिवारी व महामंत्री योगेंद्र दीक्षित की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने पुलिस अधीक्षक को अंगवस्त्र व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने पुलिस अधीक्षक को धन्यवाद कहा जिनके मार्गदर्शन में कुछ ही घंटों के अंदर अपराधी पुलिस की गिरफ्त में आ गए। सिविल कोर्ट के अधिवक्ता निरंजन पाल की नाबालिग बेटी घर से अगवा हो गई थी। पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम ने महज 8 घंटे के अंदर अगवा किशोरी को सकुशल बरामद करने के साथ ही दो अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

### 450 दिन के कार्यकाल में बदली जिले की कानून व्यवस्था

12 सितंबर 2024 को रायबरेली की कमान पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह ने संभाली थी उस समय जिले में कानून व्यवस्था बेपटरी हो गई थी चोरी छिनौति हत्या जैसे मामलों की जिले में बाढ़ आ गई थी यही नहीं उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती थी उस समय समाज के कई वर्ग आपस में टकरा रहे थे जिसकी वजह से जातीय हिंसा बढ़ गई थी सोशल मीडिया पर एक दूसरे को लेकर छींटाकशी का दौड़ चल रहा था मगर डॉक्टर यशवीर सिंह ने उन हालातो को बदलकर जिले में अमन चैन का माहौल कायम कर दिया घटनाएं होती है मगर उनका त्वरित खुलासा भी उनके कार्यकाल में देखने को मिल रहा है

## नीति आयोग निदेशक ने की विकास कार्यों की समीक्षा, दिये निर्देश

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



नीति आयोग के निदेशक आईएएस मोहम्मद ज़ुबैर अली हाशिम ने आकांक्षात्मक विकासखंड जगदीशपुर और शुकुल बाज़ार का व्यापक निरीक्षण करते हुए विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। शुकुल बाज़ार ब्लॉक सभागार में आयोजित बैठक में विकास, स्वास्थ्य, कृषि, पोषण, जल निगम, आईटी, बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। निदेशक ने धीमी प्रगति वाले बिंदुओं पर विशेष ध्यान देते हुए अधिकारियों को तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने शुकुल बाज़ार में बाल विकास, पोषण और स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं की समीक्षा की और कहा कि आकांक्षात्मक विकासखंडों में तेज एवं सतत सुधार सरकार की प्राथमिकता है। निरीक्षण के क्रम में वे कठौरा आंगनबाड़ी केंद्र पहुँचे, जहाँ पोषण सामग्री, वजन-नाप रजिस्टर, बच्चों की उपस्थिति और दैनिक गतिविधियों की स्थिति का जायज़ा लिया। अंत में निदेशक कंपोजिट विद्यालय कठौरा पहुँचे। यहां उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए शिक्षा, उपस्थिति, लैब, पुस्तकालय और कक्षाओं की व्यवस्था का निरीक्षण किया। विद्यालय परिसर की स्वच्छता, पौधारोपण और शैक्षिक वातावरण की उन्होंने सराहना की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को पारदर्शिता व गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए।



### स्थापना दिवस पर सम्मानित हुए उत्कृष्ट पीआरडी जवान

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वावधान में बृहस्पतिवार 77वां प्रांतीय रक्षक दल स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से ग्रामीण मिनी स्टेडियम, घोरहा विकास खण्ड भादर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने समारोह के दौरान पीआरडी जवानों की सलामी ली एवं उनके अनुशासन तथा सेवाभाव की सराहना की। इसके उपरांत क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी निधि श्रीवास्तव, रीना वर्मा और रागिनी द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष का बुके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पीआरडी जवानों को मुख्य अतिथि राजेश अग्रहरी एवं जिला युवा कल्याण अधिकारी मयंक पटेल द्वारा पुरस्कार, प्रमाण पत्र तथा मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुल्तानपुर के सेवानिवृत्त जिला युवा कल्याण अधिकारी आर.बी. पांडेय, ग्राम प्रधान एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख इंद्र बहादुर सिंह, चंद्रपाल यादव, महेंद्र प्रताप सिंह, सूर्य प्रकाश पांडे, शिव प्रताप पांडे, हरिराम यादव, नारायण दास जायसवाल, नंद किशोर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बिना नोटिस हटाए गए सुरक्षा कर्मियों की आवाज बने विकास हिन्दू

> सीतापुर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से सभी की नौकरी की बहाल



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

स्वास्थ्य विभाग में आउटसोर्सिंग के तहत तैनात सुरक्षा कर्मियों को बिना किसी पूर्व नोटिस के अचानक नौकरी से हटा दिए जाने के बाद सुरक्षा कर्मियों में भारी आक्रोश फैल गया। मनमानी तरीके से की गई इस कार्रवाई के विरोध में मंगलवार को सभी प्रभावित सुरक्षा कर्मी राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिन्दू के सिविल लाइन कार्यालय पर एकत्रित हुए, और वही से लेकर खैराबाद स्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय तक विकास हिन्दू के नेतृत्व में पैदल मार्च निकाला।

मार्च के दौरान सुरक्षा कर्मियों ने विभागीय मनमानी और अचानक की गई बर्खास्तगी के विरोध में आवाज बुलंद की। सभी कर्मियों ने मांग की कि उन्हें पुनः कार्य पर रखा जाए और उनके बकाया मानदेय का भुगतान तत्काल किया जाए।

सीएमओ कार्यालय पहुंचने के बाद विकास हिंदू ने सुरक्षा कर्मियों की तरफ से मुख्य चिकित्सा अधिकारी को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा, जिसमें बिना नोटिस हटाए जाने की पूरी घटना, आर्थिक संकट और परिवार पर पड़ने वाले प्रभाव का उल्लेख किया गया। ज्ञापन देने के बाद सुरक्षा कर्मियों के लिए विकास हिन्दू ने सीएमओ से आमने-सामने वार्ता की, जिसमें उन्होंने सुरक्षा कर्मियों की समस्याओं और पीड़ा से अवगत कराया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने पूरी गंभीरता से सभी सुरक्षा कर्मियों की समस्याओं को सुना तथा विभागीय स्तर पर तत्काल कार्रवाई करते हुए अग्रिम आदेशों तक सभी सुरक्षा कर्मियों की नौकरी बहाल करने का आदेश जारी कर दिया। इतना ही नहीं, सीएमओ ने यह भी निर्देशित किया कि जिन सुरक्षा कर्मियों का मानदेय रोक दिया गया था, उसका पूर्ण भुगतान तत्काल किया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक संकट का सामना न करना पड़े। सीएमओ ने आश्वस्त किया कि जब तक विभाग की ओर से कोई नया निर्देश जारी नहीं हो जाता, तब तक सभी सुरक्षा कर्मी अपने पदों पर पूर्व की तरह कार्यरत रहेंगे। इस निर्णय से सुरक्षा कर्मियों में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने न्यायपूर्ण व मानवीय निर्णय के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया। सुरक्षा कर्मियों ने विकास हिन्दू और संगठन के राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप हिंदू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विभागीय मनमानी के खिलाफ उनकी लड़ाई जारी रहेगी और वे भविष्य में भी अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर खड़े रहेंगे।

## डीएम ने विकास खण्ड परसेण्डी के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेदौरा का किया औचक निरीक्षण

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने विकास खण्ड परसेण्डी के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेदौरा का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रसोई घर में बनने वाले मिड-डे-मिल में दिये जाने वाले मैन्यू की जानकारी लेते हुये खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि रसोई घर में कार्य करने वाले रसोइयों निर्धारित यूनीफार्म में ही कार्य करें। मिड-डे-मिल में बनाये जाने वाले भोजन की सामग्री का स्टॉक पूरे महीने भर का रखा जाये। जिलाधिकारी ने चावल, दाल की गुणवत्ता की जांच करते हुये प्रधान को निर्देशित किया कि चावल की गुणवत्ता ठीक की जाये तथा रसोई घर में बेहतर साफ-सफाई के साथ ही भोजन बनाया जाये।

जिलाधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय में संचालित कक्षा-2, 5 व 6 में पहुंचकर बच्चों से वार्ता करते हुये बच्चों से कहा कि वह अपनी दैनिक दिनचर्या में साफ-सफाई पर विशेष ध्याय दें और मन लगाकर पूरी लगन के साथ पढ़ाई करें। साथ ही जिलाधिकारी ने कक्षाओं के रजिस्टरों का अवलोकन भी किया। उन्होंने खण्ड शिक्षा अधिकारी ऋषिकेश सिंह को शिक्षण कार्यों में लापरवाही एवं रजिस्टर अद्यतन न होने पर स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश संबंधित को दिये। प्रधानाध्यापक पुष्पा रानी, शिक्षक दीप प्रकाश अग्रवाल, शिक्षिका अर्पणा को शिक्षण कार्यों में लापरवाही एवं रजिस्टर अद्यतन न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को कड़े निर्देश दिये कि विद्यालय परिसर में बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित करने के साथ ही सभी शिक्षक फार्मल ड्रेस में ही शिक्षण कार्य करें तथा कक्षा कक्ष में बच्चों के पढ़ने वाले बैनर लगवाये जायें।

जिलाधिकारी ने स्कूल परिसर में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्र को भी देखा एवं प्रधान को निर्देश दिये कि उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री प्रयोग करें एवं मानक के अनुसार ही कार्य कराया जाये। निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई



**समृद्धि न्यूज़, अमेठी।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय गौरीगंज में बृहस्पतिवार को जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई के दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को पुलिस अधीक्षक द्वारा सुना गया तथा उनकी शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित अधिकारियों को आवश्यक आदेश दिये गए।

# नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 13 दिसम्बर को, मजिस्ट्रेटों की तैनाती



नवोदय विद्यालय अनौगी में बैठक कर निर्देश देते डीआईओएस पप्पू सरोज

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

- अपर जिलाधिकारी ने जोनल व स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त कर नकल-विहीन परीक्षा कराने के दिए निर्देश

जिले के 11 केन्द्रों पर जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा-2026 का आयोजन 13 दिसम्बर 2025 को प्रातः 11:30 बजे से 01:30 बजे तक होगा। परीक्षा को शांतिपूर्ण व नकल- विहीन कराने के लिए अपर जिलाधिकारी ने जोनल और स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए। सदर क्षेत्र जोनल मजिस्ट्रेट वैशाली, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर में सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल आशीष गुप्ता, अवर अभियंता जल निगम, कन्नौज पब्लिक स्कूल गिरजाशंकर मौर्य, अवर अभियंता लो.नि.वि, जागरण पब्लिक स्कूल सियाराम कुरील, पूर्ति निरीक्षक, कन्हैया लाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज राजाराम, अवर अभियंता सिंचाई खण्ड, तिर्वा क्षेत्र जोनल मजिस्ट्रेट राजेश कुमार, एसडीएम तिर्वा, महेन्द्र नीलम जनता इंटर कॉलेज पंकज कुमार, अवर अभियंता जिला पंचायत, ए.के. रहमानिया इंटर कॉलेज ज्ञानदेव वाजपेई, वेटनरी फार्मासिस्ट, सरदार पटेल इंटर कॉलेज कचाटीपुर सुशांत वर्मा, अवर अभियंता जल निगम, छिबरामऊ क्षेत्र जोनल मजिस्ट्रेट ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी, एसडीएम छिबरामऊ), सिटी चिल्ड्रेन एकेडमी बी. अनीस सिद्दीकी, चकबन्दी अधिकारी, सेंट पॉल स्कूल अश्वनी श्रीवास्तव, अवर अभियंता सिंचाई, जेपी अकादमी गुरसहायगंज सौरभ गुप्ता, पूर्ति निरीक्षक, आशा देवी इंटर कॉलेज सौरिख अक्षय सिंह, अवर अभियंता सिंचाई को नियुक्त किया। अपर जिलाधिकारी ने सभी मजिस्ट्रेटों को परीक्षा शुरू होने से पूर्व केन्द्रों का गहन निरीक्षण कर पूर्ण शुचिता, पारदर्शिता और शांतिपूर्ण माहौल में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### डीआईओएस की अध्यक्षता में हुई बैठक

जलालाबाद। 13 दिसंबर 2025 को जिले के 11 केंद्रों पर जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा 6 प्रवेश परीक्षा 2026 को सफल संपन्न कर जाने के उद्देश्य जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जवाहर नवोदय विद्यालय अनौगी में जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज की अध्यक्षता में समस्त परीक्षा केन्द्राध्यक्षों और प्राचार्य के साथ बैठक की। बैठक में परीक्षा नकलविहीन संपन्न कराए जाने की चर्चा कर दिशा निर्देश दिए गए। विद्यालय के प्राचार्य संदेश कुमार पांडे ने बताया कि कक्षा- 6 में प्रवेश परीक्षा- 2026 हेतु तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। प्रवेश परीक्षा जनपद के 11 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। जिसमें कुल 4513 परीक्षार्थी पंजीकृत है।

# दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना देने शिक्षक हुए रवाना



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

- टीईटी अनिवार्यता खत्म करने की मांग तेज
- ब्लॉक मंत्री ने बताया पिछले तीन महीनों से शिक्षक लगातार दे रहे हैं ज्ञापन

सुप्रीम कोर्ट के टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) अनिवार्यता वाले फैसले के खिलाफ शिक्षकों का आंदोलन अब उफान पर है। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ 11 दिसंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर विशाल धरना आयोजित कर रहा है। इसी कड़ी में कन्नौज जिले के प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री सतेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में कई शिक्षक गुरुवार सुबह दिल्ली के लिए रवाना हो गए। ब्लॉक मंत्री ने बताया कि पिछले तीन महीनों से शिक्षक लगातार ज्ञापन दे रहे हैं, हस्ताक्षर अभियान चला रहे हैं और कई सांसदों ने संसद में भी टीईटी अनिवार्यता हटाने की मांग उठाई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे के अनुसार यह धरना ऐतिहासिक होगा। टीईटी की शर्त हटने से उत्तर प्रदेश के लगभग 2 लाख और देशभर के करीब 20 लाख शिक्षकों की नौकरी सुरक्षित हो जाएगी। शिक्षकों में इस आंदोलन को लेकर जबरदस्त उत्साह है। धरने में प्रतिभाग करने के लिए मुकेश कुमार, उदयवीर सिंह ,गौरव यादव संदीप त्रिपाठी, अवनीत राजपूत, बृजेश कुमार ,इंद्रेश कुमार ,राघवेंद्र सिंह व शेखर यादव सहित कई शिक्षक रवाना हो गए।

# व्यापारी हितों की रक्षा हमारा प्रमुख कर्तव्य : आनंद गुप्ता



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

- उप्र उद्योग व्यापार संगठन की बैठक

तहसील रोड स्थित जिला कार्यालय पर आयोजित उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की बैठक में जिलाध्यक्ष आनंद गुप्ता ने कहा कि व्यापारी हितों की रक्षा करना हमारा प्रमुख कर्तव्य एवं धर्म है। जिलाध्यक्ष ने कहा व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में इनकी भूमिका अहम है। संगठन हर परिस्थिति में व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहेगा। कार्यक्रम के संयोजक जिला महामंत्री आशीष वर्मा ने कहा कि आज का दौर चुनौतियों भरा है, लेकिन एकजुट होकर हम जीएसटी, लाइसेंस, पुलिस उत्पीड़न जैसी हर समस्या का सामूहिक समाधान निकालेंगे। संगठन व्यापारियों की आवाज को सरकार तक पहुंचाने का मजबूत माध्यम बनेगा। बैठक में संगठन का विस्तार भी किया गया। प्रवीण गुप्ता एडवोकेट को जीएसटी सलाहकार, पवन चौहान को नगर उपाध्यक्ष युवा, पंकज तोमर को विधि सलाहकार, सुमित को नगर मंत्री, शिवम गुप्ता एवं गौरव गुप्ता को नगर उपाध्यक्ष तथा स्वतंत्र कुमार को नगर मंत्री नियुक्त किया गया। जिला उपाध्यक्ष अतुल वर्मा के संचालन में हुए कार्यक्रम में गौरव गोयल, डॉ. आदित्य श्रीवास्तव, उमेश मिश्रा, मनोज दीक्षित, अंकित तिवारी सहित दर्जनों पदाधिकारी एवं व्यापारी उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची में कोई पात्र नाम न छूटे : बीडीओ



**छिबरामऊ, कन्नौज।** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) कार्यक्रम के तहत जगदीश्वर दयाल इंटर कॉलेज में बीएलओ एवं राजनीतिक दलों के बीएलए के साथ आयोजित बैठक में खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) दीपांकर आर्य ने कड़ा निर्देश दिया कि मतदाता सूची में किसी भी पात्र मतदाता का नाम किसी भी हालत में छूटना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा मतदाता सूचियों को अच्छी तरह पढ़कर समझ लें और केवल वही नाम काटें जो वास्तव में अवैध या दोहरे हों। बिना वजह किसी का नाम न हटाया जाए, ताकि कोई भी मतदाता अपने अधिकार से वंचित न रहे। खंड शिक्षा अधिकारी आनंद दुबे ने कहा कि सभी बीएलओ अपने-अपने बूथों पर घर-घर जाकर सत्यापन करें। मृतक, स्थानांतरित एवं 18 वर्ष पूरे कर चुके नए मतदाताओं की सूची तुरंत अपडेट की जाए। फॉर्म 6, 7, 8 की जांच सावधानी से हो। बैठक में सभासद नरेंद्र शर्मा, भीम आर्मी से विजय कुमार गिहार, कुलदीप यादव, समाजवादी पार्टी से गोविंद यादव, अजहर खान, रेवती रमन शुक्ला, कमल यादव, कृष्ण प्रताप सिंह, ऊमर, बब्लू शर्मा सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं बीएलओ मौजूद रहे।

# विष्णुप्रिया का एमडी में चयन, बढ़ाया शहर का मान

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



आवास विकास कॉलोनी निवासी शिक्षक दंपति अरुणेश चतुर्वेदी एवं अर्चना चतुर्वेदी की सुपुत्री विष्णुप्रिया ने कानपुर के प्रतिष्ठित गणेश शंकर विद्यार्थी स्मारक चिकित्सा महाविद्यालय (हैलेट अस्पताल) में एमबीबीएस के बाद एमडी कोर्स में चयनित होकर परिवार सहित पूरे शहर का नाम रोशन किया है।

उनकी इस उपलब्धि पर मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी (एमसीएमआर) मुहिम के सदस्यों ने उनके घर पहुंचकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। टीम ने विष्णुप्रिया को शाल, स्मृति चिह्न एवं उपहार भेंट कर उत्साहवर्धन किया तथा गौरवान्वित माता-पिता को भी सम्मानित किया। मुहिम के संचालक गौरव त्रिपाठी 'अमर' ने कहा आज सोशल मीडिया का दौर युवाओं को भटकाव की ओर ले जा रहा है, लेकिन विष्णुप्रिया ने लगन, मेहनत और आत्मविश्वास से अपने सपने को हकीकत में बदला। उनकी सफलता अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा बनेगी। सदस्य संजीव दुबे, सचिन गुप्ता, संजीव चौहान ने भी बेटी की उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए कहा कि विष्णुप्रिया ने पूरे नगर का गौरव बढ़ाया है और भविष्य में चिकित्सा क्षेत्र में भी नई मिसाल कायम करेंगी। इस अवसर पर पल्लवी त्रिपाठी, सुनील, अमित तिवारी, नन्दन, जीतू शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सड़क पर जानवर आने से बाइक फिसली, दो गंभीर रूप से घायल

**कोंच,जालौन।** कोंच कोतवाली क्षेत्र के तीतरा खलीपुरा के पास बुधवार देर रात लगभग 11 बजे सड़क पर बड़ा हादसा हो गया। यहां दो युवक अपनी बाइक से कहीं जा रहे थे तभी अचानक सड़क पर किसी जानवर के आ जाने से उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसा इतना तेज था कि दोनों युवक रोड पर ही गम्भीर रूप से घायल अवस्था में पड़े मिले। राहगीरों ने उन्हें देख तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को ग्रामीणों की मदद से उठाकर कोंच के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। बताया गया कि टक्कर जानवर से बचने की कोशिश में हुई।

# स्काउट ने विभिन्न गतिविधियों का लिया प्रशिक्षण



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

- जीवन में स्काउटिंग मूल्यों को अपनाकर हम अपने जीवन को अधिक सफल एवं उपयोगी बना सकते हैं: डॉ. गौतम सिंह

पश्चिमी बाईपास स्थित स्काउट भवन में आयोजित तृतीय सोपान प्रशिक्षण में स्काउट ने विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण लिया।

उन्होंने पायनियरिंग, हाइकिंग, दिशाओं का ज्ञान, संकेत चिन्ह, मीनार बनाना आदि का अभ्यास किया। इसके साथ ही स्काउटिंग की विभिन्न गतिविधियों को सीखकर अपने ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि की। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित जिला सचिव राजाराम वर्मा, एडवांस स्काउट मास्टर सत्यपाल सिंह, योगेश चंद्र मिश्रा, मुलायम सिंह यादव, तथा डॉ. गौतम सिंह ने बच्चों के कार्यक्रमों का निरीक्षण कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा बताया कि जीवन में स्काउटिंग मूल्यों को अपनाकर हम अपने जीवन को अधिक सफल एवं उपयोगी बना सकते हैं।

स्काउटिंग हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है और हमें इसके आदर्शों को अपने व्यवहार एवं कार्यों में शामिल करना चाहिए। उधर सुशीला देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज में भी तृतीय सोपान गाइड की ट्रेनिंग चल रही है जिसको श्रीमती स्नेहलता और आदेश नारायण सक्सेना करवा रहे हैं। वहां पर पहुंचे परशुराम पाल ने टेंट फिशिंग आदि कार्यक्रमों को देखा और अपने निर्देशन में संपन्न कराया।

## बाइक-स्कूटी की टक्कर में युवती सहित तीन लोग घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सौरिख रोड़ स्थित बाबा की बगिया के पास बाइक और स्कूटी की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में युवती सहित 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दो की हालत गंभीर होने पर सौ शैया अस्पताल से तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। घायलों में सनी पुत्र महेश चंद्र कठेरिया निवासी मोहल्ला कटरा गली, मोहिनी पुत्री चंद्रपाल कोरी निवासी इंद्रा आवास कॉलोनी फर्रूखाबाद चौराहा और स्कूटी चालक शिवम पुत्र रामविलास निवासी मोहल्ला बजरिया शामिल हैं। बताया जा रहा है कि सनी अपने किसी काम से सौरिख गया था और बाइक से बापस लौट रहा था। इसी दौरान शिवम की स्कूटी से उसकी बाइक टकरा गई। इस हादसे में मंदिर जा रही मोहिनी को भी चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए 108 एंबुलेंस से सभी घायलों को सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने शिवम और मोहिनी को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जबकि सनी का इलाज सौ शैया अस्पताल में ही जारी है।

## यूरिया की दो रैक लगीं, डीएम की समीक्षा में पारदर्शी वितरण के निर्देश

- जिले की 53 सहकारी समितियों व 17 इफको बिक्री केन्द्रों के लिए आवंटन सूची तैयार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** किसानों को समय से आवश्यक उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है। जिला कृषि अधिकारी संत लाल गुप्ता ने जानकारी दी कि जिलाधिकारी की नियमित समीक्षा बैठक में उर्वरक आपूर्ति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि यारा यूरिया और इफको यूरिया की दो रैक फर्रूखाबाद रैक प्वाइंट पर लग चुकी हैं, जिससे जिले में यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित होगी। पीसीएफ के जिला प्रबंधक ने बताया कि यारा यूरिया की रैक से सहकारिता को 300 मैट्रिक टन यूरिया प्राप्त होगा। समिति ने निर्णय लिया कि यह संपूर्ण मात्रा जनपद की 10 सहकारी समितियों भुत्रा, जसपुरापुर, तिखवां, नौरंगपुर, बदलेपुरवा, सिकन्दरपुर, सकरावां, छिबरामऊ पश्चिमी, प्रेमपुर तथा आटी में वितरित की जाएगी। इसी दौरान इफको प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि प्रस्तावित रैक से 1310 मैट्रिक टन यूरिया उपलब्ध होगा। समिति ने तय किया कि कुल उपलब्ध मात्रा में से 80 प्रतिशत यानी 1048 मैट्रिक टन सहकारी समितियों को तथा 20 प्रतिशत यानी 262 मैट्रिक टन इफको के बिक्री केन्द्रों को दिया जाएगा। इसके अनुरूप जिले की 53 सहकारी समितियों और 17 इफको बिक्री केन्द्रों के लिए आवंटन सूची तैयार कर ली गई है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि दोनों रैकों के आधार पर तैयार यूरिया आवंटन प्रस्ताव अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जा रहा है, ताकि किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो और उर्वरक का वितरण पारदर्शी एवं सुचारु व्यवस्था के साथ सुनिश्चित किया जा सके।

## पति के जीवित रहते पत्नी पर लगा दूसरी शादी का आरोप कोतवाली में दिया प्रार्थना पत्र

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।** कोतवाली कालपी में विष्णु कुमार उर्फ पुत्तन निषाद, पुत्र रामशंकर, निवासी मोहल्ला इन्द्रा नगर ने एक प्रार्थना पत्र देकर अपनी पत्नी बीरावती पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रार्थी ने बताया कि वह रोजगार के कारण अधिकतर समय बाहर रहता है, जबकि उसकी पत्नी बच्चों के साथ घर पर रहती थी। इसी बीच वह घर से बाहर था, तभी 20 नवंबर 2025 को दोपहर 12 बजे उसकी पत्नी ने मोहल्ला बड़ा बाजार, कालपी निवासी बुलबुल विश्वकर्मा, एकलव्य विद्या मंदिर स्कूल के पास से दूसरी शादी कर ली। पीड़ित का कहना है कि पत्नी बीरावती न केवल उसके जीवित रहते दूसरी शादी कर गई, बल्कि उसकी पूरी गृहस्थी का सामान भी साथ ले गई। घटना की जानकारी विष्णु को तब हुई जब वह घर वापस लौटा और पड़ोसियों से पूंछतांछ करने पर पूरे मामले का खुलासा हुआ। विष्णु कुमार ने इसे गंभीर पारिवारिक एवं कानूनी उल्लंघन बताते हुए प्रभारी निरीक्षक कालपी से मामले की जांच कराने, पत्नी और संबंधित व्यक्ति पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने तथा उसका सामान वापस दिलाने की मांग की है। प्रार्थी ने न्याय की गुहार लगाते हुए उचित कार्यवाही की अपेक्षा की है।

# परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं का एसडीएम ने लिया जायजा

- शिक्षकों को दिया निर्देश, परीक्षाओं को मद्देनजर रखकर पुख्ता व्यवस्था की जाए सुनिश्चित



**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट की परीक्षाओं को कुशलतापूर्वक निपटने के लिए स्थानीय प्रशासन के द्वारा कवायत तेज कर दी गई है। उप जिलाधिकारी कालपी मनोज कुमार सिंह ने भ्रमण कर परीक्षाओं केंद्रों वाले विद्यालयों का निरीक्षण करके व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उक्त संबंध में एसडीम मनोज कुमार सिंह के द्वारा परीक्षा केंद्र तकदीर सिंह इंटर कॉलेज नियामतपुर में पहुंचे। इस परीक्षा केंद्र में परीक्षा कक्षों सीसीटीवी कैमरा, सफाई व्यवस्था, रैंप, बाथरूम आदि का घूम घूम कर निरीक्षण किया तथा प्रधानाचार्य व शिक्षकों से संवाद स्थापित किए। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह के द्वारा दूसरे परीक्षा केंद्र मदारी सिंह गुलजारी सिंह इंटर कॉलेज महेवा का अवलोकन किया गया। यहां पर एसडीएम शिक्षकों से भेंट की तथा आगामी बोर्ड परीक्षाओं को लेकर व्यवस्थाओं की हकीकत देखी तथा शिक्षकों को निर्देश दिया की परीक्षाओं को मद्दे नजर रखकर पुख्ता व्यवस्था कर ली जाए।

## मेगा कैंप में महिला समूहों को बांटे गये 73 लाख 50 हजार रुपये

**कुठौंद,जालौन समृद्धि न्यूज।** गुरुवार को मंडलायुक्त झांसी मंडल झांसी एवं जिलाधिकारी के निर्देशन में महिला स्वयं सहायता समूह के मेगा कैंप के अंतर्गत सीसीएल वितरित समूह की प्रगति रिपोर्ट विकासखंड कुठौंद के ब्लॉक ब्लॉक सभागार में स्वयं सहायता समूह के लिए सीसीएल कैंप का आयोजन किया गया जिसमें परियोजना निदेशक के शाखा प्रबंधकों के साथ बैंक शाखाओं के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे। इस दौरान स्वयं सहायता समूहों को 73 लाख 50 हजार रुपये का वितरण किया गया। मेगा कैंप में समूह की महिला को अपनी अजीबिका बढ़ाने के लिए कैंप में स्वयं सहायता समूह को 2 करोड़ 94 लख रुपए की स्वीकृति प्रदान की साथ ही कैंप के दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 73 लाख 50 हजार रुपए वितरण किया गया।

# कार नहर में गिरी, राहगीरों ने दो को सुरक्षित निकाला

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**



नहर से निकाली गयी क्षतिग्रस्त कार।

सर्किल के कैलिया थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर शाम लगभग 8 बजे एक सड़क हादसा होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रदीप उर्फ मोनू सोनी पुत्र महादेव सोनी निवासी दबोह, जिला भिंड (मध्य प्रदेश) अपने साथी दीपक सविता पुत्र कढ़ोरे निवासी दबोह के साथ कार द्वारा कालपी में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। यात्रा के दौरान प्रदीप उर्फ मोनू सोनी स्वयं कार चला रहे थे और बताया जा रहा है कि वाहन की गति अधिक होने के कारण कार अचानक अनियंत्रित हो गई।

अनियंत्रण की स्थिति में कार सीधे पिपरी नहर की ओर बढ़ गई और देखते ही देखते नहर में जा गिरी। हादसे को देखकर आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी फैल गई, जिसके बाद तुरंत इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू कार्य शुरू किया गया। सौभाग्य से कार में सवार दोनों व्यक्तियों को बिना किसी चोट के सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। दोनों पूरी तरह सकुशल थे और घटना के बाद उन्हें प्राथमिक जांच हेतु सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। कार नहर में फंसी हुई थी, जिसे बाद में हाइड्रा मशीन की सहायता से बाहर निकाला गया। पुलिस द्वारा पूरी घटना का मुआयना कर आवश्यक कार्रवाई की गई है।

यह घटना तेज गति से वाहन चलाने के खतरों को एक बार फिर सामने लाती है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सड़क पर वाहन चलाते समय गति सीमा का पालन अवश्य करें और सावधानी बरतें, ताकि ऐसे हादसों से बचा जा सके।


### सूचना

मेरा विशिष्ट बी.टी.सी. प्रशिक्षण वर्ष 2004 जिसका अनुक्रमांक 320582 का प्रमाण पत्र जो वास्तव में कहीं खो गया है। मुझे दूसरे प्रमाण पत्र की आवश्यकता है।

**अजय प्रताप पुत्र तुकमान सिंह निवासी बेवर रोड विजाधरपुर, सेन्ट्रल जेल, फर्रुखाबाद**

### सूचना

मेरा विशिष्ट बी.टी.सी. प्रशिक्षण वर्ष 2004 जिसका अनुक्रमांक 320519 का प्रमाण पत्र जो वास्तव में कहीं खो गया है। मुझे दूसरे प्रमाण पत्र की आवश्यकता है।

**प्रताप नारायन पुत्र दफेदार निवासी ग्राम सितवनपुर पिसू पो0 बराकेशव, नवाबगंज, फर्रु0।**

### सूचना

मैंने अपने पुत्र राजबहादुर सिंह उर्फ मोनू व पुत्रवधू रिचा का आचरण अच्छा न होने के कारण दोनों से संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके किसी भी विधिक या अविधिक कार्य या लेन देन की हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**विनोद कुमार पुत्र स्व. पातीराम निवासी ग्राम मिश्रापुर पोस्ट सरायप्रयाग थाना गुरसहायगंज (कन्नौज)।**


# एमएलसी ने एनआरसी कार्य की एसडीएम से ली विस्तृत जानकारी



**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन ने 220 कालपी विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाये जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की हकीकत परखी। इस दौरान उन्होंने एसडीएम कालपी मनोज कुमार सिंह के साथ बैठक कर के जानकारियां हासिल की। तहसील परिसर कालपी में आयोजित बैठक के दौरान उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने दोपहर तक 99 फीसदी कार्य पूरा होने की बात कही। एमएलसी झांसी जालौन ललितपुर रमन रंजन ने इसके बाद कालपी विधानसभा के छहों मंडल अध्यक्षों से की वार्ता कर एस आई आर कार्यक्रम की जानकारियां साझा किए।

# सीसी रोड का विधायक, पालिकाध्यक्ष ने किया भूमि पूजन

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**



कोंच नगर में गुरुवार को गांधी नगर मुहल्ले में 24 लाख रुपये की लागत से बनने वाली 300 मीटर लंबी सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माधौगढ़ विधायक मूलचन्द्र निरंजन और नगर पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता मौजूद रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर सड़क निर्माण की औपचारिक शुरुआत कराई और कहा कि यह सड़क क्षेत्र के आवागमन को सुगम बनाएगी तथा स्थानीय नागरिकों को लंबे समय से हो रही परेशानी से राहत मिलेगी। पालिका ईओ मोनिका उमराव ने बताया कि सड़क निर्माण की जिम्मेदारी रक्तदन्ता फर्म एट को दी गई है, जो तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य को पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि नगर में विकास कार्य लगातार गति पकड़ रहे हैं और आने वाले समय में अन्य वार्डों में भी इसी प्रकार की सीसी सड़कें बनाई जाएंगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में गांधी नगर के सभासद महेंद्र कुशवाहा, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, सहित विनोद सोनी, रवि कुशवाहा, अनिल वर्मा, अशोक गुर्जर, सुनील कांत तिवारी और शिवसिंह कुशवाहा मौजूद रहे। सभी ने सड़क निर्माण कार्य को जनता के हित में एक बड़ी पहल बताया। स्थानीय लोगों ने बताया कि बरसात में यहां की सड़कें बदहाल रहती थीं, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों और दैनिक आवाजाही करने वालों को भारी दिक्कत झेलनी पड़ती थी। नई सीसी सड़क बनने से अब इस समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा।

विधायक मूलचन्द्र निरंजन ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने भी भरोसा दिलाया कि नगर के प्रत्येक वार्ड में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए लगातार काम हो रहा है।

# रिश्वत लेते पकड़ी गई बीडीओ से मिली डायरी में खुल सकते कई राज?

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को विजिलेंस टीम झांसी द्वारा एक लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ी गयी बीडीओ प्रतिभा शाल्या के पास से एक डायरी भी मिली है यदि विजिलेंस टीम के कब्जे में आयी डायरी की जांच ईमानदारी से की गयी तो कई ऐसे राज खुलकर सामने आ सकते हैं जिसे सुनकर हर कोई दंग रह सकता है। ऐसा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कहा जा रहा है। फिलहाल तो बीडीओ के पकड़े जाने के बाद क्षेत्र पंचायत कार्यालय में गुरुवार को सन्नाटा पसरा रहा जो भी अधिकारी व कर्मचारी कार्यालय पहुंचे भी थे तो वह भी इसी मामले को लेकर चर्चा करते देखे गये। गौरतलब हो कि बीडीओ प्रतिभा शाल्या की कार्यशैली जनपद में जिस विकासखंड में तैनाती रही वहां पर वह चर्चा का विषय बनी रही। इस मामले में फर्जी भुगतान होने के बाद उन पर कार्यवाही भी अमल में लायी गयी थी लेकिन वह न्यायालय के आदेश पर पुनः जनपद में आ गयी थी और उन्हें दूसरी बार कदौरा विकासखंड में ही बीडीओ के पद पर तैनात किया गया था। बुधवार को एक ठेकेदार की शिकायत पर झांसी विजिलेंस की 14 सदस्यीय टीम ने गहनता से पूरी पृष्ठभूमि तैयार की और जैसे ही ठेकेदार भुगतान के एवज में एक लाख रुपये का नजराना लेकर उनके आवास पर पहुंचा जिसे बीडीओ ने अपने हाथों में जैसे ही लिये वैसे ही पहले से ही चौकन्ना विजिलेंस टीम उनके आवास पर घुस गयी और रंगे हाथों रिश्वत लेते हुये उन्हें पकड़ गया।

# मार्ग दुर्घटना में दो चचेरी बहनों व भाई की दर्दनाक मौत

- डीसीएम की टक्कर से 50 मीटर तक घिसटती चली गयी बाइक
- एसडीएम/सीओ ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को बंधाया ढांढस
- मुख्यमंत्री से आर्थिक मदद दिलाने का परिजनों को दिया भरोसा

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार चचेरी बहनों व भाई की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की सूचना पर पहुंचे परिजन व ग्रामीण डीएम को मौके पर बुलाने की मांग करने लगे। सूचना पाकर एसडीएम सदर रजनीकांत पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह व सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल, क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा, कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला, चौकी प्रभारी जसवीर मौके पर पहुंचे। एसडीएम ने परिजनों को काफी समझाया बुझाया और सांत्वना दी। साथ ही मुख्यमंत्री से हर सम्भव मदद दिलाने का भरोसा दिया। तब कहीं जाकर परिजन माने। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव नगला भूड़ निवासी मुखलेश राजपूत की 14 वर्षीय पुत्री सेजल व 15 वर्षीय पुत्री काजल रूप सिंह विद्यालय धीरपुर में पढ़ते थे।

गुरुवार सुबह दोनों छात्राएं अपने चचेरे भाई राजन के साथ बाइक से स्कूल जा रही थीं। बाइक को राजन के पिता केशव चला रहे थे। धीरपुर गांव के निकट सामने से आ रहे ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक ट्रक में फंसकर 50 मीटर तक घिसटती चली गई। जिसमें राजन व काजल की मौके पर ही मौत हो गई। स्वजन घायल छात्रा सेजल को डॉ0 राममनोहर लोहिया अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने भी दम तोड़ दिया। ग्रामीण तीनों शव रखकर घटना का विरोध करते हुए जिलाधिकारी को मौके पर बुलाने की मांग कर रहे हैं। घटना की वजह से नवीगंज-धीरपुर मार्ग पर जाम लग गया। घटना की सूचना पाकर एसडीएम सदर रजनीकांत पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह व सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल, क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा, कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला, चौकी प्रभारी जसवीर समेत कई थानों की फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों से वार्ता कर उन्हें ढांढस बंधाया। एसडीएम ने मुख्यमंत्री से हर सम्भव मदद दिलाये का पीड़ित परिजनों को भरोसा दिया। तब पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। केशव ने बताया कि राजन उनका इकलौता बेटा था। जो कक्षा 10 में पढ़ता था। घटना के बाद से राजन की माता बड़ी बेटी का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं मृतका काजल कक्षा 10 व सेजल कक्षा 7 की छात्रा है। दोनों की मौत के बाद माता उमा देवी व पिता मिथलेश का रो-रोकर बुरा हाल है।



मृतक बच्चों के फाइल फोटो



ट्रक के नीचे दबी बाइक



पीड़ित परिजनों को ढांढस बंधाते एसडीएम

# मोबाइल चोरी की घटना का पुलिस ने किया खुलासा, एक गिरफ्तार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने गुरुवार को मोबाइल चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मझोला निवासी माधुरी देवी पत्नी मूलचंद ने अपने घर से मोबाइल चोरी होने की शिकायत कोतवाली पुलिस में दर्ज कराई थी।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मु0अ0स0-324/25 धारा-305 बीएनएस मे मुकदमा पंजीकृत कर किया गया। जिसको लेकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन द्विवेदी, कस्बा चौकी इन्चार्ज सोमवीर सिंह, कांस्टेबिल विजय गूर्जर, कांस्टेबिल सचिन कुमार, कांस्टेबिल धर्मेन्द्र ने मुखबिर की सूचना पर नगर के बस स्टैण्ड से अभियुक्त दिलीप उम्र 22 वर्षीय पुत्र मुकेश निवासी अकराबाद थाना कम्पिल को गिरफ्तार कर लिया। जामा तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चोरी किए गए दो मोबाइल फोन बरामद हुए। कोतवाली प्रभारी मदन मोहन चतुर्वेदी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ में उसने चोरी की घटना को स्वीकार कर लिया है। आवश्यक कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराया और उसे न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



पुलिस हिरासत में मोबाइल चोर

# तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने अभियुक्त को एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना पुलिस रात्रि में गश्त कर रही थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति तमंचा तमंचा लेकर किसी घटना को अंजाम देने के लिए जा रहा।

इस सूचना पर पुलिस सक्रिय हो गयी। पुलिस ने अभियुक्त की घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। उसके पास से एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम सुभाष पुत्र केशराम निवासी ग्राम गड़रियन नगला चिलसरा थाना शमशाबाद बताया। पुलिस ने थाना हाजा मु0अ0सं0-237/2025 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।



पुलिस हिरासत में अभियुक्त

# पैतृक गांव पहुंचे डॉ. जितेंद्र सिंह यादव से आत्मीयता से मिले लोग

- बुजुर्गों की कुशलक्षेम पूछकर लिया आशीर्वाद, बच्चों को किया दुलार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

आज अपने पैतृक गांव पहुंचे मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक कॉलेज के चेयरमैन डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव ने ग्रामीणों से कुशलक्षेम पूछी तथा बच्चों को दुलार किया।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बबना गढ़िया के मजरा हरदुआ में मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष तथा छिबरामऊ जीडी गोयंका के संचालक डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव अपने पैतृक गांव हरदुआ पहुंचे। गांव के लोग उनसे आत्मीयता से मिले। डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने गांव के बुजुर्गों के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। साथ ही परिजनों की कुशलक्षेम पूछी। वहीं एक पांच वर्षीय बच्ची छवि पुत्री रामकिशोर निवासी हरदुआ भी बाबा-बाबा कहकर डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव की गोद में आकर बैठ गयी। डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने बच्ची को दुलार किया और उससे बातचीत की। डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने पूरे गांव में घूमकर लोगों के हालचाल लिये। इस मौके पर डॉ जितेंद्र सिंह यादव, शिक्षक रामवीर सिंह यादव, जयपाल सिंह यादव, चरण सिंह यादव, संजीव कुमार यादव, अरविंद कुमार यादव सहित तमाम ग्रामीण व महिलाएं मौजूद रहे।



ग्रामीण के बीच बैठे डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव व गोद में बैठी बच्ची

# हार्ट अटैक के मरीज को लगेगा 40 हजार रुपये का मुफ्त इंजेक्शन

- जनपद में पहली खेप पहुंची
- जनपद के सभी प्रमुख अस्पतालों और सीएचसी पर उपलब्ध होगी यह सुविधा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिले में बढ़ते हार्ट अटैक के मामलों को देखते हुए शासन ने बड़ा कदम उठाते हुए जीवनरक्षक इंजेक्शन की पहली खेप जनपद में भेज दी है। इस इंजेक्शन की बाजार कीमत करीब 40 हजार रुपये बताई जा रही है, लेकिन मरीजों को यह पूरी तरह मुफ्त लगाया जाएगा। सीएमओ डॉ0 अवनींद्र कुमार ने बताया कि शासन स्तर से पहली खेप में कुल 10 इंजेक्शन शासन से मिल गए हैं। इन्हें अभी राजेपुर, कमालगंज, कायमगंज और लिंजीगंज के प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दो-दो इंजेक्शन उपलब्ध करा दिए गए हैं। दो इंजेक्शनों को रिजर्व में रखा गया है। सीएमओ ने बताया कि हार्ट अटैक की पुष्टि ईसीजी के बाद होने पर मरीज को तत्काल यह इंजेक्शन लगाया जाएगा। जिससे उसकी जान बचाने में बड़ी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में यह सुविधा जनपद के सभी प्रमुख अस्पतालों और सीएचसी पर उपलब्ध कराई जाएगी।

# भारतीय सेना में चयन होने पर युवाओं का नगर में हुआ भव्य स्वागत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र में भारतीय सेना में ट्रेनिंग पूरी कर लौटे 17 वीर सपूतों का नगरवासियों ने जोरदार स्वागत किया। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के इन युवाओं का चयन भारतीय सेना में होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी जवान ट्रेनिंग पूरी कर आज जब नगर मे पहुंचे तो लोगों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। युवाओं के स्वागत में नगर के एसएनएम इंटर कॉलेज से तिरंगा यात्रा निकाली गई। भारत माता की जय के नारों से गूंजते इस जुलूस ने नगर भर में उत्साह का माहौल बना दिया। तिरंगा यात्रा एसएनएम इंटर कॉलेज ग्राउंड से शुरू होकर ट्रांसपोर्ट चौराहा, पुलिया पुल ग़ालिब, तहसील रोड, बजरिया, श्यामा गेट, लोहाई बाजार, मैन चौराहा और पृथ्वी दरवाजा होते हुए वापस कॉलेज पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान चयनित युवाओं ने पृथ्वी दरवाजा स्थित बांके बिहारी मंदिर में पहुंचकर भगवान का आशीर्वाद भी लिया। बता दें कि भारतीय सेना में धर्मेंद्र ठाकुर, अर्जुन सिंह, कलाम, प्रतोष, अजीत, वीटू, अजय, नितेश कुमार, मीनेश कुमार, रवि कुमार, आकाश, नितेश, अवनेंद्र और ऋषभ, सचिन पाल, शिवम पाल का चयन हुआ है।



सम्मानित चयनित युवा

# शेखपुर मेले में हुई मारपीट, कमेटी संचालक घायल

- पिस्टल की वट एवं धारदार हथियारों से किया हमला

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम शेखपुर रूस्तमपुर में इस समय मेला चल रहा है जिसमें कमेटी सदस्य रानू द्वारा वीडियो रिकॉर्डिंग की जा रही थी।

पिछली रंजिश को लेकर दानिश निवासी मोहनपुर दिनारपुर एवं जीशान निवासी नगला दाऊद सरैया एवं 5 अन्य से 6 अज्ञात लोगों के साथ आकर रानू के साथ गाली गलौज करने लगे। मना करने पर पिस्टल की बट एवं धारदार हथियारों से उक्त लोगों ने हमला कर दिया।

रानू का भाई पास में ही रोटी एवं दाल चावल का होटल लगाए हुए था। सूचना पर मौके पर पहुंचा एवं उनके साथ शेखपुर रूस्तमपुर के ही अन्य लोग थे। जिन्हें देखकर उक्त लोग गाली-गलौज करते हुए मौके से भाग गए। पुलिस को इस मामले में सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को सीएचसी कमालगंज पहुंचाया एवं पुलिस द्वारा कहा गया है कि उक्त मामले में तहरीर दर्ज कर ली गई है एवं जांच कर मारपीट करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



सीएचसी में बैठे घायल

# कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों की मौखिक परीक्षाएं अब 17 दिसंबर को

**नवाबगंज,. समृद्धि न्यूज।**

नवाबगंज ब्लॉक के सभी प्राथमिक विद्यालयों में इन दिनों शैक्षिक माहौल गरमाया हुआ है। कक्षा 1 से लेकर कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं पूरी गंभीरता और उत्साह के साथ चल रही हैं। इस परीक्षा में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ शामिल हो रहे हैं। जो अपनी मेहनत और अच्छी पढ़ाई का प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं। सहायक अध्यापक प्रशांत कटियार ने बताया कि परीक्षाएँ बच्चों के लिए ज्ञान और आत्मविश्वास बढ़ाने का एक बेहतरीन मंच हैं। उन्होंने छात्रों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा किए बच्चे बड़ी मेहनत करके और अच्छी तरह से पढ़ाई करके इस परीक्षा में शामिल हुए हैं। परीक्षा का पैटर्न बच्चों के सीखने के स्तर को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। कक्षा 1 के विद्यार्थी की मौखिक रूप से परीक्षा ली जाएगी। कक्षा 2 से कक्षा 5 के बच्चों के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा से संबंधित एक महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है। कक्षा 1 के बच्चों की मौखिक परीक्षा पहले 10 दिसंबर को आयोजित होने वाली थी, लेकिन जिला प्रशासन के निर्देश पर किन्हीं कारणों से इसे रद्द कर दिया गया था।

प्रशांत कटियार ने बताया कि अब यह परीक्षा 17 दिसंबर को आयोजित की जाएंगी।

इस बदलाव के बावजूद बच्चों में परीक्षा को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। जो उनकी शिक्षा के प्रति रुचि को दर्शाता है। प्राथमिक विद्यालय केंद्र नवाबगंज में परीक्षा संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी शिक्षक सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं।

इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव रंजन स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण अवकाश पर हैं। जिसकी जिम्मेदारी सहायक अध्यापकों ने बखूबी संभाली है। परीक्षा के सफल आयोजन में सहायक अध्यापक प्रशांत कटियार, प्रज्ञानंद शाक्य, सरोज कुमारी, शिक्षामित्र रेनू सिंह, उर्मिला देवी, मधुबाला मौजूद रहे। बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों की मेहनत से यह अर्द्धवार्षिक परीक्षा सत्र सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है। जो क्षेत्र में प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता को मजबूती प्रदान करता है।




अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं देते बच्चे

# ईओ ने किया रैन बसेरे व जल रहे अलाव का किया निरीक्षण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

ईओ ने रैन बसेरे का रात्रि में औक्षक निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं को लेकर संतोष जताया। जरूरतमन्दों के लिए ठहरने, गर्म रजाइयों और भोजन की व्यवस्था की गई है। आधार कार्ड जॉच के साथ सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ठन्ड के बीच बेघर एवं जरूरतमन्द लोगों को राहत देने के लिए बनाए गए रैन बसेरा की व्यवस्थाओं का जायजा लेने हेतु नगर पालिका अधिशासी अधिकारी डॉ0 लव कुमार मिश्रा ने देर रात्रि में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निकट बने रैन बसेरे का औक्षक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी स्थानों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं को परखा और संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश पर निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के साथ ही साथ नगर में जल रहे अलाव का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इस रैन बसेरे में जरूरतमन्द लोग पूरी तरह से निःशुल्क रुक सकते हैं। ठन्ड से बचाव हेतु नगर पालिका की ओर से गर्म रजाई, कंबल, चारपाई सहित खानपान की भी विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की गई। प्रशासन का कहना है कि किसी भी व्यक्ति को असुविधा न हो इसके लिए भोजन की गुणवत्ता और उपलब्धता पर पर विशेष नजर रखी जाये।



अलाव का निरीक्षण करते ईओ

# कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गाँव गनाई मोहल्ला रायपुर खास निवासी पवन कुमार उम्र 20 वर्ष पुत्र राधेश्याम बाइक द्वारा किसी काम से फर्रुखाबाद गया था। वापस घर लौटते समय जैसे ही वह ग्राम ठण्डी कुइयां के पास पहुंचा, तभी अज्ञात चार पहिया वाहन चालक ने उसकी बाइक मे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल युवक को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया।

# रोडवेज बस की महिला कंडक्टर ने छेड़छाड़ का लगाया आरोप

- मुकदमा दर्ज न हुआ, तो आत्महत्या करने को होगी मजबूर
- पीड़ित बोली, मैंने पुलिस को दी मामले की जानकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रोडवेज बस की महिला कंडक्टर ने छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार आगरा-फर्रुखाबाद रूट पर चलने वाली रोडवेज बस की महिला कंडक्टर ने आरोप लगाया है कि ड्यूटी के दौरान उनके साथ छेड़छाड़, कपड़े फाड़ने की कोशिश और अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। महिला कंडक्टर का कहना है कि उन्होंने बस खाली करने के लिए इंचार्ज से 10 मिनट का समय मांगा था, लेकिन मना कर दिया गया। इसके बाद वे बस लेकर जाने लगीं, तभी कुछ लोगों ने फर्रुखाबाद के एक ड्राइवर को इशारा किया। जिसने कथित तौर पर उनके साथ अभद्रता और छेड़छाड़ की। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने मामले की जानकारी पुलिस को दे दी है और पुलिस ने उचित कार्रवाई का आश्वासन भी दिया है। महिला कंडक्टर का कहना है कि यदि आरोपी पर कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आत्महत्या करने पर मजबूर होंगी।

# जनता जागृति सेवा संगठन ने सीओ को दिया प्रार्थना पत्र

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

जनता जागृति सेवा संगठन अराजनैतिक के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र कश्यप ने संगठन के पदाधिकरियों के साथ कायमगंज क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी को प्रार्थना पत्र सौंपा। जिसमें कहा है कि दिनांक 01.12.2025 को क्षेत्र के ग्राम रसीदाबाद कोट पहाड़ी निवासी एक युवती नगर के मोहल्ला सधवाड़ा कायमगंज में कोचिंग पढ़ने आई थी। पड़ोस में रहने वाले आशीष, अनमोल, शुकदेव ने छात्रा के साथ गाली-गलौज कर छेड़छाड़ की तथा विरोध करने पर मारपीट की थी।

जिसकी लिखित शिकायत पुलिस से की थी। पुलिस ने उचित धाराओं में एफआईआर दर्ज ना करके धारा-115(2) बी.एन.एस. में एनसीआर दर्ज की। इससे नाराज होकर उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में दिनांक 04.02.2025 को पुलिस अधिक्षक फतेहगढ़ को प्रार्थना पत्र दिया था। पुलिस अधीक्षक ने उचित धाराओं मे एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था, लेकिन अभी तक उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज नहीं की। इस दौरान जनता जागृति सेवा संगठन के प्रदेश महासचिव चन्दन, प्रदेश प्रभारी राम कुमार, सुशील कुमार, जान चन्द्र, नरेश चन्द सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



सीओ को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी

# अधिवक्ता को मोबाइल पर दी जान से मारने की धमकी, पुलिस से की शिकायत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अधिवक्ता ने मोबाइल पर दी गयी जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

रेवन्यू वार एसोसिएशन के सचिव अधिवक्ता अवनीश कुमार गंगवार ने कोतवाली कायमगंज में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि बुधवार 10 दिसंबर 2025 की शाम करीब 6:10 बजे उनके मोबाइल पर नंबर 9452655732 से एक कॉल आया। फोन करने वाले ने अपना नाम जितेंद्र यादव उर्फ पिंटू पुत्र गंगा सिंह निवासी अलाहदादपुर बताया। आरोप है कि कॉल करने वाले ने न केवल अभद्र भाषा का प्रयोग किया, बल्कि गंभीर धमकी देते हुए कहा कि अपने चेंबर पर ज्ञानेश कुमार उर्फ बंटू पुत्र सुग्रीव सिंह निवासी किसरोली को बुलाकर बैठाना बंद कर दो, नहीं तो तुम्हें जान से मार दूंगा। अधिवक्ता अवनीश गंगवार ने कहा कि वे एक सम्मानित अधिवक्ता हैं और उन्हें आरोपी से अपनी जानमाल का गंभीर खतरा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले की जल्द जांच कर आरोपी के खिलाफकठोर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इधर घटना के बाद क्षेत्र के अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। अधिवक्ता वीडी यादव, इंद्रेश गंगवार, अनोखेलाल शाक्य, सुनील गंगवार, अभिषेक गंगवार, शिवमंगल सिंह और सरनेश यादव ने कहा कि अधिवक्ताओं को खुलेआम धमकियां मिलना कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने प्रशासन से आरोपी के खिलाफ तत्काल प्रभाव से सख्त कदम उठाने की मांग की है।

# राजकीय आडिटोरियम के लिए मुख्यमंत्री ने दी स्वीकृति

▸ नवदिया फतेहगढ़ में लगभग 500 करोड़ की लागत से बनेगा आडिटोरियम


भूमि का निरीक्षण करते विधायक व डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में राजकीय आडिटोरियम बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने स्वीकृति प्रदान की है। फतेहगढ़ के क्षेत्र नवदिया में नॉन जेड ए के अन्तर्गत बंजर के रुप में भूमि अंकित है। भूमि में लगभग 3500 वर्ग फिट क्षेत्रफल है, जो राजकीय संपत्ति है। जिसका प्रबंधन म्युनिस्पिल बोर्ड फर्रुखाबाद के नाम से है। भूमि आडिटोरियम निर्माण के लिए पर्याप्त है। अंडरग्राउंड पार्किंग स्थल निर्मित कर पार्किंग का समाधान निकाला जा सकता है। भूमि पर यातायात का रास्ता भी उपलब्ध है। मुख्यालय पर भूमि आडिटोरियम की डिजाइन आर्किटेक्चर तैयार किया जा सकता है। पर्यटन एवं सांस्कृतिक विभाग का कार्यालय तथा ओडीओपी के अन्तर्गत उत्पादों तथा टैक्सटाइल, ब्लाक प्रिंटिंग, जरी, जरदोजी के भी स्टाल लगाये जा सकते है। सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने बताया कि फतेहगढ़ क्षेत्र नवदिया में राज्य सम्पत्ति की भूमि दर्ज है। जो राजकीय निर्माण कराये जाने से जनपद के लोग लाभांवित होंगे। इस संबंध में उत्तर प्रदेश शासन ने भी विधायक के पत्र को स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री के लिए प्रेषित किया था। जिसकी आख्या रिपोर्ट के बाद मंजूरी मिली है। मेजर की मेहनत रंग लायी और जनपद में लगभग 500 करोड़ की लागत से भव्य आडिटोरियम बनने की स्वीकृति मिलते ही तैयारियां तेज हो गयी है। पूर्व में भी सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने मुख्यमंत्री से मिलकर आडिटोरियम की मांग की थी। सांस्कृतिक निदेशालय के सचिव उमा द्विवेदी ने भी आडिटोरियम के संबंध में सीएनडीएस को कार्यवाही हेतु नामित किया था। मुख्यमंत्री द्वारा इस प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद कार्यदायी संस्था नामित हो चुकी है।

सर्वे पूर्व में हो चुका है। आर्किटेक्ट द्वारा नक्शा तैयार किया जा रहा है। आवंटित भूमि का आलांकन व सीमांकन और भौतिक निरीक्षण के लिए विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने डीएम के साथ जगह का निरीक्षण किया और कार्यदायी संस्था के अधिकारियों के साथ ऑडिटोरियम की जगह का निरीक्षण किया।

# उप-निदेशक ने इग्नू परीक्षा केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करती उपनिदेशक

दुर्गा नारायण डिग्री कॉलेज में चल रही इग्नू की परीक्षाओं का उप निदेशक लखक ने गुरुवार को केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्तविश्वविद्यालय इग्नू क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ की उप-निदेशक डॉ. अनामिका सिन्हा ने दुर्गा नारायण महाविद्यालय में चल रही इग्नू की परीक्षाओं का औचक निरीक्षण किया। तथा परीक्षायें सकुशल, नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न हों इससे सम्बन्धित जरूरी दिशा निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि जनवरी 2026 सत्र के लिए पुनः पंजीकरण प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है जो 15 जनवरी 2026 तक चलेंगी। इग्नू में स्नातक, परास्नातक, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट कोर्स एवं बीए, बीकॉम, एमकॉक इतिहास, हिंदी, अंग्रेजी व समाजशास्त्र समेत अन्य कोर्स के लिए भी प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। उप निदेशक डॉ. अनामिका सिन्हा ने डीएन डिग्री कॉलेज इग्नू अध्ययन केन्द्र के कोडिनेटर डॉ. आरएन सिंह को बताया कि इग्नू द्वारा 39वें दीक्षान्त समारोह के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी हो चुकी है, इसमें वो छात्र शामिल होंगे जिन्होंने दिसम्बर 2024 एवं जून 2025 की सत्रात परीक्षा में अपनी डिग्री पूरी की है। डिग्री प्राप्त करने हेतु छात्रों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। अर्ह छात्र इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर लिंक के मायम से आवेदन कर सकते हैं।

# मुकेश राजपूत ने संसद सत्र में गंगा व रामगंगा के नये पुल बनवाने की मांग


संसद सत्र में बोलते सांसद मुकेश राजपूत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सांसद मुकेश राजपूत ने संसद सत्र में शून्य काल के दौरान मांग की है कि जनपद फर्रुखाबाद लोकसभा क्षेत्र पांचाल घाट राष्ट्रीय राज मार्ग 730सी पर गंगा नदी व रामगंगा नदी पर नये पुलों के निर्माण की सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मांग की है। सांसद ने मांग रखी है कि 730सी राष्ट्रीय राज मार्ग गंगा व रामगंगा नदी पर बने पुल बहुत पुराने है, जो जर्जर स्थिति में है। कई जनपदों का आवागमन है। यहां मेला रामनगरिया लगता है, जिसे अपराकाशी के नाम से जाना जाता है। दोनों पुलों का शीघ्र निर्माण किया जाये और दोनों रोडों का चौड़ीकरण कर नये पुलों का निर्माण कराया जाये।

# पुण्यतिथि पर डॉ. रामनाथ सिंह को किया गया याद

▸ कम्बल वितरण के साथ हुआ भण्डारा

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**


पुण्य तिथि पर पुष्प अर्पित करते लोग

मोहम्मदाबाद के ग्राम पंचायत सिरौली में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्वर्गीय डॉ0 रामनाथ सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि पर उनके परिजनों द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको याद किया गया।

उनके पुत्र जिला जज सर्वेश कुमार ने कहा कि हम लोग हमेशा अपने पिताजी के बताए हुए रास्तों पर चलकर आगे बढ़े हैं, उन्होंने हमेशा गरीबों और असहाय की मदद की है और क्षेत्र के विकास के लिए भी काफी कार्य किए हैं। उनकी याद में इस विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। पूरे परिवार के साथ-साथ आसपास गांव से भी लोग आकर पुण्यतिथि पर उनको याद करते है। उन्होंने कहा कि शिक्षा बहुत ही जरूरी है, इसीलिए वह समाज के हर व्यक्ति से यह कहते हैं अगर सम्मान चाहिए तो शिक्षा ग्रहण करें और अपने आने वाली पीढ़ी को भी शिक्षित बनाएं। इस दौरान भंडारे का आयोजन किया गया। लोगों ने भंडारा ग्रहण किया। गरीब व असहाय लोगों को सर्दी को देखते हुए कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र सिंह यादव ने की। उनके पुत्रगण सर्वेश कुमार एचजेएस जिला जज/अध्यक्ष उपभोक्ता आयोग आगरा, विजय कुमार सिंह डीआईजी, कमल कुमार सिंह क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, अजय कुमार सिंह जिला विकास अधिकारी, दामाद मनीष कुमार सिंह अवर सचिव नियुक्ति उत्तर प्रदेश शासन उपस्थित रहे। वक्ताओं ने स्वर्गीय डा0 रामनाथ के सामाजिक कार्यो, देशप्रेम एवं समाज को शिक्षित करने पर उनके प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर पुलिस अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी एवम नागरिक उपस्थित रहे।

## रेलवे पेंशनर्स एसो. का 25वां वार्षिकोत्सव 17 दिसम्बर को

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। रेलवे पेंशनर्स एसोएिशन का प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 17 दिसम्बर को अपना स्थापना दिवस रेलवे पेंशनर्स दिवस के रुप मनायेगी। फर्रुखाबाद-कन्नौज का संयुक्त 25वां वार्षिकोत्सव 17 दिसम्बर समय 10:30 भोलेपुर रेलवे स्टेशन के निकट एक गेस्ट हाउस में मनाया जायेगा। यह जानकारी रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन के महासचिव आरके वर्मा द्वारा दी गई।

# स्कूल फेडरेशन ऑफ इंडिया कराटे प्रतियोगिता के लिए आदित्य का चयन

▸ जनपद के लिए बहुत गर्व की बात है कि कोई कराटे स्टूडेंट का चयन स्कूल गेम के लिए हुआ है: पारस भारद्वाज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


चयनित खिलाड़ी आदित्य कुमार

स्कूल फेडरेशन ऑफ इंडिया कराटे प्रतियोगिता के लिए आदित्य कुमार का चयन हुआ है।

चयन पर जिला कराटे संघ के सचिव पारस भारद्वाज ने बताया यह जनपद के लिए बहुत गर्व की बात है कि कोई कराटे स्टूडेंट का चयन स्कूल गेम के लिए हुआ है। प्रतियोगिता इंदौर में 15 से 19 दिसंबर को आयोजित होगी। कराटे संघ के संरक्षक मिथलेश अग्रवाल, सुशील शाक्य, अध्यक्ष अंजुम दुबे, सचिव अवनीन्द्र कुमार, ठा0 सर्वेदर सिंह, सोनू ठाकुर, लालजी सक्सेना, सुमन राठौर, बबिता पाठक, मोनिका यादव ने शुभकामनाये दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

# भारतीय भाषा दिवस पर भारती मिश्रा को साहित्य सभा ने किया सम्मानित


कार्यक्रम में सम्मानित होती भारती मिश्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

साहित्य सभा, अवधी प्रकोष्ठ द्वारा भारतीय भाषा दिवस सुब्रमण्यम भारती के जन्मदिन दिवस के पर राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में अवधी समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पदमश्री विद्या बिन्दु सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी पवन सिंह चौहान, सर्वेश अस्थाना, कार्यक्रम आयोजक रामबहादुर मिश्रा आदि मंचासीन रहे। शुभारम्भ राम जी की वन्दना से हुआ। अवधी शोध ग्रन्थ का लोकार्पण हुआ। जनपद की राष्ट्रीय पुरस्कृत शिक्षिका व साहित्यकार हिन्दी साहित्य भारती, अन्तरराष्ट्रीय संस्था, केंद्रीय कार्यकारिणी की सदस्या भारती मिश्रा ने कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रचना पाठ किया तथा उन्हें अवधी शोध ग्रन्थ लेखक रामबहादुर मिश्रा द्वारा सम्मानित किया गया।

विद्या बिन्दु सिंह ने कहा अपनी भाषा के साथ-साथ अपनी वेशभूषा और भोजन का भी प्रचार प्रसार करना चाहिए। इस अवसर पर नेपाल से कृष्णा देवी, तिमिल सिन्हा, कनाडा से अनिल, अमिता पाण्डेय, अनीस देहाती, प्रमोद साधक, डॉ. सूर्य प्रसाद, नीरज शुक्ला, राज वर्मा आदि ने विचार व्यक्त किए।

# सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर निबंध प्रतियोगिता सम्पन्न


प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शिक्षा निदेशक लखनऊ के अनुपालन में जिला विद्यालय निरीक्षक ने लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर राजकीय जिला पुस्तकालय में 11 दिसम्बर गुरुवार को निबंध प्रतियोगिता में 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें तीन प्रतिभागियों ने सफला प्राप्त की। निर्णायक टीम में कॉपियों का मूल्यांकन के बाद विजेता घोषित किये गये। प्रथम स्थान निमिष कुमार, द्वितीय स्थान रागिनी, तृतीय स्थान पर अजय सिंह रहे।

पुस्तकालय अध्यक्ष रविन्द्र प्रताप सक्सेना व निर्णायक टीम में पंकज शुक्ला, सोनी कटियार, निधि त्रिवेदी, अनुपम लता, अंकित दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

# 77वें पीआरडी स्थापना दिवस पर परेड अभ्यास का हुआ आयोजन

**मोहम्मदाबाद समृद्धि न्यूज।**


परेड में भाग लेती महिला पीआरडी जवान

मोहम्मदबाद के मुड़गांव स्टेडियम में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में 77वें पीआरडी स्थापना दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। 5 दिसंबर से 10 दिसंबर तक पीआरडी जवानों द्वारा परेड का अभ्यास किया गया। जनपद के प्रत्येक विकासखंड से पीआरडी जवानों ने प्रतिभाग किया।

कुल 88 जवानों द्वारा परेड में प्रतिभाग किया गया। जिसमें एक महिला टोली ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया। 77वें पीआरडी स्थापना दिवस के मुख्य अतिथि विधायक भोजपुरी नागेंद्र सिंह राठौर एवं विशिष्ट अतिथि उमेश चंद्र तिवारी पूर्व महानिदेशक युवा कल्याण विभाग व अन्य अधिकारी रहे। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी मोहम्मदाबाद त्रिलोकचंद्र शर्मा एवं प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह एवं समस्त क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, अनुराग, जीतू, शुभम सिंह उपस्थित रहे। परेड का संचालन प्रथम परेड कमांडर सत्यपाल सिंह, द्वितीय परेड कमांडर प्रमोद कुमार, तृतीय परेड कमांडर शिवमंगल सिंह ने किया। टोली प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ के कमांडर सुमित सिंह, अश्वनी कुमार, संदीप कुमार, गोमती रहे। इस अवसर पर जवानों के बीच रस्साकसी एवं वॉलीबॉल तथा दौड़ प्रतियोगिता के विजेताओ को पुरुस्कार भी वितरण किये गए।

# अधिवक्ता दीपक कुमार सहित 88 परामदर्शदाताओं को दिया गया प्रमाण पत्र


दीपक कुमार को प्रमाण देती न्यायमूर्ति

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं फैमिली कोर्ट कमेटी द्वारा जेंडर सैनिटाइजेशन कार्यशाला का आयोजन न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान लखनऊ में आयोजन किया गया। जिसमें फर्रुखाबाद परिवार न्यायालय के परामर्श दाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों के परिवार न्यायालयों में कार्यरत परामर्शदाताओं के गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के लिए उच्च न्यायालय द्वारा वर्तमान चुनौतियों से निपटने के लिए परिवार न्यायालयों में आ रही परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुए जेंडर सैनिटाइजेशन कार्यशाला का दो दिवसीय आयोजन न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान लखनऊ में किया गया। जिसमें पहले दिन फर्रुखाबाद परिवार न्यायालय के दीपक कुमार, मनीष कुमार कश्यप सहित 88 परामर्शदाताओं ने भाग लिया। कार्यशाला के समापन के दौरान मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली उच्च न्यायालय इलाहावाद एवं फैमिली कोर्ट कमेटी चेयरपरसन संगीता चद्रा न्यायमूर्ति द्वारा प्रदत्त प्रणाम पत्र जेटीआरआई डायरेक्टर रेखा अग्निहोत्री द्वारा दिया गया।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व छात्राओं को किया गया जागरुक


महिलाओं को जागरुक करती पुलिस


छात्राओं को जागरुक करती महिला पुलिस कर्मी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों व ग्रामीण तथा महिलाओं व छात्राओं व बालिकाओं को जागरुक कर विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों व सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत गुरुवार को कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र में जाकर महिलाओं, बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा सरकारी हेल्प लाइन नंबरों के बारे में व सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। थाना शमसाबाद क्षेत्र में महिला सुरक्षा विशेष दल ने क्षेत्र में महिलाओं, बालिकाओं को जागरूक किया तथा सरकारी हेल्प लाइन नंबरों के बारे में व सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कोतवाली फर्रुखाबाद क्षेत्र में जाकर महिलाओं बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा सरकारी हेल्प लाइन नंबरों के बारे में व सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओ के बारे में जानकारी दी गई। वहीं थाना मेरापुर क्षेत्र में महिला सुरक्षा विशेष दल ने महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया व सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओ के बारे में जानकारी दी तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर, 112 आपातकालीन पुलिस सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, 181 वीमेन हेल्पलाइन नंबर, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर, 1090 वूमेन पावर लाइन नंबर, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, 101 अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जानकारी दी तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 के प्रयोग के बारे में बताया।

# अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा स्थापित करने के लिए चलेगा हस्ताक्षर अभियान

▸ निजी विवाद के चलते प्रतिमा कई सालों से स्थापित होने का कर रही है इंतजार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अमर शहीद वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा स्थापित करने के लिए दस लाख लोगों का हस्ताक्षर अभियान शुरु किया जायेगा। विक्रांत सिंह लोधी राना सरकार ने हस्ताक्षर अभियान को गति देने के लिए संगठन के राष्ट्रीय मंत्री पवन जोशी के साथ हस्ताक्षर अभियान चलाये जाने के लिए रणनीति बनायी है। पिछले कई सालों से वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा स्थापित होने के लिए इंतजार कर रही है, जो बघार स्थित विक्रांत सिंह राना सरकार के प्रतिष्ठान की छत पर खड़ी है। जिसके लिए उन्होंने अपनी भूमि देने की बात कही है। लोधी समाज के लोग भी चाहते है कि जनपद में वीरांगना अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा स्थापित हो। निजी विवाद के चलते प्रतिमा कई सालों से स्थापित होने का इंतजार कर रही है। जिसको चलते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत सिंह लोधी ने 10 लाख लोगों का हस्ताक्षर अभियान चलाये जाने का निर्णय लिया है। 10 लाख लोगों के हस्ताक्षर अभियान के बाद सभी की सहमति से बघार पुल के पास प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया जायेगा।

# 15-दिवसीय आयुर्वप्रवेशिका एवं संस्कार कार्यक्रम का हुआ समापन

मेडिकल कालेज में किया गया हवन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में आयुर्वप्रवेशिका एवं संस्कार कार्यक्रम के 15वें दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 11 दिसम्बर को आयुर्वप्रवेशिका (यूजी ट्रांजिशनल करिकुलम) तथा संस्कार (पीजी ओरिएंटेशन प्रोग्राम) का 15वाँ एवं अंतिम दिवस सम्पन्न हुआ। पूरे दिन चले समापन कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। दोनों कार्यक्रमों की शुरुआत धन्वंतरि प्रार्थना और विचार मंचन से हुई। जिसमें 2025 बैच के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इसके बाद यूजी एवं पीजी छात्रों के पोस्ट-टेस्ट और फीडबैक संग्रह की प्रक्रिया संपन्न हुई। यूजी कार्यक्रम में सुबह 9:45 बजे से व्हाइट कोट सेरेमनी, चरक शपथ तथा समूह फोटोग्राफी का आयोजन किया गया। संचालन कॉलेज की प्राचार्या डॉ0 नीतूश्री ने किया। विद्यार्थियों के लिए चिकित्सकीय जीवन की औपचारिक शुरुआत का प्रतीक रहा। 10:30 बजे से 1 बजे तक कॉलेज परिसर में हवन आयोजित किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों ने भाग लिया। पीजी छात्रों ने अपने ओरिएंटेशन के अंतिम दिन टैलेंट शो और टैलेंट एक्जिबिशन प्रस्तुत किया। जिससे नवप्रवेशी विद्यार्थियों में आत्मविश्वास व रचनात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। माइंडफुलनेस सत्र और समापन समारोह दोपहर 2 बजे कॉलेज की प्राचार्या डॉ0 नीतूश्री ने ध्यान पर चिंतन सत्र सम्पन्न हुआ। जिसमें जागरूकता, मानसिक संतुलन और पेशेवर जीवन में एकाग्रता बनाए रखने के उपायों पर चर्चा हुई। 2:30 बजे से सांस्कृतिक समिति द्वारा आयोजित विदाई समारोह में विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, सम्मान समारोह और धन्यवाद ज्ञापन शामिल रहा।

# तटबंध बनाने की मुहिम में अमृतपुर विधायक भी समर्थन में उतरे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


बैठक में मौजूद समिति के लोग व विधायक

ब्लाक राजेपुर के ग्राम सरह में तटबंध बनाओ जन संघर्ष समिति की बैठक आयोजित की गई। बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने आकर तटबंध बनाओ अभियान को अपना पूरा समर्थन दिया।

ग्रामीणों ने वादा किया कि जब तक तटबंध नहीं बनता है तब तक समर्थन जारी रहेगा। तटबंध बनाओ अभियान के तेजी पकड़ने से अमृतपुर के विधायक सुशील शाक्य भी पहुंचे और उन्होंने तटबंध बनाने के लिए चल रहे आंदोलन में अपना पूरा साथ देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मैं पूरी ताकत लगा दूंगा हर हाल में तटबंध बनेगा। विधायक सुशील शाक्य ने कहा की आप लोगों की जो ताकत है उसके आगे शासन और प्रशासन को तटबंध बनवाना पड़ेगा। उन्होंने जन संघर्ष समिति को इस कार्य के लिए धन्यवाद भी दिया। जन संघर्ष समिति के अध्यक्ष भईयन मिश्रा ने कहा कि आज इतनी बड़ी संख्या में उपस्थित लोग इस बात का संकेत हैं की जो मुहिम हम लोगों ने चलाई थी वह सफल हो रही है और जब तक तटबंध बनवाने की शुरुआत नहीं होगी तब तक हम लोगों का आंदोलन रुकने वाला नहीं है लगातार इस आवाज को दिन पर दिन बढ़ते जाना है। स्वर्ण सिंह कहा कि मैं अपना बहुत समय यहां पर व्यतीत किया है और मैंने देखा है की बाढ़ से पूरा क्षेत्र कितना प्रभावित होता है इस पूरे क्षेत्र को बचाने के लिए तटबंध बनना बहुत जरूरी है। कोमल पांडे ने कहा हमारा आपका संघर्ष ही तटबंध बनवाएगा। अधिवक्ता राजीव प्रताप सिंह उर्फ टिल्लू ने कहा कि जिस क्षेत्र में हर व्यक्ति बाढ़ की विभीषिका से लोग परेशान होते है, तटबंध हर हाल में बनकर रहेगा। अखिलेश तिवारी ने कहा कि जनता की ताकत है विधायक जनता के मंच पर आकर जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस लड़ाई को लड़ने की बात कर रहे हैं। इस मौके पर अनिल तिवारी, स्वदेश त्रिवेदी, अखिलेश सिंह तोमर, विनोद सिंह चौहान, राजीव वर्मा, विष्णु मिश्रा, श्यामू शुक्ला, शिव स्वरूप त्रिवेदी, लाल यादव, विकास अग्निहोत्री, नन्हे अग्निहोत्री, अमित मिश्रा, लाल राजपूत, राम बिहारी वाजपेई, विपिन तिवारी, अनूप मिश्रा, शरद अग्निहोत्री, प्रताप भान सिंह, करण शुक्ला, गोविंद त्रिवेदी, अनिल दीक्षित, लाल पांडे, दीपक त्रिवेदी, हरदत त्रिवेदी, ब्रह्मानंद मिश्रा, अमित कुशवाहा, अजय पाल सिंह, पंकज राठौर, मोहित खन्ना, शाहिद आदि लोग उपस्थित रहे।

# डिप्टी सीएम की दो-टूक : अवैध घुसपैठियों को किया जाए बाहर

**मतदाता सूची शुद्धिकरण पर सख्त निर्देश, विपक्ष पर भी बोला हमला**



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा के लिए पहुंचे उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने गुरुवार को जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों और पार्टी पदाधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए मतदाता सूची का शुद्धिकरण बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें केवल मतदाता सूची से हटाना ही नहीं, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर राज्य और देश से भी बाहर किया जाना चाहिए। राष्ट्रगान के साथ प्रारंभ हुई बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने उनके आगमन पर गर्मजोशी से स्वागत किया, जिसमें जिला अध्यक्ष सुनील सिंह, विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, विधायक शशांक वर्मा पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद मिश्रा, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष विनीत, ब्लॉक प्रमुख रामशंकर राज और महामंत्री आशू मिश्रा प्रमुख रूप से शामिल रहे।

डिप्टी सीएम श्री पाठक ने अभियान की गंभीरता समझाते हुए कहा कि मृतक मतदाताओं के नाम, दोहरे नाम, अवैध रूप से जुड़े नाम और स्थानांतरण के बाद भी दर्ज नामों की गहन जांच की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही, हेराफेरी या राजनीतिक दबाव को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पाठक ने विपक्ष पर भी तीखा प्रहार किया और कहा कि बिहार में स्क्रूटनी के दौरान 65 लाख गलत नाम हटाए गए, थे, तब किसी ने विरोध नहीं किया; लेकिन यूपी में पूरी पारदर्शिता के बावजूद विपक्ष जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि सपा शासनकाल में हत्या, लूट, डकैती, रेप, अवैध कब्जे और गुंडागर्दी जैसी घटनाएँ चरम पर थीं, जिससे जनता भय के माहौल में जीती थी, जबकि वर्तमान भाजपा सरकार ने कानून व्यवस्था को मजबूत करते हुए अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की है।

बैठक में डिप्टी सीएम ने भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर बिना किसी प्रकार के पक्षपात के अभियान को आगे बढ़ाएं, चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें और लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। इससे पहले डिप्टी सीएम पुलिस लाइन ग्राउंड पहुंचे, जहाँ डीएम, एसपी और दोनों विधायकों ने उनका स्वागत किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान संगठनात्मक सक्रियता, प्रशासनिक सख्ती और राजनीतिक उत्साह का माहौल दिखाई दिया।

## किशोरी के लापता होने पर ग्रामीणों का प्रदर्शन



**पुलिस चौकी के सामने सड़क जाम कर लगाए पुलिस मुर्दा बाद के नारे**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

लखीमपुर खीरी के नीमगांव थाना क्षेत्र की सिकंदराबाद पुलिस चौकी के सामने गुरूवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन एक किशोरी के पिछले दस दिनों से लापता होने और पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने के विरोध में किया गया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए पुलिस मुर्दाबाद के नारे लगाए।

परिजनों के अनुसार, चौकी क्षेत्र के एक गांव की किशोरी दस दिन पहले लापता हो गई थी। उन्होंने बताया कि वे लगातार पुलिस चौकी और नीमगांव थाने के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी बेटी का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। ग्रामीणों और किशोरी के परिजनों ने सिकंदराबाद-लखीमपुर मार्ग पर पुलिस चौकी के सामने सड़क पर बैठकर धरना प्रदर्शन करने लगे। आरोप है कि नीमगांव थाना अध्यक्ष और सिकंदराबाद पुलिस चौकी की लापरवाही के कारण मामले को संज्ञान नहीं लिया गया है। परिजनों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही किशोरी का पता नहीं लगाया गया और ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन के दौरान पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा और स्थिति को शांत कराने का प्रयास किया गया। नीमगांव थाना अध्यक्ष प्रवीण कुमार गौतम ने बताया कि मामला संज्ञान में है, जांच की जा रही है और अभी विधिक कार्यवाही प्रचलित है। परिजनों को समझा-बुझाकर मार्ग खुलवा दिया गया था और मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

## भीषण आग से झोपड़ी जलकर राख गांव में मचा हड़कंप


**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के निघासन तहसील थाना सिंगाही क्षेत्र के शीतलापुर गांव में अचानक लगी भीषण आग से एक परिवार का आशियाना पल भर में राख में बदल गया। आग लगने का कारण प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि प्रशासनिक टीम विस्तृत जांच में जुटी हुई है झोपड़ी में लगी अचानक आग, कुछ ही मिनटों में फैल गई लपटें

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह बृहस्पतिवार को संजय पुत्र महेश की झोपड़ी से धुआं उठता दिखाई दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और तेज हवाओं के चलते पूरी झोपड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेजी से उठीं कि लगभग 10-15 मिनट में पूरा ढांचा जलकर राख में तब्दील हो गया घरेलू सामान भी नष्ट, परिवार बेघर आग इतनी भयानक थी कि झोपड़ी में रखा सारा घरेलू सामान, कपड़े, बर्तन, खाने-पीने का सामान, अनाज और जरूरी कागजात सब कुछ जलकर राख हो गया। अचानक हुई इस दुर्घटना से पीड़ित परिवार बेघर हो गया है और गहरे सदमे में है। ग्रामीणों ने की कड़ी मशक्कत, फिर भी बचाया नहीं जा सका सामान आग लगते ही गांव के लोगों में हड़कंप मच गया। ग्रामीण बाल्टियों, डिब्बों और मोटरों के सहारे आग बुझाने में जुट गए। करीब आधा घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक झोपड़ी पूरी तरह जल चुकी थी सूचना पर प्रशासन मौके पर पहुंचा घटना की सूचना मिलते ही सिंगाही पुलिस व राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का निरीक्षण किया। प्रशासनिक अधिकारियों ने पीड़ित परिवार का हाल-चाल जाना और नुकसान का आकलन किया प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, लेकिन वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही होगी पीड़ित परिवार को राहत दिलाने की मांग गांव के ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता, राहत सामग्री और आवास योजना के तहत मदद दिलाने की मांग की है। फिलहाल प्रशासनिक टीम घटना की रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेज रही है ग्रामीणों में दहशत घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। लोगों ने कहा कि यदि आग पर समय रहते काबू न पाया जाता तो नुकसान और भी बड़ा हो सकता था।


## खबरें एक नजर में

### सड़क हादसे में मजदूर की मौत



**बिजुआ-खीरी, समृद्धि न्यूज।** फूलबेहड़ थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह करीब 7:30 बजे हुए सड़क हादसे में 37 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। भीरा-पलिया मार्ग पर जहानपुर सायफन के पास पैदल जा रहे विक्रम यादव को एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के मुताबिक, ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र के ग्राम गुजारा निवासी विक्रम यादव रोज की तरह सुबह मजदूरी के लिए घर से निकले थे। जैसे ही वह लखीमपुर-भीरा राज्यमार्ग स्थित जहानपुर सायफन के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि विक्रम यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी तत्काल पुलिस और परिजनों को दी। सूचना मिलते ही फूलबेहड़ थानाध्यक्ष संतोष कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। विक्रम की अचानक मौत से परिवार में मातम छा गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं ग्रामीण भी हादसे से गहरे सदमे में हैं। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

### पानी में डूबकर युवक की मौत



**निघासन-खीरी, समृद्धि न्यूज।** ग्राम बबुरी माजरा मुड़ा बुजुर्ग में बृहस्पतिवार की शाम को एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां 47 वर्षीय लाल परीक्षन पुत्र राजपति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार लाल परीक्षन किसी काम से घर से निकले थे। देर शाम तक घर न लौटने पर परिजन उनकी तलाश में निकले तो बबुरी तिराहे के पास बनी पुलिया के किनारे पानी में उनका शव पड़ा मिला। ग्रामीणों के मुताबिक पुलिया के पास काफी पानी भरा हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि फिसलन या पैर फिसलने के कारण वह पानी में गिर पड़े और डूबने से उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव के लोग मौके पर जुट गए। सूचना पर स्थानीय पुलिस भी पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अचानक हुई इस घटना से गांव में शोक व्याप्त है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### जुआ खेलते चार गिरफ्तार, एक फरार



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** थाना खीरी पुलिस टीम ने ग्राम मल्हपुर स्थित गन्ने के खेत में चल रहे जुआ-जुआरी गतिविधि पर छापेमारी करते हुए चार आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक आरोपी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया। फरार आरोपी की तलाश के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अभय गौरव पुत्र रामहेत निवासी मरखापुर; सुभाष कुमार पुत्र विष्णुलाल निवासी मरखापुर; सर्वेश कुमार पुत्र रामप्रसाद निवासी मल्हपुर; और देवेन्द्र कुमार पुत्र रामस्वरूप निवासी मल्हपुर शामिल हैं। पुलिस ने मौके से 52 ताश के पत्ते (सील सर्व मोहर), ?9200 रुपये माल फड़ तथा जामातलाशी में 7200 रुपये, कुल 16400 रुपये नकद बरामद किए। चारों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा संख्या 0873/25, धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रचलित है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।


### मैलानी पुलिस ने हत्थे चढ़ा अभियुक्त




**मैलानी खीरी, समृद्धि न्यूज।** मैलानी पुलिस ने विभिन्न संगीन धाराओं में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार, थाना मैलानी क्षेत्र में दर्ज मुकदमा में वांछित अभियुक्त अभिषेक निगम (अंशु) पुत्र अमरनाथ निगम निवासी वार्ड नं. 7 मैलानी लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया अभियुक्त लगभग 32 वर्ष का बताया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 हिमांशु सिंह, का0 दिनेश कुमार द्वितीय,का0 विशाल चौधरी, थाना मैलानी शामिल थे। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार मौर्य ने बताया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इसी प्रकार के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज।** रोडवेज बस एवं बाइक की टक्कर हो जाने से बाइक चालक घायल हो गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुरवल निवासी रामकरण सिंह का 22 वर्षीय पुत्र आदित्य अपनी बाइक से किसी काम से बबेरू आ रहा था कि जैसे ही गांव के मुरवल चौराहा के पास पहुंचा कि अचानक सामने से रोडवेज बस आ गई और दोनों भिड़ गए जिसमें बाइक सवार आदित्य कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।



### पीआरडी स्थापना दिवस के अवसर पर परेड का आयोजन

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में 77वें पी0आर0डी0 स्थापना दिवस के आयोजन पर पी0आर0डी स्वयंसेवकों द्वारा पुलिस लाइन बांदा में विभागीय निर्देशानुसार कार्यक्रम में परेड का आयोजन किया गया। परेड में जनपद बांदा के समस्त विकास खण्डों से सम्मिलित पीआरडी स्वयंसेवकों की परेड में टोली नं0-02 प्रथम, टोली नं0-01 द्वितीय, एवं टोली नं0-03 तृतीय स्थान पर रही मुख्य अतिथि शिवराज (अपर पुलिस अधीक्षक) बांदा द्वारा मान-प्रणाम स्वीकार किया गया तथा विजेता टोलियों एवं खेलकूद की विधा रस्सा-कस्सी, वॉलीबाल विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि द्वारा सभी पी0आर0डी स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया गया तथा डयूटी के प्रति सदैव कर्तव्यनिष्ठ एवं अनुशासन में रहने की प्रेरणा दी गयी। इस अवसर पर बेलास यादव (प्रतिसार निरीक्षक) पुलिस लाईन बांदा, जितेन्द्र कुमार प्रजापति (क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी विकास खण्ड-महुआ), सतीश कुमार, (क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी विकास खण्ड-बबेरू), अरूण कुमार द्विवेदी (आई0टी0आई0) एवं पी0टी0आई0 ओमप्रकाश यादव, संजय मिश्रा, श्रीमती तारकेश्वरी मुखर्जी, शिवदत्त द्विवेदी, उमेश कुमार चक्रवर्ती आदि उपस्थित रहे।

## मेला महोत्सव के पांचवे दिवस पर मनु-सतरूपा एवं रावण जन्म की लीला का दिव्य मंचन



**मैगलगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।** कस्बा स्थित आर्मी ग्राउंड में आयोजित भव्य मेला महोत्सव के पाँचवे दिवस पर धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक समृद्धि का अनुपम संगम देखने को मिला। मंच पर मनु-सतरूपा की उत्पत्ति तथा रावण जन्म की लीला का मनोहारी एवं जीवंत मंचन प्रस्तुत किया गया, जिसने दर्शकों को आध्यात्मिक भाव से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में स्वामी कन्हैया लाल दत्तात्रेय जी ने अपने पावन मुखारविंद से दिव्य कथा का सुनापन किया। उनकी मधुर वाणी और भावपूर्ण कथाओं ने वातावरण को भक्तिमय कर दिया। कथा श्रवण हेतु क्षेत्रभर से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुँचे। हजारों की संख्या में माताएँ, बहनें, युवा तथा बुजुर्ग श्रद्धालुओं ने मन लगाकर कथा का आनंद लिया मेला आयोजन समिति के प्रमुख रानू बाजपेई तथा संरक्षक कमल बिहारी गुप्ता सहित अनेक गणमान्यजन कार्यक्रम में उपस्थित रहे और उन्होंने व्यवस्थाओं की सराहना की। बढ़ती भीड़ और उत्साह को देखते हुए समिति ने श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधाएँ भी उपलब्ध कराईं आयोजनकर्ताओं के अनुसार कल राम जन्म का भव्य मंचन किया जाएगा, जिसके लिए तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। इस विशेष प्रस्तुति को देखने के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह चरम पर है।

## नंदीश्वर बाबा स्थान पर रामलीला महोत्सव में कबड्डी का जादू

**जूनियर व सीनियर वर्ग में खिलाड़ियों ने दिखाया दम**

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**



नंदीश्वर बाबा स्थान पर चल रहे श्रीरामलीला महोत्सव में कबड्डी प्रतियोगिता का रोमांच चरम पर रहा। जूनियर और सीनियर दोनों वर्गों के मुकाबलों में खिलाड़ियों ने जबरदस्त फुर्ती, ताकत और रणनीति का प्रदर्शन किया। मैदान में जुटी भीड़ हर अंक पर तालियों और नारों से खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाती रही। जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय दरेरी की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान अपने नाम किया। टीम ने शुरू से ही बढ़त बनाए रखी और फाइनल तक मजबूत पकड़ बनाई। सोभारानी माध्यमिक विद्यालय ने दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि जिला पंचायत इंटर कॉलेज तीसरे स्थान पर रहा। तीनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार जज्बा और तालमेल दिखाते हुए दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। सीनियर वर्ग में सोभारानी स्कूल का कब्जा, इंडियन पब्लिक स्कूल रहा दूसरे स्थान पर

सीनियर वर्ग के मुकाबले भी बेहद रोमांचक रहे। सोभारानी स्कूल की टीम ने आक्रामक खेल और मजबूत डिफेंस के बल पर पहला स्थान प्राप्त किया। इंडियन पब्लिक स्कूल की टीम ने कड़ी टक्कर देते हुए दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि सरस्वती विद्या मंदिर तीसरे स्थान पर रहा।

प्रतियोगिता के समापन पर जिला पंचायत सदस्य भूपेंद्र मौर्य, मेला अध्यक्ष दयाशंकर मौर्य और कार्यक्रम अध्यक्ष आशीष कनौजिया ने विजेता व प्रतिभागी खिलाड़ियों को मेडल और ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों के खेल कौशल की प्रशंसा करते हुए कहा कि खेल न सिर्फ शारीरिक क्षमता बढ़ाते हैं बल्कि अनुशासन और टीम भावना भी विकसित करते हैं। कार्यक्रम में मौजूद दर्शकों ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी शिक्षकों, प्रशिक्षकों और आयोजकों की सराहना की। नंदीश्वर बाबा स्थान पर रामलीला महोत्सव के साथ खेलकूद कार्यक्रमों का यह समन्वय क्षेत्र में उत्साह और उत्सव का माहौल बनाए हुए है।

## देश में रोहिंग्या व बांग्लादेशियों का कोई काम नहीं : कमलावती



**बाँदा, समृद्धि न्यूज।** जिले में चल रहे मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान का भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह ने विधानसभा नरैनी, बबेरू, तिंदवारी व बाँदा के लगभग दो दर्जन बूथों की समीक्षा की तथा अच्छा कार्य करने वाले बी एल ओ को सम्मानित किया स इस अवसर पर आयोजित कार्यशाला में उन्होंने कहा कि एस आई आर अभियान से केवल भारतीय लोग ही मतदाता सूची में रहेंगे देश में रोहिंग्या व बांग्लादेशियों का कोई काम नहीं है।

उन्होंने कहा कि किसी भी बाहरी का नाम मतदाता सूची में न रहना चाहिए स जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की मजबूती का मूल आधार है लोकतंत्र को पारदर्शी, शुद्ध और पवित्र मतदाता सूची बनाने का आधार है स उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में अब घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं है।

सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि एस आई आर का लक्ष्य सिर्फ मतदाता सूची शुद्धिकरण नहीं है वल्कि अपात्रों को सूची से बाहर करना भी है स जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि एस आई आर एक लोकतान्त्रिक एवं संबैधानिक प्रक्रिया है का महत्वपूर्ण हिस्सा है सभी कार्यकर्त्ता इस अभियान में शत प्रतिशत योगदान हेतु संकल्पित हैँ। बैठक में प्रांतीय परिषद सदस्य विनोद जैन, एस आई आर के जिला संयोजक उत्तम सक्सेना, जिला महामंत्री अखिलेश दीक्षित, जाग्रति वर्मा, संतू गुप्ता, राजेश गुप्ता रज्जन, राजेश गुप्ता, राकेश बाल्मीकि, पंकज रायकवार, निखिल सक्सेना, शैलेन्द्र जायसवाल, अनीता शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## आरटीओ ने परिवहन टीम के साथ वाहनों में लगवाए रिफ्लेक्टर

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



आगामी शीत ऋतु के दृष्टिगत घने कोहरे में दृश्यता कम होने के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव हेतु सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) चित्रकूटधाम सम्भाग, बाँदा के नेतृत्व में परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा कालु कुँआ मण्डी समिति बाँदा पहुँचकर मण्डी में आने वाले 32 ट्रैक्टर ट्रालियों में रिफ्लेक्टर लगाया गया एवं आज प्राइवेट बस स्टैण्ड बाँदा में उपस्थित व्यवसायिक वाहन चालको को सड़क सुरक्षा यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा बसों में रिफ्लेक्टिव टेप लगाये गये।

आरटीओ उदयवीर सिंह के द्वारा सभी वाहन आपरेटरों से अपील की गई की कोई भी वाहन जिसका परमिट,फिटनेस,बीमा के साथ-साथ सभी वैध दस्तावेजों के साथ संचालन करना सुनिश्चित करें अन्यथा पकड़े जाने पर आवश्यक/कानूनी कार्यवाही की जाएगी इस बात का विशेष ध्यान दें। बिना फिटनेस एवं परमिट के किसी भी वाहनों का संचालन ना किया जाए। इस अवसर पर उदयवीर सिंह, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), श्यामलाल, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी बाँदा, राम सुमेर यादव, यात्री कर अधिकारी (प्रथम) बाँदा व वीरेन्द्र नाथ राजभर, यात्रीकर अधिकारी (द्वितीय) बाँदा, संजय सिंह यातायात निरीक्षक, पीयूष मिश्र मण्डलीय मास्टर ट्रेनर एवं बस,ट्रक यूनियन के अध्यक्ष संतोष पटेल व मंत्री मयंक गुप्ता तथा रोटी बैंक एनजीओ के संगठन मंत्री(जिला सड़क सुरक्षा समन्वयक समिति सदस्य) सुनील सक्सेना द्वारा वाहन चालकों। स्वामियों को सुरक्षित यात्रा हेतु यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया।

## खप्टिहाकला खदान से निकल रहे ओवरलोड ट्रक

**केन नदी में 56/2 के खदान के ओवरलोड ट्रकों की धमाचौकड़ी जारी**



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** पैलानी तहसील अंतर्गत खप्टिहाकला की केन नदी में 56/2 के खदान के ठेकेदारों द्वारा अभी महज दस दिन ही बीते हुए ओवरलोड ट्रकों की धमाचौकड़ी शुरू हो गई है ओवरलोड ट्रक के चलने से जहां एक ओर सड़के ध्वस्त हो रही है वहीं दूसरी ओर ग्रामीणो में रामराज, पप्पू, राकेश कुमार, संतोष कुमार,मंजू आदि ने तहसील प्रशासन से ओवरलोड ट्रकों पर अंकुश लगाए जाने को लेकर मांग की है। अभी करीब एक सप्ताह पहले खप्टिहाकला के मोरंग ठेकेदारों द्वारा केन नदी के दोनों छोरों को बांधकर पुल का निर्माण कर लिया था जिसको लेकर मौके पर पहुंचे खनिज निरीक्षक गौरव गुप्ता व नायब तहसीलदार पैलानी मुहम्मद मुस्तकीम ने पुल को पोकलेन मशीन से तोडकर समतल कर दिया था। अब ठेकेदारों द्वारा ओवरलोड ट्रक निकालकर शासन प्रशासन को खुली चुनौती दे रहा है। इस संबंध में जब तहसीलदार पैलानी राधेश्याम सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जल्द ही ओवरलोड ट्रकों पर कार्यवाही की जाएगी।

– पैलानी तहसील अंतर्गत खप्टिहाकला की केन नदी में 56/2 के खदान के ठेकेदारों द्वारा अभी महज दस दिन ही बीते हुए ओवरलोड ट्रकों की धमाचौकड़ी शुरू हो गई है ओवरलोड ट्रक के चलने से जहां एक ओर सड़के ध्वस्त हो रही है वहीं दूसरी ओर ग्रामीणो में मुकेश कुमार, रामकुमार,बरदानी रामराज, पप्पू, राकेश कुमार, संतोष कुमार,मंजू आदि ने तहसील प्रशासन से ओवरलोड ट्रकों पर अंकुश लगाए जाने को लेकर मांग की है। अभी करीब एक सप्ताह पहले खप्टिहाकला के मोरंग ठेकेदारों द्वारा केन नदी के दोनों छोरों को बांधकर पुल का निर्माण कर लिया था जिसको लेकर दैनिक अखबारों ने व्यापक खबर लिखकर मौके पर पहुंचे खनिज निरीक्षक गौरव गुप्ता व नायब तहसीलदार पैलानी मुहम्मद मुस्तकीम ने पुल को पोकलेन मशीन से तोडकर समतल कर दिया था। अब ठेकेदारों द्वारा ओवरलोड ट्रक निकालकर शासन प्रशासन को खुली चुनौती दे रहा है। इस संबंध में जब तहसीलदार पैलानी राधेश्याम सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जल्द ही ओवरलोड ट्रकों पर कार्यवाही की जाएगी।

## यातायात जागरुकता कार्यक्रम में नियमों का पढ़ाया पाठ

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



अपर पुलिस अधीक्षक बांदा की अध्यक्षता में थाना कोतवाली नगर क्षेत्र कालवन गंज चौकी स्थित झंडा चौराहे में भगवती प्रसाद ओमर वैश्य बालिका इण्टर कॉलेज की छात्राओं द्वारा गीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया छात्राओं ने उपस्थित सभी को सीट बेल्ट, हेलमेट एवं यातायात नियमों का पालन करने के लिए नुक्कड़ नाटक एवं गीत के माध्यम से जागरूक किया यातायात सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अन्तर्गत छात्राओं को यातायात नियमों के साथ-साथ साइबर अपराधों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर किया गया जागरुक ।

पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में यातायात सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज की अध्यक्षता में, प्रतिज्ञा सिंह सी0ओ0 यातायात के नेतृत्व मे झंडा चौराहे में में एक व्यापक यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर उपस्थित छात्राओं, शिक्षकाओ, राहगीरों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा,साइबर अपराधों से बचाव आदि के साथ-साथ सम्बन्धित विभिन्न कानूनों एवं सहायता नम्बरों आदि बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करते हुए वर्तमान में आधुनिक तरीकों से होने वाले साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिज्ञा सिंह सी0ओ0 यातायात,मंडलीय मास्टर ट्रेनर पीयूष मिश्रा,यातायात प्रभारी संजय मिश्रा, सदस्य जिला सड़क सुरक्षा समन्वयक समिति सुनील सक्सेना आदि ने यातायात सुरक्षा संबंधी जागरूकता के विषय में अपने अपने विचार मंच के माध्यम से व्यक्त किए। कार्यक्रम में नाटक, गीत में कु0 अंजली प्रजापति,कु0 वैष्णवी गुप्ता,विधी गुप्ता, अवतिका गुप्ता,नैन्शी कोष्ठा, अंजली प्रजापति, गीतांजलि, लक्ष्मी पाण्डेय, तृषा सोनी,नैन्सी कोष्ठा, श्रद्धा गुप्ता, अराधना, माही गुप्ता, संस्कृति सोनी,श्रद्धा गुप्ता शिक्षक एवं शिक्षिकाये, निर्मला कुमारी (प्रधानाचार्या जी), भगवती प्रसाद ओमर वैश्य बालिका इण्टर कॉलेज, अरुणा श्रीवास्तव, सीता सिंह राजपुत, स्मिता द्विवेदी, मेनका जाटव सुप्रभा, रामदुलारी, निशा, संगम सिंह, समता सिंह, जितेन्द्र श्रीवास्तव, अभिषेक कुमार यातायात सिपाही सर्वेश कुमार, कृष्ण प्रताप, ओम प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

## मेला महोत्सव की सभी व्यवस्थाएं समय से हों पूर्ण : सीडीओ



**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

आगामी 15, 16 एवं 17 दिसंबर 2025 को नियर टोला कला विकासखंड बबेरू स्थित पौराणिक मोनी बाबा धाम में मेला महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा हेतु आज मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडे की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बैठक संपन्न हुई।बैठक में मनरेगा, श्रम, रोजगार, जिला अर्थ एवं संख्या, क्षेत्रीय पर्यटन , सूचना विभाग, अधिशासी अभियंता जल संस्थान, उपनिदेशक कृषि, पंचायती राज, परियोजना प्रबंधक, जिला पंचायत, जिला प्रादेशिक युवा कल्याण, एवं अधिशासी अभियंता लोक निर्माणखंड सहित संबंधित सभी विभागों के प्रमुख अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मेला महोत्सव की सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं।मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि वे आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि मेला सफल एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हो सके। मेले में आए हुए दर्शनार्थीयो को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी अवगत कराया है कि सभी विभागों द्वारा लाभार्थी परक योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाए जा रहे हैं। स्टाल में जाकर शासन की लाभार्थी परक योजनाओं की जानकारी ले सकेंगे।